RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 142
नई दिल्ली, बुधवार, 29 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिंधु विश्व रैंकिंग में शीर्ष दस से बाहर

स्पोर्ट्स-12

# अतीक को चार दशक में पहली सजा

● उमेश पाल अपहरण कांड में माफिया समेत तीन दोषियों को उम्रकैद

● 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद है अतीक अहमद

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज, लखनऊ

**प्रयागराज** की एक विशेष अदालत ने पूर्व विधायक राजूपाल हत्याकांड मामले के प्रमुख गवाह रहे उमेश पाल के अपहरण के करीब 17 साल पुराने मामले में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद समेत तीन आरोपियों को मंगलवार को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास और एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। अतीक उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद है। उसे पहली बार किसी मामले में सजा सुनाई गई है।

अतीक अहमद ने खुद को मिली सजा के बारे में कहा कि वह अदालत के इस निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती देगा। जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि प्रयागराज की सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत के न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला ने वर्ष 2006 में हुए उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद और दिनेश पासी को भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 323।149, 341, 342, 504, 506 (2) के तहत दोषी करार दिया, जबकि खान शौलत उर्फ हनीफ को 364।120 बी के तहत दोषी करार दिया। अग्रहरि ने बताया कि अदालत ने तीनों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह रकम उमेश पाल के परिजन को दी जाएगी। अदालत ने अहमद के भाई अशरफ (शेष पेज 9)



आतीक अहमद (फाइल चित्र)

## अतीक साबरमती जेल के लिए रवाना, अशरफ को बरेली भेजा

**प्रयागराज।** सांसद-विधायक अदालत ने मंगलवार को कथित माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद को अपहरण के एक मामले में सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उसे वापस साबरमती केंद्रीय कारागार (सेंट्रल जेल) के लिए शाम को रवाना कर दिया गया। जबकि इसी मामले में दोषमुक्त उसके भाई पूर्व विधायक अशरफ को बरेली जेल वापस भेज दिया गया। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अहमद को सांसद-विधायक अदालत में सुनवाई के लिए साबरमती जेल से सड़क मार्ग से लाया गया था। सुनवाई से पहले उसको प्रयागराज के नैनी केंद्रीय कारागार में रखा गया था। नैनी जेल के वरिष्ठ (शेष पेज 9)

## उमेश के परिवार ने की फांसी की मांग

**प्रयागराज।** उमेश पाल की मां शांति देवी ने संवाददाताओं से बातचीत में अपने बेटे के अपहरण के मामले में अहमद समेत तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने पर कहा कि उन्हें अदालत पर पूरा भरोसा था। मगर अहमद जेल में रहकर भी कुछ भी करा सकता है, इसलिए वह अदालत ने निवेदन करती हैं कि उनके बेटे की हत्या के मामले में अहमद को फांसी की सजा सुनाई जाए। उन्होंने कहा, मेरा बेटा शेर की तरह लड़ा। वह इस मामले में अपने फैसले का इंतजार कर रहा था। उसका मामला तय हो गया था। उसको उम्मीद थी कि अतीक को सजा मिलेगी। मगर अतीक अहमद ने जेल में रहते हुए अपने लोगों से मेरे बेटे की हत्या करा दी, इसलिए (अदालत से) मेरा निवेदन है कि उसे फांसी की सजा सुनाई जाए। उमेश की पत्नी जया ने कहा, मैं अदालत के फैसले का विरोध नहीं करूंगी। लेकिन मैं अब मुख्यमंत्री से निवेदन करूंगी कि मेरे साथ कोई लड़ने वाला नहीं है। वह हमारा ख्याल रखें।

## माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगीः एडीजी



● अब तक चिन्हित माफियाओं की 2827 करोड़ की संपत्ति की जा चुकी है जब्त या ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माफिया** सरगना अतीक अहमद और उसके दो साथियों को प्रयागराज में उमेश पाल अपहरण कांड में आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा के बाद प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक पुलिस कर्मी और अधिकारी माफियाओं के आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त करने का जो यज्ञ चल रहा है उसमें अपनी आहुति देगा। एडीजी ने कहा कि हम सुनिश्चित कराएंगे कि कोई भी माफिया और उसके द्वारा स्थापित आर्थिक साम्राज्य को पूरी तरह से ध्वस्त किया जाए। आने वाले समय में हम हर माफिया को सजा दिलाने और उसे कानून के सामने पूरी तरह से एक्सपोज करने की प्रतिज्ञा ले रखी है। आने वाले समय में ऐसे और भी दुर्दांत माफियाओं के खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी रहेगी। एडीजी ने कहा कि यूपी पुलिस ने विश्वास दिलाया है कि अपराध और अपराधियों के प्रति उसकी जीरो टालरेंस की नीति है। सभी माफियाओं के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अपराधियों के और माफियाओं के चिन्हिकरण में न कोई क्षेत्र, कोई जाति और न कोई धर्म का ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी माफियाओं का चिन्हिकरण किया गया है। मुख्यालय स्तर पर ऐसे 66 माफियाओं के खिलाफ जो कार्रवाईयां की जाती हैं उसका अनुश्रवण खुद एंटी माफिया टॉस्क फोर्स के प्रमुख द्वारा किया जाता है। पिछले कुछ दिनों में जो यूपी पुलिस ने कार्रवाईयां की हैं उनमें अब तक जो माफिया (शेष पेज 9)

# भाजपा जीतती जाएगी, विपक्ष के हमले बढ़ते जाएंगे : मोदी



● भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले पीएम, अभी और निचले स्तर पर जाकर तीव्र होंगे हमले

● विरोधी शक्तियां किसी भी तरह छीन लेना चाहती हैं भारत से विकास का एक कालखंड


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले विपक्षी दलों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आड़े हाथ लिया है। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक में कहा कि सत्तारूढ़ दल चुनावों में जितनी जीत हासिल करता जाएगा, उतना ही उसे निशाना बनाया जाएगा। हाल में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा संसदीय दल की पहली बैठक में उन्होंने कहा कि पार्टी को अभी और अधिक तीव्र तथा निचले स्तर के हमलों का सामना करना पड़ेगा।

बैठक में उन्होंने सांसदों से 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को बीआर आंबेडकर जयंती के बीच की अवधि को सामाजिक न्याय के लिए समर्पित करने को कहा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संवाददाताओं को बताया कि मोदी ने पार्टी सांसदों से राजग सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में 15 मई से एक महीने तक विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने को कहा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पार्टी नेताओं का आह्वान किया कि धरती माता के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि धरती मां, जिसने वृक्षों, अनाज और अन्य उत्पादों से मानवता को पोषित किया है, वह अपने अंदर विष भर रहे रसायनों से मुक्त होने के लिए पुकार रही है।

विपक्षी दलों के लगातार हो रहे प्रदर्शनों का परोक्ष उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने गुजरात चुनाव के दौरान कहा था कि भाजपा और चुनाव जीतती जाएगी और ये विरोध प्रदर्शन और तीव्र होते जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी को और अधिक तीव्र तथा निचले स्तर के हमलों का सामना करना पड़ेगा। पार्टी को और अधिक तीव्र तथा निचले स्तर के हमलों का सामना करना पड़ेगा। हाल में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा संसदीय दल (शेष पेज 9)

## अष्टम महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

**नवरात्र** में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। 4 भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बांए हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी वजह से इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कांतिमय बना दिया।

# दिल्ली में बिना पगड़ी दिखा अमृतपाल



● सोशल मीडिया पर सहयोगी पपलप्रीत सिंह के साथ सीसीटीवी फुटेज हुई वायरल, हालांकि यह कब की है, आधिकारिक पुष्टि नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/चंडीगढ़

**भगोड़े** कट्टरपंथी नेता अमृतपाल सिंह का एक नया वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह अपने प्रमुख सहयोगी पपलप्रीत सिंह के साथ दिख रहा है।

वीडियो में अमृतपाल सिंह बिना पगड़ी के है और मास्क के साथ-साथ आंखों पर चश्मा पहने हुए है। इस सीसीटीवी फुटेज पर कोई तिथि नहीं है। हालांकि यह दिल्ली के एक बाजार का बताया जा रहा है। वीडियो में भगोड़ा अमृतपाल काला चश्मा पहने सड़क पर चलते हुए दिख रहा है, जबकि पपलप्रीत सिंह एक बैग के साथ उसके पीछे चलते दिख रहा है। इस नए फुटेज पर पंजाब पुलिस की ओर से (शेष पेज 9)

### जल्द पकड़ा जाएगा कट्टरपंथी नेताः पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में कहा कि खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इस संबंध में कई एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पंजाब के महाधिवक्ता विनोद घई ने बताया कि अमृतपाल को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस ने 18 मार्च को पंजाब में अमृतपाल और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी और अमृतपाल उसके बाद से लापता है। सरकार ने उसे भगोड़ा घोषित किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि उन्होंने (शेष पेज 9)

### फिलीपीन में सिख कट्टरपंथी संगठन के तीन संदिग्ध गिरफ्तार

**सिंगापुर (एजेंसी)।** फिलीपीन सरकार की एजेंसियों ने इस महीने एक संयुक्त अभियान के तहत इंटरपोल की रेड नोटिस वॉचलिस्ट में शामिल एक सिख कट्टरपंथी संगठन के तीन संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एंड कोऑर्डिनेटिंग सेंटर (सीआईसीसी) के कार्यकारी निदेशक अलेक्जेंडर रामोस ने सोमवार को बताया कि फिलीपीन ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन, सीआईसीसी और मिलिट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के अधिकारियों ने एक संयुक्त अभियान के दौरान मध्य फिलीपीन के शहर इलोइलो से सिख कट्टरपंथी संगठन (शेष पेज 9)

## स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकती है कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला के कथित पक्षपात को लेकर कांग्रेस उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए अन्य विपक्षी दलों के साथ बातचीत कर रही है। हालांकि, कुछ दलों ने यह कहते हुए इस कदम का विरोध किया है कि इससे विपक्षी एकता को नुकसान पहुंच सकता है। राहुल और अडाणी के मुद्दे पर दोनों सदनों में मंगलवार को भी भारी हंगामा हुआ। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रस्ताव लाने का विचार मंगलवार सुबह पार्टी सांसदों की बैठक में रखा गया और कांग्रेस नेता अब इस पर अन्य दलों के नेताओं से बात कर रहे हैं। इस प्रस्ताव को सोमवार को लोकसभा में लाए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री के सरनेम वाली टिप्पणी के लिए मानहानि के मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को दोषी ठहराए जाने के कुछ ही घंटों के भीतर, उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित किया गया (शेष पेज 9)

# सावरकर पर घिरे राहुल गांधी पवार की कांग्रेस को नसीहत



● पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने भी कहा- सावरकर के अतुलनीय बलिदान से अनजान लोग कर रहे उनका नाम धूमिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सावरकर** पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी घिरते जा रहे हैं। शिवसेना के दोनों धड़ों ने जहां इसे अपमानजनक बताया वहीं मंगलवार को एमवीए के महत्वपूर्ण घटक एनसीपी के प्रमुख शरद पवार ने कांग्रेस को नसीहत दी है। पवार ने कहा कि सावरकर को लेकर कांग्रेस को अपना रुख नरम रखना चाहिए।

वहीं, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने कहा कि सावरकर के अतुलनीय बलिदान से अनजान लोग उनके नाम को धूमिल कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा वीडी सावरकर की तीखी आलोचना करने को लेकर महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में तनाव के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने हस्तक्षेप करके कांग्रेस नेतृत्व को इस मुद्दे पर शिवसेना की चिंताओं से अवगत कराया है।

बैठक में शामिल दो नेताओं ने एजेंसी को बताया कि पवार ने सोमवार को खरगे द्वारा बुलाई गई विपक्षी नेताओं की बैठक के दौरान यह मुद्दा उठाया और स्पष्ट किया कि सावरकर को निशाना बनाने से एमवीए को कोई लाभ नहीं होगा। बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी मौजूद थे। पवार ने राहुल गांधी को यह भी बताया कि सावरकर कभी भी आरएसएस के सदस्य नहीं थे और इस बात को (शेष पेज 9)

## ओबीसी को लेकर राहुल पर और आक्रामक हुई भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मोदी** उपनाम टिप्पणी को पिछड़ों के अपमान से जोड़ते हुए भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चौतरफा घेरेबंदी शुरू कर दी है। पार्टी के सांसदों ने मंगलवार को संसद परिसर से विजय चौक तक मार्च निकाला और उनसे माफी की मांग की। इनमें अधिकांश सांसद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के थे। इसके अलावा, पार्टी के ओबीसी मोर्चे ने इस मुद्दे को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ 6 से 14 अप्रैल तक व्यापक अभियान चलाने का ऐलान किया है। मालूम हो कि सूरत की एक अदालत ने पिछले सप्ताह गांधी को मोदी उपनाम वाली उनकी टिप्पणी के लिए आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराया था और इस मामले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई है। हालांकि उन्हें फौरन ही जमानत मिल गई, लेकिन इस मुद्दे को भाजपा आक्रामक होकर उठा रही है। ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष के लक्ष्मण ने यहां संवाददाताओं से (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,613 | ↓ 40 | |
| निफ्टी | 16,951 | ↓ 34 | |
| सोना | 58,750 | ↓ 230 | /10g |
| चांदी | 69,700 | ↓ 380 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पैन को आधार से जोड़ने की तारीख 30 जून हुई

**नई दिल्ली।** सरकार ने स्थाई खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने की समयसीमा तीन महीने बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दी है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इससे करदाताओं को इस प्रक्रिया के लिए कुछ और समय मिल सकेगा। पहले इसकी समयसीमा 31 मार्च थी। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि कोई भी व्यक्ति संबंधित प्राधिकरण को आधार से पैन जोड़ने के लिए अपनी आधार संख्या की जानकारी दे सकेगा। आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कोई भी व्यक्ति जिसे एक जुलाई, 2017 तक पैन आवंटित किया गया है और वह आधार नंबर पाने का पात्र है, उसे संबंधित प्राधिकरण को तय शुल्क के भुगतान के साथ 31 मार्च, 2023 तक अपने आधार नंबर की जानकारी देने की जरूरत होगी। ऐसा नहीं करने पर एक अप्रैल, 2023 से उन पर जुर्माना लग सकता है।

# ईपीएफओ ने कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज दर 8.15% हुई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को अपनी बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 2022-23 के लिए ब्याज दर मामूली रूप से बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। ईपीएफओ अपने छह करोड़ से अधिक अंशधारकों के ईपीएफ पर 2021-22 के लिए ब्याज दर को घटाकर मार्च, 2022 में चार दशक से भी अधिक समय के निचले स्तर 8.10 प्रतिशत पर ले आया था।

यह दर 1977-78 के बाद से सबसे कम थी, तब ईपीएफ पर ब्याज दर आठ प्रतिशत हुआ करती थी। 2020-21 में यह दर 8.5 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय एवं केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता वाले केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने 2022-23 के लिए सदस्यों के ईपीएफ जमा पर वार्षिक 8.15 प्रतिशत की दर से ब्याज देने का निर्णय लिया है। मार्च, 2021 में सीबीटी ने 2020-21 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को 8.5 प्रतिशत कर दिया था। अब सीबीटी के निर्णय के बाद, 2022-23 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर की जानकारी वित्त मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेजी जाएगी।

सरकार की मंजूरी मिलने के बाद 2022-23 के लिए ईपीएफ पर ब्याज ईपीएफओ अंशधारकों के खातों में डाल दिया जाएगा। बयान के मुताबिक यह ब्याज दर और 663.91 करोड़ रुपए का अधिशेष पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। मार्च, 2020 में ईपीएफओ ने भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को कम करके सात महीने के निचले स्तर 8.5 प्रतिशत पर ला दिया था। 2018-19 के लिए यह 8.65 प्रतिशत (शेष पेज 9)

# नफरती भाषण का त्याग मूलभूत आवश्यकताः सुप्रीम कोर्ट

● केवल शिकायत दर्ज करने से इस समस्या का समाधान नहीं होने वाला

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए नफरती भाषण का त्याग करना मूलभूत आवश्यकता है। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने नफरती भाषण के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने मौखिक टिप्पणी की, सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखने के लिए नफरती भाषण का त्याग करना मूलभूत आवश्यकता है। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सवाल किया कि ऐसे मामलों में प्राथमिकी के अनुसार क्या कार्वाई की गई है, क्योंकि केवल शिकायत दर्ज करने से इस समस्या का समाधान नहीं



होने वाला है। मेहता ने अदालत को बताया कि नफरती भाषणों के संबंध में 18 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज की आपत्ति के बावजूद यह मामला बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल 21 अक्टूबर को कहा था कि संविधान के अनुसार भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। इसके साथ ही न्यायालय ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों को नफरती भाषणों के मामलों में सख्त कार्वाई करने और शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने चेतावनी भी दी थी कि इस अत्यंत गंभीर मुद्दे पर कार्वाई करने में प्रशासन की ओर से देरी पर अदालत की अवमानना कार्यवाही शुरू की जा सकती है।

## विदेश से लौटे मेडिकल छात्रों को एमबीबीएस अंतिम परीक्षा दो प्रयास में उत्तीर्ण करने की अनुमति

भाषा। नई दिल्ली

● कोरोना और यूक्रेन युद्ध के कारण लौटे विद्यार्थियों को न्यायालय ने दी राहत

**उच्चतम** न्यायालय ने कोविड-19 महामारी और युद्ध के कारण यूक्रेन, चीन और फिलीपीन से लौटे भारतीय मेडिकल छात्रों को भारत के किसी भी मेडिकल कॉलेज में पंजीकरण के बिना राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के मौजूदा पाठ्यक्रम और दिशानिर्देश के अनुसार एमबीबीएस अंतिम परीक्षा दो प्रयासों में उत्तीर्ण करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति विक्रमनाथ की पीठ ने एक बार के उपाय के तौर पर उन्हें केवल एक प्रयास की अनुमति देने के केंद्र के सुझाव को संशोधित किया और मेडिकल छात्रों की सभी याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

केंद्र ने एक विशेषज्ञ समिति की एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जिसमें कहा गया है कि एक बार के असाधारण उपाय के तौर पर अंतिम वर्ष के छात्रों को एमबीबीएस की अंतिम परीक्षा देने की अनुमति दी जानी चाहिए। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि अदालत के निर्देश के मद्देनजर इस मुद्दे पर सरकार द्वारा एक समिति का गठन किया गया था। अदालत ने कहा कि वह कोई विशेषज्ञ नहीं है और काफी हद तक समिति द्वारा की गई सिफारिश को स्वीकार किया, हालांकि साथ ही यह भी कहा कि एकमात्र चिंता वाली सिफारिश यह है कि छात्रों को एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए केवल एक प्रयास दिया जाना था और इसलिए इसे संशोधित किया।

खंडपीठ ने कहा कि वह विशेष परिस्थितियों को देखते हुए आदेश पारित कर रही है। शीर्ष अदालत उन मेडिकल छात्रों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने अपने-अपने विदेशी विश्वविद्यालयों में सात सेमेस्टर पूरे कर लिए थे और उन्हें महामारी के कारण भारत लौटना पड़ा और ऑनलाइन (शेष पेज 9)

# डासना कलस्टर बना देश में नंबर-1

## बड़ी उपलब्धिः तीन सौ गांवों में अव्वल, योजना में 100 में से 99.66 अंक मिले

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




गाजियाबाद जिले के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। केन्द्र की श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना में गाजियाबाद के डासना क्लस्टर को देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इतना ही नहीं प्रदेश का अन्य कोई जिला टॉप रैंकिंग में नहीं आया है। डीएम आरके सिंह के कार्यकाल में यह एक और बड़ी उपलब्धि है जिसमें डासना क्लस्टर को देश भर में योजना में पहला स्थान मिला है।

योजना में डासना क्लस्टर को 100 में से 99.66 अंक मिले हैं जिसके साथ डासना क्लस्टर देश के तीन सौ गांवों में पहले स्थान पर है। बता दें कि चार साल पहले केन्द्र ने इस योजना को शुरू किया था। इस मिशन के तहत गांवों को उनके उन्हीं स्वरूप में रखकर उनमें शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इसका उद्देश्य ग्रामीण व शहर के अंतर यानि आर्थिक, प्रौद्योगिकीय एवं सुविधाओं तथा सेवाओं से जुड़े अंतर को समाप्त करना था। इस योजना में डासना क्लस्टर के लिए 39.39 करोड़ रुपए की धनराशि जारी हुई थी जिसके तहत डासना क्लस्टर में काम किया गया।

देश के तीन सौ गांव इस योजना में चुने गए थे जिसमें उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में गाजियाबाद जिले का डासना देहात क्षेत्र क्लस्टर योजना के लिए चयनित हुआ था। यूपी के बाद मिजोरम के आॅजवाल जिले का अबीविक क्लस्टर दूसरे स्थान पर और तमिलनाडु के मुदरई के कोविपल्लपुडी क्लस्टर तीसरे स्थान पर रहा। डीएम आरके सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए योजना को सफल बनाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है जब जिला देश में किसी योजना में पहले स्थान पर आया है। चार साल से लगातार योजना को लेकर गंभीरता से काम किया जा रहा था। लगातार मॉनीटिरिंग और निरीक्षण का नतीजा है कि आज हम देश में पहले नम्बर पर हैं। उन्होंने जिले वासियों विशेषकर डासना देहात के निवासियों को भी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

### केंद्र की 17 योजनाओं के सफल क्रियान्वयन

*आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आजादी से अंतोदय अभियान में केन्द्र सरकार के नौ मंत्रालयों की 17 योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर देश में पहले स्थान पर गाजियाबाद रहा था। इतना ही नहीं कोविड-19 प्रबंधन में भी जिले को देश में पहला स्थान मिला था और क्लस्टर योजना में पूर्व रैंकिंग में डासना देश में तीसरे स्थान पर था।*

# गाजियाबाद में 24 घंटे में कोरोना के 19 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के अंदर कोरोना के 19 नए केस मिले हैं। मंगलवार सुबह जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, गाजियाबाद में अब कोरोना के एक्टिव केस 55 हो गए हैं। इसमें 3 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं और बाकी होम आइसोलेटेड हैं।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, नोएडा और लखनऊ में ही फिलहाल कोरोना के सर्वाधिक केस सामने आ रहे हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया, 782 सैंपल की जांच की गई। इसमें 19 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं।

मार्च महीने में अब तक 55 मरीज संक्रमित पाए जा चुके हैं। इससे पहले 26 मार्च को 10, 24 मार्च को 11, 22 मार्च को 15 कोरोना केस पाए गए थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जो मरीज कोरोना संक्रमित पाए जा रहे हैं, उनमें फिलहाल साफ तौर पर कोई लक्षण दिखाई नहीं दे रहे। चूंकि ये मरीज कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारियों से ग्रसित हैं, इसलिए सिर्फ जांच कराने पर ही संक्रमित पाए जा रहे हैं।

गाजियाबाद से सटे गौतमबुद्धनगर में अब कोरोना के सक्रिय केस 42 हो गए हैं। यहां सोमवार को ही छह नए संक्रमित मरीज मिले थे। उधर, मेरठ में कोरोना संक्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की सभी हेल्प डेस्क पर इसकी जांच अनिवार्य कर दी गई है। सभी अस्पतालों में हेल्प डेस्क चालू कर दी गई है। निर्देश दिया है कि सभी मरीजों की ऑक्सीजन लेवल और तापमान जांचा जाए।

# सीकरी मंदिर नवरात्र मेले में अधिक भीड़ से धक्का-मुक्की

## कई श्रद्धालु बेहोश, महिलाओं-बच्चों की हालत बिगड़ी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर स्थित प्रसिद्ध सीकरी देवी मंदिर में चल रहे नवरात्रि मेले में सोमवार रात करीब 2 बजे अधिक भीड़ होने से दो महिलाओं समेत कई श्रद्धालु बेहोश हो गए। उन्हें आनन-फानन में मेले से बाहर निकालकर ले जाया गया। फिलहाल सभी की हालत ठीक है।

श्रद्धालुओं का कहना था कि यहां पर प्रशासनिक इंतजाम खास नहीं हैं। इस वजह से मेले में अव्यवस्थाएं हैं। वैसे तो मंदिर में आने वाले महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन बनाई गई थी, लेकिन भारी भीड़ के चलते सारी व्यवस्थाएं धरी रह गईं।

श्रद्धालुओं ने जब एक.दूसरे को धक्का देना शुरू किया तो कतार में लगे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की हालत बिगड़नी शुरू हो गई। वे बदहवास जैसी अवस्था में पहुंच गए। फिलहाल अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है कि कितने श्रद्धालु बेहोश हुए हैं। लेकिन इस मामले से जुड़ी कुछ वीडियो सामने आई हैं, जिसमें दो महिलाएं बेहोश नजर आ रही हैं और लोग उन्हें उठाकर मेले से बाहर ले जा रहे हैं। गाजियाबाद के कस्बा मोदीनगर स्थित सीकरी गांव में प्राचीन देवी मंदिर है।

इसे सीकरी देवी मंदिर नाम से भी जाना जाता है। नवरात्र में प्रतिवर्ष यहां पर भव्य मेला लगता है। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली.एनसीआर के लाखों श्रद्धालु आते हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस और प्रशासन ने यहां पर तमाम इंतजाम किए हैं, लेकिन हर बार ज्यादा श्रद्धालु आने से ये इंतजाम धरे रह जाते हैं।

# अब सीवरेज पानी तीन बार होगा साफ, प्लांट में बनेगा टीटीपी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

## एसबीआर तकनीक होगा प्रयोग



नोएडा के चार एसटीपी प्लांट में टर्शरी ट्रिटमैंट प्लांट टीटीपी लगाया जाएगा। इन सातों प्लांट की क्षमता करीब 311 एमएलडी होगी। इस पर 48.50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन टीटीपी को नौ महीने में सीवरेज ट्रिटमैंट प्लांट में बनाना होगा।

इससे सीवरेज पानी को और ज्यादा शोधित किया जा सकेगा। यानी इसके टीडीएस में और सुधार किया जा सकेगा। वर्तमान में सेक्टर-168 एसटीपी में 100 एमएलडी क्षमता के टर्शरी ट्रिटमैंट प्लांट टीटीपी के बनाया गया है। ये पहला टीटीपी है जो क्रियाशील है। इसका फायदा शहर के 91 सेक्टर और 33 गांव के 10 लाख से ज्यादा लोगों को मिल रहा है। बनाए जाने वाले सभी टीटीपी प्लांट सीक्वेंसिंग बैच रियेक्ट एसबीआर तकनीक से काम करेंगे। इसमें सीवरेज पानी को तीन बार शोधित करने प्रयोग में लाया जाएगा। टर्शरी वाटर में मानकों के मुताबिक बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड की मात्रा को कम किया जाता है। पानी को एसटीपी प्लांट में तीन बार ट्रीट किया जाएगा। जिससे इस पानी की क्वालिटी और बेहतर होगी।

ये टीटीपी प्लांट सेक्टर-50, सेक्टर-54, सेक्टर.123 के अन्य प्लांट में बनाए जाएंगे। नोएडा जीरो डिस्चार्ज सिटी है। यहां सीवरेज पानी को शोधित करके उपयोग में लाया जा रहा है। इस पानी का प्रयोग कंस्ट्रक्शन कार्य के लिए किया जाता है।

# खेलते-खेलते बच्ची के गले में फंसा फांसी का फंदा, मौत

**नोएडा।** सेक्टर-8 में 13 साल की लड़की खेल-खेल में मौत के घाट उतार गई। उसको अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने 13 साल की बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

पवन मेहता अपने पूरे परिवार के साथ सेक्टर-8 रहते हैं। बीती रात को पवन की 13 वर्षीय बेटी नंदिनी अपने घर में खेल रही थी। खेलते-खेलते उसने अपने गले में फांसी का फंदा लगा लिया और घूमने लगी। इसी बीच फंदा नंदिनी के गले में फंस गया। मौके पर जब नंदिनी का भाई आया तो उसने शोर मचा दिया। परिजनों ने गंभीर हालत में नंदनी को नोएडा के जिला अस्पताल में एडमिट करवाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

# जू पार्क का 4डी कॉन्सेप्ट 15 अप्रैल से

## लोहे और प्लास्टिक वेस्ट से तैयार होंगे जानवर, 15 करोड़ होगा खर्च



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

एनसीआर का पहला नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू थीम पार्क दिल्ली के एकदम पास नोएडा में बनने जा रहा है। इसका निर्माण जेड टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड करेगी। निर्माण 15 अप्रैल से शुरू होगा। निर्माण में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

ये पार्क अपने आप में अनोखा होगा, जिसका कॉन्सेप्ट 4डी पर आधारित होगा। इस पार्क को बनाने वाली कंपनी ही इसका संचालन और मेंटेनेंस करेगी। पार्क में आने वाले लोगों के लिए टिकट रखा जाएगा। इस पार्क की रीच को बढ़ाने के लिए ही इसे सेक्टर-94 के पास बनाया जाएगा। पार्क में 500 टन लोहे का प्रयोग किया जाएगा। इस लोहे को प्लांट में री-साइकिल किया जाएगा।

इसके बाद लोहे से पार्क में स्कल्पचर बनाए जाएंगे। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग भी किया जाएगा। इस पार्क को बनाने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। जो भी संस्था पार्क का निर्माण करेगी, पार्क को 4डी कॉन्सेप्ट पर बनाया जा रहा है। इस तकनीक का प्रयोग यहां बनाए जाने वाले जंगली जानवरों में किया जाएगा। जो बने तो नकली होंगे।

# संक्षिप्त समाचार



जब्त शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी तस्कर।

### ईस्टर्न पेरीफेरल पर पकड़ी 2 लाख की अवैध शराब

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से लगातार शराब तस्करों के खिलाफ अभियान छेड़ा गया है। इस अभियान के तहत तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। मंगलवार को थाना जारचा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार शराब तस्करों को पकड़ा है। इनके कब्जे से पुलिस ने 40 पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का को जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए है। जारचा थाना प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया था। तभी आरोपी ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस से गुजर रहे टेंपो को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर इसमें से 40 पेटी नाइट ब्लू शराब हरियाणा मार्का की बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों की पहचान हर्ष कुमार, ओम कुमार, मनीष और सतीश के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी ऑनडिमांड हरियाणा से शराब लाकर उत्तर प्रदेश में सप्लाई करते हैं।

### सोसाइटी के बेसमेंट में नमाज पढ़ने पर हंगामा

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की एक सोसाइटी में सोमवार देर रात हंगामा हो गया। सोसायटी के निवासियों ने सोसाइटी में नमाज के लिए टेंट लगाकर बनाई जगह का विरोध करते हुए हंगामा किया। लोगों ने कहा कि नमाज के लिए मेंटेनेंस विभाग ने जो जगह बनाई है, वह अवैध है। इसी बात को लेकर मेंटेनेंस और सोसाइटी निवासी आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने नमाज पढ़ने के लिए लगाए टेंट को हटा दिया। दरअसल, ग्रेनो वेस्ट की सुपरटेक इकोविलेज 2 हाउसिंग सोसायटी में सोमवार की देर रात हंगामा हो गया। सोसायटी के निवासी एकत्रित हुए और विरोध करने लगे सोसाइटी के मेंटेनेंस मैनेजर ने बेसमेंट में नमाज पढ़ने के लिए एक अवैध स्थान बनवा दिया। लोगों का कहना है कि इन लोगों ने इजाजत नहीं ली थी।

### पुजारी पर महिला का अश्लीली फोटो डालने का आरोप

**नोएडा।** आगाहपुर गांव में रहने वाली एक महिला ने पुजारी के खिलाफ आपत्तिजनक धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला का कहना है कि पुजारी ने उसकी फोटो और वीडियो को एडिट करके सोशल मीडिया पर डाल दी है। थाना सेक्टर-49 के थानाध्यक्ष संदीप चौधरी ने बताया कि अगाहपुर गांव में रहने वाली महिला ने सेक्टर-41 स्थित मंदिर के पुजारी शिव कुमार मिश्रा के खिलाफथाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़िता का आरोप है कि 6 महीने से पुजारी उसे धमकी दे रहा है। उसकी फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाई है। महिला का आरोप है कि पुजारी ने उसके और उसके बेटे के फोन नंबर को सोशल मीडिया पर डाला है। पुजारी ने उसकी एडिट करके अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला है। उसके साथ उसने अश्लील गाने भी डाले हैं।

### अंबेडकर स्कूल के प्रबंधक और प्रिंसिपल आमने-सामने

**गाजियाबाद।** इंद्रगढ़ी गांव में स्थित अंबेडकर स्कूल के प्रबंधकतंत्र एवं प्रधानाचार्य के बीच पिछले काफी समय से चल रहे विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब प्रबंधकों ने कुछ ही समय के अंदर रिटायर्ड होने वाले प्रधानाचार्य पर लाखों की रकम की हेराफेरी का आरोप लगाकर उनके कार्यालय पर ताला लगा दिया। इस घटना के संदर्भ में एसीपी मसूरी निमीष पाटिल का कहना है कि अंबेडकर स्कूल में दो पक्षों के बीच हो रहे हंगामे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची।

### जीडीए को थमाया 5 करोड़ के टैक्स का नोटिस

गाजियाबाद। बकाया हाउस टैक्स को लेकर अब नगर निगम ने सरकारी विभागों को भी निशाने पर लेना शुरू कर दिया है। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की ओर से जीडीए को नोटिस जारी किया गया है जिस पर नगर निगम ने करीब पांच करोड़ 95 लाख रुपये बकाया दिखाया है। नगर निगम का कहना है कि जीडीए के ऑफिस पर यह बकाया टैक्स कई वर्ष से लेकर अब तक है। नगर निगम प्रशासन ने जीडीए से टैक्स अदा करने के लिए कहा है। वहीं, दूसरी ओर जीडीए इस टैक्स को अधिक बता रहा है। इस मामले में जीडीए के किराया अनुभाग की ओर से एक पत्र मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को लिखा गया है। इस पत्र में जीडीए की ओर से कहा गया है कि जो बकाया टैक्स बकाया दर्शाया गया है, वह अधिक है।


**हिन्दुस्तान ऑटो फाइनैंस लिमिटेड**
सीआईएन : L65910DL1980PLC010617
पंजी. कार्यालय : केबिन नंबर डीए–8, द्वितीय तल, विकास मार्ग, शकरपुर,नई दिल्ली–110092
ई–मेल : hindaf1980@gmail.com, वेबसाइट : www.hindaf.in

**41वीं वार्षिक आम बैठक, रिमोट ई–वोटिंग की सूचना और बहीबंदी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि हिन्दुस्तान ऑटो फाइनैंस लिमिटेड के सदस्यों की 41वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे, कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम के आयोजन की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय निष्पादित किए जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट एजीएम के आयोजन की सूचना, उपस्थिति पर्ची तथा परोक्षी प्रपत्र सहित उन सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनकी ई–मेल उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास शुक्रवार, 24 मार्च, 2023 को कार्य समाप्ति के समय पर पंजीकृत हैं। वार्षिक रिपोर्ट एजीएम के आयोजन की सूचना की भौतिक प्रति अनुमत विधि से उन सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनका ई–मेल पता पंजीकृत नहीं है। ई–मेल करने और वार्षिक रिपोर्ट का एजीएम की सूचना सहित प्रेषण का कार्य मंगलवार, 28 मार्च, 2023 को पूरा किया जा चुका है। वार्षिक रिपोर्ट एजीएम के आयोजन की सूचना सहित कम्पनी की वेबसाइट www.hindaf.in पर, मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट पर तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

शेयरधारक, जिनकी ई–मेल आईडीज कम्पनी/आरटीए अथवा संबंधित डीपी'ज के पास पंजीकृत नहीं हैं वे कम्पनी को hindaf1980@gmail.com पर ई–मेल भेजकर और तदुपरांत निदेशितानुसार अस्थायी पंजीकरण प्रक्रिया का पालन कर अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत करवा सकते हैं, ताकि वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट एजीएम के आयोजन की सूचना प्राप्त कर सकें, जिसमें अन्य के साथ, एजीएम में भाग लने हेतु अनुदेश दिए गए हैं। तथापि ई–मेल आईडी के स्थायी पंजीकरण के लिए सदस्यों से अपने संबंधित डीपी'ज से सम्पर्क साधने और डीपी'ज द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध किया जाता है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 91 और तदधीन विरचित नियमों के प्रावधानों तथा सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीकरण विनियमावली") के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण बहियां शनिवार, 15 अप्रैल, 2023 से शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023 तक (दोनों दिन शामिल हैं) कम्पनी की 41वीं एजीएम के उद्देश्य हेतु बंद रहेंगी।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कमपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित, और सूचीकरण विनियमावली के विनियम 44 के अनुसरण में, सदस्यों को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध प्रस्तावों पर उनका वोट सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का प्रयोग करते हुए एजीएम के स्थान से अलग किसी अन्य स्थान से डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है तथा इस वोटिंग द्वारा व्यवसाय का निष्पादन किया जा सकता है। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023 को कम्पनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयर्स के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति, जो कट–ऑफ तिथि को कम्पनी का सदस्य है, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग के प्रयोग द्वारा अथवा एजीएम में मतपत्र के माध्यम से डालने हेतु ग्राह्य होगा।

रिमोट ई–वोटिंग अवधि मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023 को पूर्वा. 09.00 बजे आईएसटी आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 20 अप्रैल, 2023 को अप. 05.00 बजे आईएसटी समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, सदस्यगण अपनो वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं। तदुपरांत सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उक्त तिथि एवं समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन करने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। एजीएम की सूचना में विस्तृत वोटिंग प्रक्रिया दी गई है। एजीएम में मतपत्र द्वारा वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी तथा जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग से अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में मतपत्र द्वारा अपना वोट डाल सकेंगे। जो सदस्य एजीएम से पहले अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डाल चुके होंगे, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु वे दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि को शेयरों का धारक है, वह helpdesk.evoting@cdslindia.com को अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि वह रिमोट ई–वोटिंग के लिए सीडीएसएल मे पहले से पंजीकृत है, तो वह अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग वोट डालने के लिए कर सकता है।

निदेशक मंडल ने सीएस अंजू बंसल, मैसर्स अंजू बंसल ऐंड एसोसिएट्स की प्रोपराइटर, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी (सीओपी नंबर 17594) को रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में वोटिंग की प्रक्रिया एक निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संचालित करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है। एजीएम के परिणामों की घोषणा चेयरमैन अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा की जाएगी तथा उक्त परिणाम संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, एजीएम की समाप्ति के दो दिन के भीतर मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में जमा किए जाएंगे और कम्पनी की वेबसाइट www.hindaf.in पर भी प्रकाशित किए जाएंगे।

ई–वोटिंग के संबंध में किसी संदेह या शिकायत की स्थिति में, आप फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यू'ज") तथा ई–वोटिंग मैनुअल देखें, जो www.evotinglindia.com पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध हैं। अथवा 022–23058542/43 पर सम्पर्क करें। ई–वोटिंग के संबंध में शिकायत की स्थिति में, कृपया श्री राकेश दाल्वी, सीनि. मैनेजर, 25वां तल, ए विंग, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल्स कम्पाउंड, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई), मुंबई–400013 ; ई–मेल : helpdesk.evoting@cdslindia.com अथवा उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क करें।

वास्ते हिन्दुस्तान ऑटो फाइनैंस लिमिटेड
हस्ता./–
ऋषभ अग्रवाल
(कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी)
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 28 मार्च, 2023



**हिन्दुस्तान ऑटो फाइनैंस लिमिटेड**
सीआईएन : L65910DL1980PLC010617
पंजी. कार्यालय : केबिन नंबर डीए–8, द्वितीय तल, विकास मार्ग, शकरपुर,नई दिल्ली–110092
ई–मेल : hindaf1980@gmail.com, वेबसाइट : www.hindaf.in

**42वीं वार्षिक आम बैठक, रिमोट ई–वोटिंग की सूचना और बहीबंदी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि हिन्दुस्तान ऑटो फाइनैंस लिमिटेड के सदस्यों की 42वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023 को अप. 02.00 बजे, कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम के आयोजन की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय निष्पादित किए जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट एजीएम के आयोजन की सूचना, उपस्थिति पर्ची तथा परोक्षी प्रपत्र सहित उन सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनकी ई–मेल उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास शुक्रवार, 24 मार्च, 2023 को कार्य समाप्ति के समय पर पंजीकृत हैं। वार्षिक रिपोर्ट एजीएम के आयोजन की सूचना की भौतिक प्रति अनुमत विधि से उन सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनका ई–मेल पता पंजीकृत नहीं है। ई–मेल करने और वार्षिक रिपोर्ट का एजीएम की सूचना सहित प्रेषण का कार्य मंगलवार, 28 मार्च, 2023 को पूरा किया जा चुका है। वार्षिक रिपोर्ट एजीएम के आयोजन की सूचना सहित कम्पनी की वेबसाइट www.hindaf.in पर, मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट पर तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

शेयरधारक, जिनकी ई–मेल आईडीज कम्पनी/आरटीए अथवा संबंधित डीपी'ज के पास पंजीकृत नहीं हैं वे कम्पनी को hindaf1980@gmail.com पर ई–मेल भेजकर और तदुपरांत निदेशितानुसार अस्थायी पंजीकरण प्रक्रिया का पालन कर अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत करवा सकते हैं, ताकि वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट एजीएम के आयोजन की सूचना प्राप्त कर सकें, जिसमें अन्य के साथ, एजीएम में भाग लने हेतु अनुदेश दिए गए हैं। तथापि ई–मेल आईडी के स्थायी पंजीकरण के लिए सदस्यों से अपने संबंधित डीपी'ज से सम्पर्क साधने और डीपी'ज द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध किया जाता है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 91 और तदधीन विरचित नियमों के प्रावधानों तथा सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीकरण विनियमावली") के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण बहियां शनिवार, 15 अप्रैल, 2023 से शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023 तक (दोनों दिन शामिल हैं) कम्पनी की 42वीं एजीएम के उद्देश्य हेतु बंद रहेंगी।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कमपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित, और सूचीकरण विनियमावली के विनियम 44 के अनुसरण में, सदस्यों को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध प्रस्तावों पर उनका वोट सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का प्रयोग करते हुए एजीएम के स्थान से अलग किसी अन्य स्थान से डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है तथा इस वोटिंग द्वारा व्यवसाय का निष्पादन किया जा सकता है। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023 को कम्पनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयर्स के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति, जो कट–ऑफ तिथि को कम्पनी का सदस्य है, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग के प्रयोग द्वारा अथवा एजीएम में मतपत्र के माध्यम से डालने हेतु ग्राह्य होगा।

रिमोट ई–वोटिंग अवधि मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023 को पूर्वा. 09.00 बजे आईएसटी आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 20 अप्रैल, 2023 को अप. 05.00 बजे आईएसटी समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, सदस्यगण अपनो वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं। तदुपरांत सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उक्त तिथि एवं समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन करने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। एजीएम की सूचना में विस्तृत वोटिंग प्रक्रिया दी गई है। एजीएम में मतपत्र द्वारा वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी तथा जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग से अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में मतपत्र द्वारा अपना वोट डाल सकेंगे। जो सदस्य एजीएम से पहले अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डाल चुके होंगे, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु वे दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि को शेयरों का धारक है, वह helpdesk.evoting@cdslindia.com को अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि वह रिमोट ई–वोटिंग के लिए सीडीएसएल मे पहले से पंजीकृत है, तो वह अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग वोट डालने के लिए कर सकता है।

निदेशक मंडल ने सीएस अंजू बंसल, मैसर्स अंजू बंसल ऐंड एसोसिएट्स की प्रोपराइटर, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी (सीओपी नंबर 17594) को रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में वोटिंग की प्रक्रिया एक निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संचालित करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है। एजीएम के परिणामों की घोषणा चेयरमैन अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा की जाएगी तथा उक्त परिणाम संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, एजीएम की समाप्ति के दो दिन के भीतर मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में जमा किए जाएंगे और कम्पनी की वेबसाइट www.hindaf.in पर भी प्रकाशित किए जाएंगे।

ई–वोटिंग के संबंध में किसी संदेह या शिकायत की स्थिति में, आप फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यू'ज") तथा ई–वोटिंग मैनुअल देखें, जो www.evotinglindia.com पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध हैं। अथवा 022–23058542/43 पर सम्पर्क करें। ई–वोटिंग के संबंध में शिकायत की स्थिति में, कृपया श्री राकेश दाल्वी, सीनि. मैनेजर, 25वां तल, ए विंग, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल्स कम्पाउंड, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई), मुंबई–400013 ; ई–मेल : helpdesk.evoting@cdslindia.com अथवा उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क करें।

वास्ते हिन्दुस्तान ऑटो फाइनैंस लिमिटेड
हस्ता./–
ऋषभ अग्रवाल
(कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी)
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 28 मार्च, 2023



**राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग**
**(उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत गठित)**
उपभोक्ता न्याय भवन, 'एफ' ब्लॉक, जनरल पूल ऑफिस कॉम्पलेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023

**प्रथम अपील नं. 347/2022**
**साथ**
आईए/4587/2022, आईए/4588/2022, आईए/4589/2022, आईए/4590/2022, आईए/10416/2022, आईए/10417/2022, आईए/11611/2022
(राज्य आयोग पंजाब की शिकायत नं. 920/2019 में दि. 08.02.2022 के आदेश के खिलाफ )

इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड ....याचिकाकर्ता/अपीलकर्ता
बनाम
विकास शर्मा ....विरोधी पक्ष/प्रतिवादी

प्रति,

| | |
|---|---|
| 1. मोना टाउनशीप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रबंध निदेशक, पंजीकृत कार्यालय 399, ग्राउन्ड फ्लोर, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110087 | 2. श्री तजिंदर सेतिया, प्रबंधक निदेशक, मोना टाउनशीप प्राइवेट लिमिटेड, 399, ग्राउन्ड फ्लोर, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110087 |

सूचना

जबकि राज्य आयोग, पंजाब की शिकायत नं. 920/2019 में दि. 08.02.2022 के आदेश के खिलाफ प्रथम अपील नं. 347/2022 दायर की गई है। जिसमें आपको प्रतिवादी नं. 3 और आर-5 के रूप में रखा गया है। और जबकि पंजीकृत डाक द्वारा आपको भेजे गए सुनवाई की सूचना एक डाक टिप्पणी 'छोडकर चले गए है' के साथ वापस प्राप्त हुई है।

अब इसलिए, इस प्रकाशन के द्वारा माननीय आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील/अधिकृतप्रतिनिधि के माध्यम से 04.07.2023 को उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है, जिसके बाद याचिका का गुण -दोष के आधार पर निस्तारित किया जाएगा ।

दिनांक: 13 मार्च, 2023, नई दिल्ली

सही/-
अनुभाग अधिकारी



**PUBLIC NOTICE**



This is to inform you that **Sri Pradeep Singh Rawat**, son of Late Mohan Singh Rawat is no longer working with our Company anymore and his all duties/works related to our Company has been ceased/discontinued.

Our company will not be responsible for any type of his (**Pradeep Singh Rawat**) activities and transactions after post leaving of jobs and hereby suggested not to entertain any information given by him related to our company.

By order
Zeal Advertising Pvt. Ltd.



**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि (1) श्री अनुज गुप्ता ; (2) श्री नरेश चंदर गुप्ता ; (3) श्री पंकज गुप्ता ; (4) श्रीमती मीना गुप्ता ; (5) मैसर्स नरेश चंदर एचयूएफ श्री नरेश चंदर, कर्ता द्वारा प्रतिनिधित्वकृत ; (6) मैसर्स अनुज गुप्ता – एचयूएफ श्री अनुज गुप्ता, कर्ता द्वारा प्रतिनिधित्वकृत ; (7) मैसर्स पंकज गुप्ता – एचयूएफ श्री पंकज गुप्ता, कर्ता द्वारा प्रतिनिधित्वकृत ; ने डायमेंशन इंडिया नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड (हाईफाइव ग्लोबल नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के रूप में पुनर्नामित) ("कम्पनी") की 100 : शेयरहोल्डिंग का हस्तांतरण (1) चार्टर्डमैन कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (2) अनुराधा गुप्ता और (3) पैन पोर्टफोलियोज प्राइवेट लिमिटेड को संबंधित शेयर हस्तांतरण की एक श्रृंखला के माध्यम से कर दिया है, जोकि 15–07–2021 को पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त, कम्पनी की 100 : शेयरहोल्डिंग के हस्तांतरण के साथ (1) श्री अनुज गुप्ता (15–09–2021 की प्रभावी तिथि से) ; (2) श्री पंकज गुप्ता (15–09–2021 की प्रभावी तिथि से) ; (3) श्री नरेश चंदर गुप्ता (15–09–2021 की प्रभावी तिथि से) ; (4) श्रीमती मीना गुप्ता (15–09–2021 की प्रभावी तिथि से) और (5) श्रीमती नेहा गुप्ता (15–09–2021 की प्रभावी तिथि से) ने कम्पनी के निदेशक पद से त्यागपत्र भी दे दिया है। उपरोक्त 100 : शेयरहोल्डिंग के हस्तांतरण के पूर्ण होने के समय (अर्थात 15–07–2021) से (क) डीआईएन इंजीनियरिंग सर्विसेज एलएलपी, श्री अनुज गुप्ता, श्री पंकज गुप्ता, श्री नरेश चंदर गुप्ता, श्रीमती मीना गुप्ता, श्रीमती नेहा गुप्ता अथवा उनके किसी रिश्तेदार अथवा संबंधी ("डीआईएन संबंधी") का कम्पनी अथवा इसकी व्यावसायिक गतिविधियों के साथ कोई भी कानूनी, आर्थिक अथवा व्यावसायिक संबंध नहीं रह गया है और तदनुसार उनको कम्पनी की ओर से किसी भी रूप में किसी व्यवसाय का निष्पादन करने अथवा कार्य करने का प्राधिकार नहीं है ; तथा (ख) कि कम्पनी को किसी भी डीआईएन संबंधी अथवा उनके द्वारा वर्तमान में अथवा विगत में संचालित व्यवसायों के साथ किसी सहयोग या संबद्धता, जिसमें व्यावसायिक संबंध शामिल हैं, का दावा करने या प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार, हकदारी या प्राधिकार नहीं है।

हस्ता/-
अनुज गुप्ता सीईओ,
डीआईएन इंजीनियरिंग सर्विसेज एलएलपी
स्थान : नोएडा/तिथि : 29 मार्च, 2023



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेश नांदल/ सरिता/ LBDEL00001761453/ LBDEL00004848361 | फ्लैट नंबर–7–डी, तीसरी मंज़िल, स्कूटर गैराज के साथ, पॉकेट–2, सेक्टर–6, द्वारका, दिल्ली– 110075/ मार्च 23, 2023 | अगस्त 01, 2022 रु. 19,00,354/- | दिल्ली, |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 29, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# विस में उठी यातायात जाम व प्रदूषण की समस्याएं

## संकल्प प्रस्ताव को लेकर सत्तापक्ष और विपक्षी में तीखी नोंकझोक, सदन से निकाले गए नेता प्रतिपक्ष



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बजट सत्र के सातवें दिन विधायकों ने नियम संख्या- 280 (विशेष उल्लेख) के तहत ने यातायात जाम से लेकर प्रदूषण और किसानों के मुआवजे तक की समस्याएं सदन में रखीं। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल का ध्यान इन समस्याओं की ओर दिलाते हुए समाधान की मांग की गई।

भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन ने कहा कि रोहतास नगर व अन्य जगहों पर ध्वनि प्रदूषण लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। हर समय ट्रैक्टर चलते रहते हैं। जबकि गलियों में घूमने वाले हाकर माइक का इस्तेमाल करते हैं। इससे बुजुर्गों और छात्रों को बहुत परेशानी होती है। प्रशासन को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। आप विधायक राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि ठेका प्रथा के खिलाफ कानून बन चुका है। लेकिन सरकार ने जो कानून बनाए हैं, उसका फायदा ठेकेदार उठा ले जा रहे हैं।

आप विधायक मुकेश कुमार अहलावत ने कहा कि गलत जगहों पर रखे ट्रांसफार्मर की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। इनकी वजह से यातायात जाम का सामना भी लोगों को करना पड़ता है। सत्तापक्ष के जरनैल सिंह ने भी अपने इलाके में गलत जगहों पर रखे ट्रांसफार्मर का मुद्दा उठाया। वहीं आप विधायक दुर्गेश पाठक ने भी यातायात की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि दस किलोमीटर की दूरी तय करने में करीब एक से डेढ़ घंटे लग जाते हैं। आप विधायक सही राम ने बिना पुनर्वास किए झुग्गियों को हटाने का मसला उठाया। उन्होंने कहा कि इसे रोका जाना चाहिए। सत्तापक्ष के सुरेंद्र कुमार ने औद्योगिक क्षेत्रों में टूटी सड़कों का मुद्दा उठाया। कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने का काम किया जाना चाहिए। वहीं कुलदीप कुमार ने कहा कि कोंडली में एक रैन बसेरे में पहले शादी-विवाह की बुकिंग होती थी। लेकिन, अब बुकिंग बंद कर दी गई। डूसिब इसे चालू नहीं कर रहा है।

आप विधायक अब्दुल रहमान ने जगप्रवेश अस्पताल में सुविधाओं में इजाफा करने, जयभगवान उपकार ने खिलाड़ियों को तैयार करने वाले कोच की पेंशन बीस से पच्चीस हजार करने का मुद्दा उठाया।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जमीन अधिग्रहण पर किसानों का मुआवजा बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसान की मृत्यु होने पर उसके बेटे या बेटी के नाम पर जमीन हस्तांतरित नहीं हो रही है। उन्होंने म्यूटेशन पर लगी रोक हटाने की भी मांग की। इसके साथ ही किसानों को वैकल्पिक आवासीय प्लाट का मुद्दा भी उन्होंने उठाया। इनके अलावा विधायक मदनलाल, भावना गौड़, रितुराज, हाजी यूनुस, अजय महावर, सोमनाथ भारती, बंदना कुमारी, सोमदत्त, अजय दत्त आदि ने भी अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं।

## अडाणी मुद्दे को लेकर हुआ हंगामा



**नई दिल्ली।** विधानसभा में सत्ता पक्ष की तरफ से अडाणी मुद्दे संकल्प प्रस्ताव लाया गया। इस संकल्प प्रस्ताव में केंद्र सरकार के खिलाफ सरकारी खजाने और जनता को वित्तीय नुकसान पहुंचाने के संबंध में सरकार द्वारा कोई जांच नहीं कराए जाने पर चर्चा की जा रही थी। प्रस्ताव पर चर्चा तीखी नोकझोंक में बदल गई। जिसके बाद आम आदमी पार्टी और भाजपा विधायकों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए आप विधायक मदन लाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली के करोड़ों रुपये लूटे गए। कोरोनाकाल में सभी के उद्योग धंधे चौपट हो गए, लेकिन एक आदमी का कारोबार इतना बढ़ा कि दुनिया के तीसरे सबसे अमीर बन गए। क्योंकि उनकी दोस्ती गुजरात के सीएम से हो गई।

भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल से दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में कथित भ्रष्टाचार पर चर्चा की मांग की। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग के खिलाफ नारेबाजी की, जिसके बाद अध्यक्ष ने जितेंद्र महाजन को मार्शल से बाहर कर दिया।

दोनों पक्षों के बीच हंगामे के बीच विस अध्यक्ष गोयल ने दोपहर करीब 12.10 बजे सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबार शुरू हुई तो अडाणी मुद्दे पर आप विधायक विनय मिश्रा बात रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोयला ब्लाक आवंटन में घपला होने पर दूसरी कंपनियों पर कार्रवाई की जा रही है, मगर अदाणी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

सीबीआइ और ईडी चुप हैं जबकि अडाणी सबसे बड़ा घोटाला करने वाला व्यक्ति है। वहीं अध्यक्ष ने आप विधायक ऋतुराज झा को बोलने के लिए मौका दिया तो भाजपा के विधायक फिर से हंगामा करने लगे। भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि इस सदन में गलत विषय पर चर्चा हो रही है।नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भी फिर से चर्चा का विरोध करना शुरू किया। हंगामा करने पर नेता प्रतिपक्ष को सदन से बाहर जाने का आदेश दिया गया। इसके विरोध में विपक्ष के सभी सदस्य सदन के बाहर चले गए।

## संक्षिप्त समाचार



गिरफ्तारी के विरोध में नारेबाजी करते पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल।

### मशाल जुलूस के दौरान जेपी अग्रवाल हिरासत में

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष है। पार्टी ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया है। इस बीच पार्टी ने मंगलवार शाम को लाल किले के पास मशाल शांति जुलूस का आयोजन किया। विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के एआईसीसी प्रभारी जेपी अग्रवाल और पार्टी कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने लाल किले के पास जैन मंदिर-गौरी शंकर मंदिर से हिरासत में लिया।

### प्रधानमंत्री के खिलाफ देशभर में पोस्टर लगाएगी आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) 30 मार्च को देशभर में 11 भाषाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी।आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, आम आदमी पार्टी 30 मार्च को देशभर में पोस्टर लगाएगी। पार्टी की सभी राज्य इकाइयों को अपने-अपने राज्यों में पोस्टर लगाने को कहा गया है। पोस्टर 11 भाषाओं में छापे गए हैं।

### बदरपुर में गोदाम में आग लगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली के बदरपुर इलाके में एक गोदाम में आग लग गई, जिससे इमारत ढह गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।अधिकारियों ने बताया कि स्टैंडफोर्ड स्कूल के पास स्थित गोदाम में आग लगने की सूचना सोमवार रात 10 बजकर 50 मिनट पर मिली। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दमकल की 19 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और देर रात एक बजकर 35 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया।

### विदेश मंत्रालय के अधिकारी का कीमती सामान चोरी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में सेवारत एक वरिष्ठ अधिकारी का लैपटॉप, पासपोर्ट और अन्य कीमती सामान चोरी हो गया है। दक्षिण दिल्ली के अरबिंदो मार्ग पर वह बेसुध हालत में दिख रहे एक व्यक्ति की मदद करने के लिए रुके थे, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी कार का शीशा तोड़ उनका कीमती सामान चोरी कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि घटना सोमवार शाम हुई जब विदेश मंत्रालय (एमईए) में तैनात उप सचिव कार्यालय से ग्रेटर कैलाश में स्थित अपने घर लौट रहे थे।

### मेट्रो कोच में हरियाणवी गाने का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के एक कोच के अंदर सार्वजनिक उद्घोषणा पर एक हरियाणवी गाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, इस वीडियों को लोग शेयर कर रह हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि वीडियो के बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को पता है। उन्होंने बताया, ऐसे वीडियो की प्रामाणिकता का पता लगाना बहुत मुश्किल है। हालांकि, हम इस मुद्दे की जांच करेंगे।

## जेपीसी जांच हुई तो अडानी नहीं, मोदी फसेंगे : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को अडानी घोटाले मामले को लेकर सदन में एक संकल्प पत्र रखा गया, जिसे चर्चा के बाद पारित कर दिया गया।

संकल्प पत्र का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा के एक बड़े नेता के साथ हुई चर्चा का जिक्र करते हुए कहा कि अडानी तो मात्र फ्रंट पर है, सारा पैसा मोदी का लगा है। अडानी सिर्फ पैसे को मैनेज करता है। अगर जेपीसी जांच हो गई तो अडानी नहीं, मोदी डूबेंगे। इसलिए प्रधानमंत्री हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद भी अडानी को बचाने में लगे हुए हैं। केजरीवाल ने कहा कि मोदी कम पढ़े लिखे लिखे है। उनको अडानी बताता है कि पैसा कहां लगाना है।

## परंपराओं को ताक पर रखा : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि केजरीवाल सरकार विधानसभा में तानाशाहीपूर्ण और असंवैधानिक तरीके से काम कर रही है। तमाम नियमों और परंपराओं को ताक पर रखकर ऐसे विषयों पर चर्चा कराई जा रही है, जो राष्ट्रीय राजधानी के अधिकार क्षेत्र में ही नहीं आते। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आप विधायकों ने अभद्र और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। केंद्र सरकार पर ड्रग्स और वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने जैसे आपत्तिजनक और घटिया आरोप लगाए। इसके विपरीत दिल्ली की समस्याओं पर चर्चा कराने के लिए विपक्ष ने जो नोटिस दिए, उनपर गौर नहीं किया गया। जब भाजपा विधायकों ने इस असंवैधानिक कृत्य का विरोध किया तो उन्हें मार्शल से सदन से बाहर करवा दिया गया।




## आप सरकार के खिलाफ नहीं आएगा अविश्वास प्रस्ताव

*विधानसभा अध्यक्ष की स्वीकृति मिलने के बावजूद बुधवार को विधानसभा सत्र के आठवें दिन सदन में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं होगी। बिधूड़ी ने बताया कि विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 14 विधायकों का समर्थन जरूरी है, भाजपा के पास इतना संख्या बल है नहीं। ऐसे में बेशक स्पीकर ने उनके प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मंजूरी देने की बात कह दी हो, लेकिन ऐसा नहीं हो पाएगा। बिधूड़ी ने यह भी कहा कि उन्होंने विस अध्यक्ष को पत्र लिखकर इसके स्थान पर नियम संख्या 55 के तहत भ्रष्टाचार के मुददे पर अल्कालिक चर्चा कराने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।*

## दिल्ली को मिला एक और स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस

● शिक्षा मंत्री आतिशी ने राणा प्रताप बाग में किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली को एक और डॉ. बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस मिला है। 400 छात्रों की क्षमता वाला यह स्कूल मानविकी डोमेन है।

यहां शानदार क्लासरूम, लैब, लाइब्रेरी, बहुउद्देश्यीय हॉल सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। एक समय ये स्कूल क्षेत्र का सबसे जर्जर स्कूल था। मॉडल टाउन के राणा प्रताप बाग इलाके में मंगलवार को शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेन ने स्कूल का उद्घाटन किया। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए एसओएसई में लगभग 4400 सीटों के लिए दिल्ली सरकार को 92 हजार छात्र-छात्राओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं। आतिशी ने कहा कि डॉ. स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस दिल्ली के बेहतरीन स्कूलों में से एक है। इसमें उपलब्ध सुविधाएं शानदार है जिससे गरीब से गरीब तबके से आने वाले बच्चों के लिए भी विश्वस्तरीय शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उद्घाटन समारोह में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस इलाके में कोई भी निजी स्कूल का भवन इतना शानदार नहीं होगा जितना शानदार यह सरकारी स्कूल बन कर तैयार हुआ है।

पहले ऐसे माना जाता था कि जिसके पास भी पैसा है वो अपने बच्चों को निजी स्कूल में भेजेगा और उन्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी और जिसके पास पैसा नहीं है वो अपने बच्चों को मजबूरी में सरकारी स्कूलों में पढ़ाएगा। पेरेंट्स अब मजबूरी में नहीं बल्कि मंजूरी और आत्मविश्वास के साथ अपने बच्चों का सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाते हैं।

## आत्महत्या की कोशिश कर रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**नई दिल्ली।** नंद नगरी इलाके में आत्महत्या के प्रयास का फेसबुक पर लाइव प्रसारण करने वाले युवक को पुलिस के त्वरित हस्तक्षेप से बचाया गया। पुलिस के मुताबिक, उन्हें घटना की जानकारी सोमवार रात करीब 9 बजे मिली और एक टीम रात 9.09 बजे उसके घर पर पहुंच गई।

पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया कि नंद नगरी थाना प्रभारी को सूचित किया कि सोशल मीडिया मंच के माध्यम से घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्हें फेसबुक अकाउंट से जुड़े दो संपर्क नंबर भी प्राप्त हुए हैं। एसएचओ साथियों संग मौके पर पहुंचे। घर पहुंचने पर युवक बेहोशी की हालत में बिस्तर पर पड़ा मिला। उसके माता-पिता ने खुलासा किया कि वह आठ मार्च से तनाव में है और इसका उपचार चल रहा है।

## शरजील व अन्य को बरी करने का आदेश रद्द

**जामिया नगर हिंसा मामला**

● हाईकोर्ट ने निचली अदालत पर रोक लगाते हुए हुए नए आरोप तय करने के दिए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2019 के जामिया नगर हिंसा मामले में जवाहरलाल नेहरू (जेएनयू) विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजील इमाम और कार्यकर्ताओं आसिफ इकबाल तन्हा एवं सफूरा जरगर सहित 11 लोगों को बरी करने के निचली अदालत के आदेश को मंगलवार को आंशिक रूप से रद्द कर दिया और उनके खिलाफ नए आरोप तय करने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रथम दृष्टया इमाम, तन्हा और जरगर सहित 11 आरोपियों में से नौ के खिलाफ दंगा करने एवं अवैध रूप से एकत्र होने का आरोप बनता है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार से इनकार नहीं है लेकिन यह अदालत अपने कर्तव्य को लेकर जागरूक है और इस मुद्दे में इसी तरह से फैसला करने की कोशिश की गई है। शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने का अधिकार शर्तों के साथ होता है। संपत्ति और शांति को नुकसान पहुंचाना कोई अधिकार नहीं है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि हिंसा या हिंसक भाषणों के कृत्य संरक्षित नहीं है और कहा कि प्रथम दृष्टया, जैसा कि वीडियो में देखा गया है, कुछ प्रतिवादी भीड़ की पहली पंक्ति में थे।

## भारत को विश्व गुरु बनने के लिए होगा महायज्ञ : अश्विनी

● 6 से 10 अप्रैल को छतरपुर में पांच दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक धर्म संसद व विश्व गुरु-भारत तथा विश्व शांति के लिए महायज्ञ होगा। यह जानकारी केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने दी।

उक्त जानकारी केंद्रीय राज्य मंत्री चौबे ने राजधानी स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय सनातन संस्कृति समागम में पहले दिन धर्म संसद लगेगा। इसका आयोजन दिल्ली के छत्तरपुर मंदिर परिसर में होगा। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से संत महात्मा सनातन संस्कृति समागम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 4 दिनों तक पांच तत्वों पर आधारित हवन कुंड में यज्ञ एवं पूजन होगा। कार्यक्रम के पूर्व 11 सौ महिलाएं शोभायात्रा निकालेंगी। साथ ही 6 अप्रैल को भव्य हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। सनातन संस्कृति समागम का आयोजन श्रीराम कर्मभूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर एवं नमो सद्भावना समिति हैदराबाद के संयुक्त संयोजन में होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री चौबे ने बताया कि प्रकृति व संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए भी लोक मंथन का आयोजन किया गया है। श्री अन्न के प्रति लोगों में जागरूकता आए, इसे ध्यान में रखकर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। नमो सद्भावना समिति के महासचिव मुरली कृष्ण ने बताया कि कोरोना महामारी से विश्व की रक्षा के लिए 2 साल से विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा था।



केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

भारत ने कोरोना काल में आगे बढ़कर पूरे विश्व की मदद की। इस बार विश्व में शांति समृद्धि के साथ-साथ भारत विश्व गुरु बने इसके लिए यह महायज्ञ हो रहा है।

दक्षिण और उत्तर भारत से बड़ी संख्या में प्रकांड विद्वान यज्ञ कराएंगे। इसमें धर्म संसद का आयोजन होगा। पत्रकार वार्ता के दौरान विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना बाबा नंद मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

PUBLIC NOTICE
FOR LOSS OF ORIGINAL DOCUMENTS

Notice is hereby given to the Public at large that following allotment related documents of Hero Corporate Service Private Limited in respect of unit no. DCG4-901, DCG4-902, DCG4-902A, DCG4-903, DCG4-904, DCG4-905, DCG4-906, DCG4-907, DCG4-908, DCG4-909, DCG4-910, DCG4-911, DCG4-912, DCG4-914, DCG4-915 & DCG4-916 situated at DLF Corporate Greens, Sector 74A, Gurugram, Haryana., have been misplaced and cannot be traced despite all reasonable efforts:-

i. Copy of the Builder Buyer Agreement for aforesaid units
ii. Copy of the Allotment Letter for aforesaid units
iii. Copy of the Possession Letter for aforesaid units
iv. Copy of the Payment Receipts for aforesaid units

All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing documents.

If anyone finds it, kindly return the same at the below mentioned address.

Sd/-
For Hero Corporate Service Private Limited
264, Okhla Industrial Estate
Okhla Phase III, New Delhi 110020

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 29 मार्च, 2023



# गुरुग्राम में बनेगा आम आदमी पार्टी का मेयर: डॉ. सुशील गुप्ता

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी के नगर निगम चुनाव प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने उन्होंने झाड़सा गांव वार्ड नंबर-34 में जनसभा को संबोधित किया और वार्ड पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। वहां मेगा सदस्यता अभियान भी चलाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मंजीत जैलदार, श्रीपाल प्रजापति और शालू

## आम आदमी पार्टी की वार्ड बैठकों से चल रही बदलाव की लहर

प्रजापति ने किया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि गुरुग्राम नगर निगम में इस बार झाड़ू चलेगी। पहली बार मेयर का चुनाव सीधा लड़ा जाएगा। आम आदमी पार्टी का मेयर गुरुग्राम में जीत दर्ज करेगा। सभी 40 वार्डों से आम आदमी पार्टी के पार्षद जीत



गुरुग्राम में नगर निगम चुनावों को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता।

दर्ज करेंगे। वार्ड बैठकों में डॉ. सुशील गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को मोहल्ला कमिटियों के गठन की जिम्मेदारी भी दी।

उन्होंने कहा की गुरुग्राम की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है, वह अब किसी भी हाल में बदलाव चाहती है, गुप्ता ने कहा की आम आदमी पार्टी सभी 40 वार्डों से और मेयर पद के लिए मजबूत उम्मीदवार उतारेगी। आम आदमी पार्टी का मेयर गुरुग्राम को चमकाने का काम करेगी। निगम के भ्रष्टाचार से गुरुग्राम की सड़कों और मूलभूत सुविधाओं की दुर्दशा बद्तर हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन की शुरुआत गुरुग्राम से होगी। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने चुनावों में देरी करके गुरुग्राम की जनता को त्रस्त कर दिया।

उन्होंने कहा कि 2024 में हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी और दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर शिक्षा और स्वास्थ्य क्रांति लाने का काम किया जायेगा। वहीं अबकी बार गुरुग्राम निगम में आम आदमी पार्टी का मेयर होगा।

# शहरों की तर्ज पर विकसित हुए हैं गुरुग्राम के गांव : सुंदर लाल

## ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचा हर ब्रांड, मॉल कल्चर भी हुआ विकसित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी की सरकार में विकास का जो मॉडल तैयार हुआ है, वह अपने आप में अनुकरणीय है। विकास इतना हुआ है कि आज शहरों और गांवों में फर्क नजर नहीं आता। गुरुग्राम के गांव भी अब शहरों की तर्ज पर विकसित हुए हैं। यह बात भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल ने कही। उन्होंने यहां सेक्टर-89 गुरुग्राम-पटौदी रोड पर रिलोड मैन्स फैशन शोरूम का उद्घाटन किया।



गुरुग्राम के सेक्टर-89 में शोरूम का उद्घाटन करते सरपंच सुंदर लाल।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस तरह के बड़े ब्रांड के शोरूम खुलना विकास की तस्वीर को दिखाता है। गुरुग्राम का ग्रामीण अंचल आज बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। गुरुग्राम के चारों ओर विकास नजर आता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर सिकदंरपुर के पूर्व सरपंच रामोतार यादव के भतीजे गुल्लू यादव ने इस शोरूम की शुरुआत करके क्षेत्र में अच्छी शुरूआत की है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उनके इस बिजनेस के ऊंचाइयों पर जाने की कामना की। उन्होंने कहा कि कोई भी काम शुरू करें, उसमें ईमानदारी, पारदर्शिता, गुणवत्ता बहुत जरूरी होनी चाहिए। जहां पर यह सब चीजें होती हैं, वह हर बिजनेस को ऊंचाइयों पर पहुंचाता है। सरपंच सुंदर लाल ने युवाओं के नाम अपने संदेश में कहा कि गुरुग्राम क्षेत्र में खेती-किसानी भले ही कम हुई हो, लेकिन यहां रोजगार के दूसरे अनेक साधन पैदा हुए हैं। युवा नए रोजगार में अपनी किस्मत आजमाएं। आर्थिक रूप से मजबूत होना आसान है, लेकिन उस स्तर को बढ़ाना हर किसी के लिए चुनौती होती है। इसलिए सभी युवा अपने काम में अपना पूर्ण योगदान दें और उस काम, बिजनेस को बुलंदियों पर लेकर जाएं।

# गुरुग्राम विवि में स्वच्छता एक्शन प्लान के तहत हुईं कई प्रतियोगिताएं

**गुरुग्राम।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति लोगों में जन जागरुकता पैदा करके आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य के साथ मंगलवार को गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में स्वच्छता एक्शन प्लान 2022-2023 के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

विवि में आयोजित कविता प्रतियोगिता में खालिदा परवीन, नारा प्रतियोगिता में राज बाबू और बेकार की चीजों में से उत्तम चीज बनाने की प्रतियोगिता में पूजा और आस्था की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी। यह आयोजन गुरुग्राम विश्वविद्यालय की एनएसएस शाखा एवं पावर ग्रिड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

स्वच्छता एक्शन प्लान 2022 - 2023 के तहत आयोजित जागरूकता रैली को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर



दिनेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली लोगो को घरों के आसपास साफ-सफाई रखने का संदेश देती हुई गुरुग्राम विश्वविद्यालय से चलकर गांव समसपुर और तिगरा के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुई।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता का संदेश एवं महत्व गांव-गांव एवं जन जन तक पहुंचाने को कहा। भारत को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। विद्यार्थी अपने परिसर के साथ ही साथ क्लास रूम और आसपास स्वच्छ रख कर स्वच्छता का संदेश जन सामान्य तक पहुंचा सकते हैं।

# संस्कृति मॉडल स्कूल में पढ़ने लिए 400 विद्यार्थियों ने दी लिखित परीक्षा



मंगलवार को सोहना के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में लिखित परीक्षा देते हुए विद्यार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल की कक्षा 9 और 11वीं में दाखिला लेने के लिए 400 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी। आज हुई परीक्षा की कट ऑफ सूची 31 मार्च को जारी की जाएगी। राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी में सीबीएसई पाठ्यक्रम से शिक्षा प्राप्त करने के लिए कक्षा 9 और 11वीं में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा हुई। इस परीक्षा में 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कक्षा 9वीं में 120 तथा 11वीं में 180 विद्यार्थियों को दाखिला दिया जाएगा। जिसमें 90-90 विद्यार्थी हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करेंगे। जबकि कक्षा 9वीं में 120 विद्यार्थियों को दाखिला दिया जाएगा। जिसमें 60-60 विद्यार्थी हिन्दी व अंग्रजी माध्यम से सीबीएसई बोर्ड से पढेंगे। वर्ष 2023-24 के सत्र में संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पढ़ने के लिए कक्षा 9 और 11वी में 400 विद्यार्थियों ने दाखिला लेने के लिए फार्म भरे थे। जबकि दोनों कक्षाओं में कुल सीट 300 है।

## कक्षा 6 में दाखिला के लिए 3 अप्रैल को परीक्षा

**कक्षा** छह में दाखिला लेने वाले इच्छूक विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा 3 अप्रैल को देनी होगी। जिसके लिए दाखिला फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल है। कक्षा 6 में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के फार्म 25 मार्च से जमा हो रहे है। विद्यार्थियों की कला, वाणिज्य और साईंस मेडिकल व नॉन मेडिकल के पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। दाखिला प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच रही है। लिखित परीक्षा में अंक प्रतिशत के आधार पर ही दाखिला किया जाएगा।

**( सुरेन्द्र वर्मा-प्रधानाचार्य संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल )**

# अवाया इंडिया और बाल रक्षा भारत ने बाल संरक्षण संस्थानों के 500 युवाओं को किया सशक्त

## कौशल विकास पहल के तहत 380 को मिला रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बाल** रक्षा भारत (वैश्विक संगठन सेव द चिल्ड्रेन की भारतीय इकाई) ने अवाया इंडिया के साथ मिलकर 380 किशोरों एवं युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में सहायता की है। इन्हें दिल्ली में एक संयुक्त कार्यक्रम 'देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत वाले किशोरों एवं युवाओं का सशक्तीकरण' (ईएवाई-एनसीपी) के तहत व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षण दिया गया था। इनमें से एलुमनी ग्रुप का हिस्सा बनने वाले 150 युवाओं को नई दिल्ली में आयोजित 'यूथ कॉन्क्लेव 2023' में सम्मानित किया गया।

पहल के तहत बाल संरक्षण संस्थानों में रहने वाले 15 से 24 साल की उम्र के 500 किशोरों व युवाओं (पहले वर्ष के 200, दूसरे वर्ष के 300) को वित्तीय साक्षरता, कम्युनिकेशन स्किल, लाइफ स्किल जैसे कौशल में पारंगत किया गया। साथ ही उन्हें मानसिक व सामाजिक सहयोग भी दिया गया। इनमें से 60 प्रतिशत 18 से 24 साल की लड़कियां हैं और उन्हें सफलतापूर्वक बीपीओ, रिटेल स्टोर, फूड एंड बेवरेज सेक्टर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन आदि के रूप में रोजगार मिल गया है। इनमें से कुछ ने स्वरोजगार का रास्ता चुना है। बाल रक्षा भारत ने बाल संरक्षण संस्थानों में रहने वाले इन बच्चों को प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ा। लड़कियों को इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए, जिससे उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसर मिलें और उनका जीवन सुगम हो। इस मौके पर अवाया (भारत एवं दक्षेस) के मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल अग्रवाल ने कहा, अवाया में इस तरह की पहल से हमारा विशेष जुड़ाव है। हम मानते हैं कि जीवन में प्रगति इस बात पर



निर्भर करती है कि आपको अवसर कैसा मिला। इसीलिए हम बच्चों के कौशल विकास की संभावनाओं के द्वारा खोलना चाहते हैं। इस पहल की शुरुआत कोविड लॉकडाउन के दौरान की गई थी। बाल रक्षा भारत के सीईओ सुदर्शन सुचि ने कहा, ये बच्चे विकसित भारत के सपने के प्रतिनिधि हैं और यह कौशल विकास देश के लिए उनका योगदान है। सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन ने न केवल कौशल विकास के प्रयासों को एकजुट किया है, बल्कि इन्हें गति भी दी है।

हम इन बच्चों के कौशल विकास के लिए हमारे साथ गठजोड़ करने के लिए अवाया इंडिया का धन्यवाद करते हैं। केंद्रों को ऑडियो-वीडियो यूनिट, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप, वेबकैम और इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा दी गई थी। बाल रक्षा भारत ने प्रमाणपत्र प्रदान करने वाले कई प्रशिक्षण संस्थानों से भी साझेदारी की है, जिससे इस कार्यक्रम की महत्ता बढ़ जाती है। जरूरत के मुताबिक बच्चों को मानसिक एवं काउंसिलिंग संबंधी सहयोग भी दिया गया। भारत सरकार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण केवल 27 प्रतिशत बाल संरक्षण संस्थानों में ही उपलब्ध है। विभिन्न राज्यों में यह 10 से 64 प्रतिशत तक है। लाइफ स्किल से 84 प्रतिशत और किसी प्रशिक्षण संस्थान से गठजोड़ 2 से 63 प्रतिशत तक है।

# कार की टक्कर से चाचा-भतीजा घायल भतीजे की हालत गंभीर

**सोहना।** गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर वडोदरा फ्लाइऑवर के नीचे तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल। उपचाराधीन घायल भतीजा के 24 घंटा बाद भी होश नहीं। भोंडसी पुलिस ने घायल चाचा की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी राजेश ने पुलिस को बताया कि वह हाल में गुरुग्राम के पास नूरपुर गांव में रहता है।

सोमवार को तीन के तीन बजे वह और उसके भतीजा विष्णु बाइक पर सोहना से नूरपुर जा रहे थे। जब वे एलिवेटेड मार्ग पर मुंबई वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग के बने फ्लाइऑवर के नीचे पहुंचे। उसी समय एक तेज रफ्तार कार को चालक पूरी लापरवाही से चलाते हुए लाया और उनकी कार में सीधी टक्कर मार दी। जिससे वे दोनों बाइक समेत सड़क के बीच में गिर गए और दोनों को काफी चोटें आई। आसपास से दौड़ कर आए राहगीरों ने उन्हें घटना स्थल से बादशाहपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। उसने अपना मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बनवाया। लेकिन उसके भतीजे विष्णु को 24 घंटा के बाद भी होश नहीं आया है। जिसकी हारत गंभीर बनी हुई है।

# संक्षिप्त समाचार

## दो तरफा यातायात के लिए छह लेन की बनाई जाएगी हैमिल्टन कोर्ट रोड व व्यापार केंद्र रोड

**गुरुग्राम।** शहर के सेक्टर-27/28 हैमिल्टन कोर्ट रोड और सेक्टर-28/42 व्यापर केंद्र रोड के बीच की दोनों मास्टर रोड के पुनर्विकास के एजेंडे पर चर्चा की गई। ये दोनों सड़कें लगभग 2.1 किलोमीटर की हैं। इन क्षेत्रों में रोजाना अत्यधिक मात्रा में यातायात का दबाव रहता है। यह निर्णय गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की 59वीं कोर प्लानिंग सेल (सीपीसी) बैठक में लिया गया। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में इन दोनों 4-लेन की सड़कों हैमिल्टन कोर्ट और व्यापार केंद्र रोड पर यातायात की आवाजाही एकतरफा है। नए प्रस्तावित डिजाइनों के तहत हैमिल्टन कोर्ट रोड और व्यापार केंद्र रोड को दो-तरफा यातायात के साथ 6 लेन तक चौड़ा किया जाएगा। इसमें सेंट्रल वर्ज, 1.8-मीटर चौड़ा फुटपाथ, 2.5-मीटर चौड़ा साइकिल ट्रैक और दोनों तरफ5.5 मीटर चौड़ी सर्विस रोड होगी। इसमें यू-टर्न और टेबल टॉप क्रॉसिंग का प्रावधान भी शामिल किया जाएगा। मौजूदा इलेक्ट्रिकल स्ट्रीट लाइट को सोलर स्ट्रीट लाइट में बदला जाएगा। इन सड़कों के पुनर्विकास की परियोजना में स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा हैमिल्टन रोड पर 1250 नए पेड़ लगाए जाएंगे और 533 फोर व्हीलर वाहनों के लिए पार्किंग स्थल भी तैयार किए जाएंगे। 650 फोर व्हीलर वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था के साथ व्यापार केंद्र रोड पर लगभग 1452 नए पेड़ लगाए जाएंगे। सड़क का सौंदर्यीकरण और गार्डन फ्नीज़्चर लगाने का काम भी किया जाएगा। इन दोनों पुनर्विकास कार्यों के तहत नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) के तहत सर्विस लेन को भी इस परियोजना के अभिन्न अंग के रूप में विकसित किया जाएगा।

## एक को राजकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव के साथ होंगे दाखिले

**सोहना।** राजकीय स्कूलों में एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाते हुए नई कक्षाओं में विद्यार्थियों का दाखिला किया जाएगा। नये सत्र में दाखिला प्रवेश उत्सव के माध्यम से करने के लिए सभी राजकीय स्कूल प्रभारियों को आदेश जारी कर दिए है। एक अप्रैल से शुरु होने जा रहा शिक्षा के क्षेत्र में नये सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का राजकीय स्कूलों में दाखिला कराया जाएगा। ताकि एक भी विद्यार्थी पढ़ाई से दूर न जा सके। ब्लॉक एलीमेंट्री/बीआरसी डॉक्टर संतोष ने बताया कि वर्ष 2022-23 सत्र में वार्षिक परीक्षाओं लेने की प्रक्रिया लगभग पूरी होने जा रही है। अब नया सत्र 2023-24 में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का राजकीय स्कूलों में दाखिला कराने का उद्देश्य लिया है। खंड के सभी 130 राजकीय स्कूलों में एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। प्रवेश उत्सव वाले दिन अधिक से अधिक विद्यार्थियों के दाखिले किए जाएंगे। प्रवेश उत्सव के अवसर पर कक्षा 11वीं को छोड़ अन्य सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों के दाखिले किए जाएंगे। जिसके लिए सभी 22 सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य, पांच हाईस्कूल प्रभारी, 20 मिडल स्कूल व 83 प्राथमिक पाठशालाओं के प्रभारियों को सूचित कर दिया है। डॉक्टर संतोष ने बताया कि इस वर्ष राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या पहले से अधिक बढ़ाने का लक्ष्य लिया है। 31 मार्च को कक्षा 10 और 12वीं को छोड़ सभी कक्षाओं में ली गई परीक्षा का परिणाम सुनाया जाएगा।

## अधिकारी तय समय में आमजन की समस्याएं निपटाएं



**गुरुग्राम।** मंगलवार को जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। इनमें मुख्य रूप से निगम की वार्डबंदी व निगम क्षेत्र में अतिक्रमण से संबंधित समस्याएं रही। डीसी ने सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जल्द से समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। डीसी निशांत कुमार यादव के सामने बिजली, पानी, बीपीएल कार्ड, बुढ़ापा पेंशन से संबंधित समस्याएं भी रखी गई। इस पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को अग्रेसित करते हुए इन्हें तय समय में दूर करने को कहा। जनसुनवाई के दौरान फसल गिरदावरी की शिकायत लेकर पहुंचे किसानों से डीसी ने कहा कि जिस भी किसान के खेत में फसल खराबा हुआ है, वह 72 घंटे में उसकी शिकायत क्षति पूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाएं। इससे पुख्ता डाटा सरकार के पास जाता है। जैसे ही पोर्टल पर शिकायत आएगी तो उसके बाद संबंधित विभागों द्वारा कर्मचारी भेजकर वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। डीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों से समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों से कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिला के सभी उपमंडल पर संबंधित एसडीएम भी सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 11 बजे से 1 बजे तक आमजन की शिकायतों की सुनवाई करते है। ऐसे में आप अपनी शिकायतें वहां भी दे सकते है। डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय में 21वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट देवर्षि सचान से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। गुरुग्राम के रहने वाले देवर्षि नें 21वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में शॉर्ट पुट व क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

# विदेश राज्यमंत्री ने बिम्सटेक बैठक में मिलेट डिप्लोमेसी की चर्चा की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**25वीं** वर्षगांठ के मौके पर कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय बिम्सटेक कॉन्फ्रेंस में मिलेट डिप्लोमेसी का विषय चर्चा में रहा। इस दौरान मिलेट्स यानी मोटे अनाजों को लेकर क्षेत्रीय गठजोड़ का प्रस्ताव सामने आया। बैठक के पहले दिन विदेश राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने बिम्सटेक के सदस्य देशों और देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में खाद्य संकट को दूर करने की दिशा में भारत की मिलेट डिप्लोमेसी को उल्लेखनीय बताया। बिम्सटेक के उद्घाटन सत्र में सिंह ने कहा, यह अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष है और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे बहुत महत्व दिया है। मोटे अनाज मौसम की विपरीत परिस्थितियों में भी उपज जाते हैं और इनमें पोषक तत्व भी पर्याप्त होते हैं। हमें इनकी लोकप्रियता को बढ़ाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। ये अनाज सभी भौगोलिक परिस्थितियों में उपजते हैं और इनमें कम पानी लगता है। इसलिए हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए।

आईएससीएस के डायरेक्टर अरिंदम मुखर्जी ने दो दिन की चर्चा पर आधारित कोलकाता डिक्लेरेशन पढ़ा और उम्मीद जताई कि बैठक में उठा मुद्दा समस्या को कम करने और क्षेत्रीय गठजोड़ बढ़ाने में सहायक होगा। जलवायु परिवर्तन को लेकर आयोजित तकनीकी सत्र में सेंटर फॉर भूटान एंड जीएनएच स्टडीज (सीबीएस) के शोधकर्ता श्री संजय वांगडी ने जलवायु परिवर्तन के खतरे पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, भूटान के संविधान में 60 प्रतिशत फॉरेस्ट कवर अनिवार्य किया गया है और इस समय भूटान में 70 प्रतिशत से ज्यादा फॉरेस्ट कवर है। वैश्विक स्तर पर समस्या यह है कि जो क्षेत्र ठंडे थे वे ज्यादा ठंडे और जो गरम थे वे ज्यादा गरम हो रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का जलस्तर बढ़ना, मौसमी आपदाएं बढ़ना, ग्लेशियर फटना और कृषि क्षेत्र में




संकट जैसी स्थितियां बन सकती हैं।' श्रीलंका के इंटरनेशनल वाटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (आईडब्ल्यूएमआई) के प्रतिष्ठित विज्ञानी डॉ. हेरात मंत्रितिलके ने कहा, 'खाने की बर्बादी और पोषण पर चर्चा बहुत जरूरी है। यह कहने में कोई संशय नहीं है कि हमारा फूड सिस्टम बदला है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति पोषण के बजाय मात्रा पर केंद्रित है। अजरबैजान, आइलैंड, स्विट्जरलैंड और यूएई में हर व्यक्ति स्वस्थ खानपान में सक्षम है। लेकिन श्रीलंका में रोजाना 3963 टन खाना बर्बाद हो जाता है। हमारा लक्ष्य श्रीलंका ही नहीं, अन्य देशों में भी खाने की बर्बादी रोकना है।'

रॉयल यूनिवर्सिटी ऑफ भूटान के नॉर्बलिंग रिग्टर कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर जिग्मे निदप ने सदस्य देशों में सहयोग की वकालत की। उन्होंने कहा कि बिम्सटेक यूनिवर्सिटी का विचार अच्छी योजना हो सकती है। इससे पड़ोसी देशों के बीच साझा गठजोड़ और रिसर्च प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिलेगा।

# ड्यूरेक्स बर्ड्स एंड बीईईएस टॉक प्रोग्राम ने अपनी पहली रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट जारी की

## उत्तर पूर्वी राज्यों के बाद गुजरात और दिल्ली में विस्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** वाले एडीशन कंज्यूमर हैल्थकेयर में ग्लोबल लीडर, रैकिट ने आज ड्यूरेक्स बर्ड्स एंड बीईईएस टॉक प्रोग्राम (टीबीबीटी) के विस्तार की घोषणा की। यह कार्यक्रम गुजरात और नई दिल्ली में 10 से 19 साल के किशोर बच्चों पर केंद्रित है। एसोचैमफाउंडेशन फॉर कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (एएफसीएसआर) के साथ गठबंधन में इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस साल इन दोनों राज्यों में 15 मिलियन किशोर बच्चों को लाभान्वित करना है। इस विस्तार के साथ कार्यक्रम के अंतर्गत थीम गान 'प्रोटेक्टेड'लॉन्च किया गया है, जो इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत पांच मुख्य स्तंभों कंसेंट, ईक्विटी, समावेशन, जागरुकता और सुरक्षा पर केंद्रित है। ड्यूरेक्स बर्ड्स एंड बीईईएस टॉक प्रोग्राम ने अपनी पहली सोशल रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (एसआरओआई) इवैल्युएशन स्टडी रिपोर्ट जारी की, जिसमें सामने आया कि इस कार्यक्रम में निवेश किए गए हर एक से 24.40 रुपये के सामाजिक मूल्य का उत्पादन हुआ। प्लान इंडिया




और रैकिट के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन उत्तर पूर्व के 6 राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम में किया जा चुका है। ऑफलाइन और डिजिटल प्लेटफॉम्स द्वारा टीबीबीटी आज तक इन राज्यों के 4 मिलियन युवाओं तक पहुंच चुका है। इन राज्यों की सरकारों के सहयोग से लॉन्च किए गए टीबीबीटी में 2 स्तर का इंटरैक्टिव और एनिमेटेड पाठ्यक्रम है, जिसमें बड़े होने और जीवन के कौशल शामिल हैं, ताकि समावेशन, जागरुकता, सहमति, जागरुकता और सुरक्षा के मुख्य सिद्धांतों को बढ़ावा मिले। रैकिट साउथ एशिया के एग्ज़िक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, गौरव जैन ने कहा, रैकिट में हम किशोर बच्चों को जीवन में परिवर्तनकारी अनुभवों में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनके लिए ढलना और अनुकूलन आवश्यक है। पिछले तीन सालों में ड्यूरेक्स बर्ड्स एंड बीईईएस टॉक प्रोग्राम उत्तर पूर्वी राज्यों में प्लान इंडिया के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया गया है।

यह किशोर बच्चों और युवाओं को बड़े होने से जुड़े अनुभव और कौशल सिखाने पर केंद्रित है। दीपक सूद, सेक्रेटरी जनरल,एसोचैमएंड ट्रस्टी, एसोचैमफाउंडेशन फॉर कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी ने कहा, हमें रैकिट के सबसे सफल प्रोग्रामों में से एक, ड्यूरेक्स बर्ड्स एंड बीईईएस टॉक के लिए उनके साथ साझेदारी करने की खुशी है। हम इसे गुजरात और नई दिल्ली के विभिन्न जिलों में ले जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हमारा उद्देश्य 15 मिलियन से ज्यादा किशोर बच्चों को शक्ति, सुरक्षा और खुशी की सही ज्ञान प्रदान करना है ताकि उनका स्वास्थ्य, सेहत और विकास सुनिश्चित हो। यह कार्यक्रम पॉप-सांस्कृतिक संदर्भों, इन्फ्लुएंसर्स के साथ संलग्नता और संचार के लिए टेक्नॉलॉजी के उपयोग की मदद से विद्यार्थियों के बीच स्वस्थ व्यवहार, विश्वास के साथ निर्णय लेने, सहमति के बारे में ज्ञान, और समानता एवं समावेशन निर्माण की जागरुकता बढ़ाएगा। प्लान इंडिया के एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, मोहम्मद आसिफ ने कहा, प्लान इंडिया भारत के अलग-अलग हिस्सों में दो दशकों से ज्यादा समय से सभी बच्चों, किशोरियों, युवा महिलाओं और पुरुषों के लिए यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं एवं अधिकारों में सुधार के लिए काम कर रहा है।

# अग्रसैन चौक पर तत्काल लगेंगे दो गतिरोध : प्रदीप मलिक

**सोहना।** शहर के अग्रसैन चौक पर सड़क हादसों में कमी को लेकर तत्काल में दो गतिरोध(स्पीड ब्रेकर) लगाएं जाएंगे। उच्चाधिकारियों के साथ जिला स्तरीय होने वाली बैठक में चौक पर रैड लाइट लगाने की मांग की जाएगी।

तावडू जाने वाले मार्ग पर शहर अग्रसैन चौक दिन प्रति दिन हादसों का चौक बनता जा रहा है। तावडू से आने वाले वाहनों की चपेट में आने से नागरिक बेमौत का शिकार बन रहे है। इस चौक पर घाटी से उतरते समय वाहनों की गति कई बार बेकाबू हो जाने से सड़क किनारे बनें मकान व दुकानों में घुस जाते है। इसके अलावा दो से तीन लोग हर साल चौक को पार करने के दौरान सड़क हादसों में अपनी जान से हाथ धौ बैठते है। हाल ही में तावडू से आने वाले मार्ग के घाटी क्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य चल रही है। सड़क मरम्मत के दौरान पहले से लगे गतिरोधकों को समाप्त कर दिया है। जिससे घाटी से उतरने वाले वाहन पूरी गति के साथ आ रहे है। तीन दिन पहले भी 59 वर्षीय वार्ड-13 के निवासी को रात के समय दस टायरा गाड़ी ने सड़क पार करते समय कूचल दिया था। जिससे 59 वर्षीय व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी।

**स्पीड ब्रेकर व रैड लाइट लगाने की मांग :** मंगलवार को वार्ड-13 समेत



मंगलवार एसडीएम प्रदीप मलिक सोहना के अग्रसैन चौक पर गतिरोधक लगावाएं जाने की मांग पर निरीक्षण करते हुए।

आसपास के बाजारों में बैठें दुकानदारों ने चौक पर रैड लाइट लगाने की मांग करते हुए एकजुट हुए थे। जिसकी सूचना एसडीएम प्रदीप मलिक को मिली। सूचना मिलने के साथ ही एसडीएम प्रदीप मलिक ने मौके पर पहुंच चौक का स्थानीय निवासी और दुकानदारों के साथ मिलकर निरीक्षण किया। घाटी से उतरने वाले वाहनों की गति को अपने सामने देखा।

"**अग्रसैन** चौक पर तुरन्त प्रभाव से तावडू जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ तुरन्त प्रभाव से गतिरोध लगाने के आदेश जारी कर दिए है। जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक में चौक पर रैड बत्ती लगवाने की मांग रखी जाएगी। उच्चाधिकारियों की मंजूरी मिलने पर रैड बत्ती भी लगाई जाएगी।

**( प्रदीप मलिक-एसडीएम सोहना )**

# बीके : रेडक्रॉस के पुनर्वास केन्द्र का होगा जीर्णोद्धार

### टीम ने केंद्र में पहुंच कर लिया जर्जर इमारत का जायजा

**कविता।** फरीदाबाद

**भारतीय** रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से बीके सिविल अस्पताल में चल रहे पुनर्वास केन्द्र का जीर्णोद्धार अब जल्दी ही करवाया जाएगा। यहां पिछले दिनों भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा की वाइस चेयरमेन सुषमा गुप्ता ने इस पुनर्वास केंद्र का दौरा किया था। जिस पर उन्होंने केंद्र की जर्जर इमारत को देखते हुए उन्होंने शीघ्र ही जीर्णोद्धार करने की बात आगे रखी थी। जिसको उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्ग दर्शन में जिला रेडक्रॉस सचिव द्वारा कार्य को आगे बढ़ाते हुए एस्टीमेट तैयार करके इस कार्य को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के पास भेज दिया था। जहां भारतीय रेडक्रॉस की तरफ से हरियाणा सरकार के माध्यम से इस सेंटर का रेनोवेशन करवाया जाएगा। जिसके लिए वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता ने अनुमति दे दी है।



रेडक्रॉस में नाप लेते हुए टीम के सदस्यों संग डॉ. राकेश और जयपाल।


बीके अस्पताल में मौजूद रेडक्रॉस सोसायटी का पुनर्वास केंद्र।

**सेंटर का विस्तार :** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से बीके अस्पताल में चल रहे पुनर्वास केन्द्र में दिव्यांगजनों को कई तरह की सुविधाओं के संग यहां पर एक फिजियोथैरेपी सेंटर भी चलाया जा रहा है। जिसमें फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. राकेश द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और जयपाल द्वारा दिव्यांगजनों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इस बारे में डॉ. राकेश और जयपाल ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से करीब 20 से 25 लाख रुपये में फिजियोथैरेपी सेंटर का विस्तार किया जाएगा। जिसमें 30 बाई 35 का हॉल बनाया जाएगा। इसके अलावा पुराने पुनर्वास केन्द्र की इमारत का रेनोवेशन करने का काम किया जाएगा।

**चार जिलो में इकलौता:** डॉ. राकेश और जयपाल ने बताया कि बीके अस्पताल में चल रहा पुनर्वास केन्द्र चार जिलों में एक मात्र ऐसा केन्द्र है, जो दिव्यांगजनों को सुविधाएं दे रहा है। जिसको पुन: सुसज्जित करने का रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद एक बेहतर प्रयास करने जा रही है।

**किया दौरा:** सचिव विजेन्द्र सौरोत, पुरुषोत्तम सैनी, डॉ. राकेश कुमार और जयपाल ने निर्माण केन्द्र से आए अधिकारी गणों के साथ इस कार्यों को अंतिम रूप देने के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं केन्द्र की माप-तोल करवाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाई बसंती पूजा



**फरीदाबाद।** चैत नवरात्री के सप्तमी के दिन मां के आशीर्वाद से फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर-16 में बसंती दुर्गा पूजा की तैयारी धूमधाम से मनाई गई। इस बार बसंती दुर्गा पूजा के अवसर पर फरीदाबाद कालीबाड़ी द्वारा आयोजित लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम जो अपने आप में एक मिशाल है। इसी क्रम में सोमवार की शाम को कलाकारों के साथ नृत्य एवं गीत के पश्चात संध्या 7.30 बजे से फरीदाबाद कालीबाड़ी के सदस्यों एवं उपस्थित दर्शकों ने सुदूर बंगाल के नृत्य का भरपूर आनंद लिया। मंदिर के प्रधान डॉक्टर प्राणजीत भौमिक ने बताया कि मंगलवार को सुबह साढ़े 11 बजे से पुष्पांजलि के साथ साथ माता रानी के आरती भी हुई। जिसमें निम्मी भौमिक, संजय मित्तल, मीनू मित्तल ओ भूमिका मित्तल मजबूत रहे। फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर 16 द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली बसंती दुर्गापूजा नवरात्री के दौरण होता है। इस मौके पर महासचिव एके पंडित ने बताया कि लंगर की भी व्यवस्था की गई।

### जिले में राशन की कालाबाजारी करने वालों पर छापेमारी



**फरीदाबाद।** सीएम फ्लाइंग की टीम को एक गुप्त सूचना के आधार पर मनीष कुमार पुत्र राम सकल निवासी बल्लभ गढ़ जो विष्णु कॉलोनी बल्लभगढ़ में डिपो होल्डर है के द्वारा सरकारी राशन के गेहूं की कालाबाजारी की हुई है। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश कुमार चैची ने बताया कि सूचना के आधार पर सहायक उप निरीक्षक, महेंद्र सिंह ई उप निरीक्षक सतीश कुमार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा गिरीश मिश्रा निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फरीदाबाद की संयुक्त टीम के साथ मनीष कुमार का राशन डिपो का मौका पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मौका निरीक्षण पर इस राशन डिपो पर निर्धारित मात्रा से 124 कट्टे गेहूं के कम मिले और चीनी 98 किलो कम पाई गई तथा बाजरा 110 कट्टा फालतू मिला है। जिससे स्पष्ट प्रतीक होता है के इनके द्वारा सरकारी राशन की कालाबाजारी की हुई है। इस संबंध में गिरीश मिश्रा निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फरीदाबाद की शिकायत पर स्थानीय पुलिस थाना आदर्श नगर जिला फरीदाबाद में अपराधिक अभियुक्त अंकित कराया जा रहा है। मौका पर राशन डिपो फोल्डर उपस्थित ना होने के कारण इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### एक अप्रैल को होगा पटौदी ट्रॉफी का ट्रायल

**फरीदाबाद।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाली अंतर जिला आयुवर्ग 19 के लिए ओपन ट्रायल शनिवार यानी एक अप्रैल 2023 को रावल क्रिकेट ग्राउंड, भूपानी नहर पार सुबह 9 बजे से कराये जाऐंगे। ट्रायल में वहीं खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। जिनका जन्म एक सितम्बर 2004 या इसके बाद हुआ हो। ट्रायल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी अपना डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, वोटर कार्ड और पिछले तीन वर्षों का फरीदाबाद स्कूल में पढ़ने का रिकार्ड लेकर जाऐं। इस विषय में जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य मनोज भारद्वाज ने बताया कि यह ट्रायल पटौदी ट्राफी ट्रायल है। जिसमें फाईनल हुए खिलाड़ी आगामी दिनों में पटौदी ट्राफी टुर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

### कोरोना के 11 पॉजिटिव, आठ स्वस्थ्य

**फरीदाबाद।** शहर में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को जहां 10 मरीज पॉजिटिव पाए गए थे। वहीं मंगलवार को जिला स्वास्थ्य विभाग ने 11 मरीजों की पुष्टि की है। जिसमें तीन मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि आठ मरीजों को पूरी तरह से स्वास्थ्य घोषित कर दिया गया है। फिलहाल जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 58 पर पहुंच गया है। जिसमें पांच पॉजिटिव मरीज अस्पताल में और 53 मरीज होम आईसोलेशन में है। जिले में मंगलवार को 298 मरीजों के सैम्पल जांच किए गए। जिसमें सरकारी के 89 और निजी प्रयोगशाला के 38 मरीजों के सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह शाम की ठंड से कोरोना के मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है।

### दूसरे दिन भी जारी रही क्रमिक भूख हड़ताल



**फरीदाबाद।** सरकार की वादाखिलाफी और अफसरशाही के खिलाफ नगर निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी की क्रमिक भूख हड़ताल जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने सरकार को चार अप्रैल तक मानी गई मांगों के पत्र जारी करने समेत अन्य मांगों को लागू करने की मांग की है। अन्यथा संघ 4 अप्रैल के बाद राज्य कमेटी की बैठक बुलाकर हड़ताल का ऐलान करेगा। विरोध प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण सिंह खांडिया ने की तथा मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव कृष्ण चंडालिया ने किया। कर्मचारियों को नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री राज्य उपाध्यक्ष कमला राज्य सचिव अनूप चंडालिया सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला वरिष्ठ उप प्रधान बलबीर सिंह बालगोहर कर्मचारी संघ के जिला सचिव नानक खेरालिया जिला कैशियर अनिल चंडालिया ने फूल मालाएं पहनाकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठाया।

### जज बीएस वालिया ने किया न्यायिक परिसर का निरीक्षण



**फरीदाबाद।** पंजाब एण्ड हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायधीश बीएस वालिया ने न्यायिक परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायिक परिसर में कानून व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं बारे दिए दिशा-निर्देश दिए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी हरीश गोयल, न्यायिक मुख्य दंडाधिकारी तैयब हुसैन ने उच्च न्यायालय के न्यायधीश का न्यायिक परिसर में पहुंचने पर स्वागत किया।

### विद्यार्थियों को वितरित की सात लाख की स्कॉलरशिप

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद घरौड़ा स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को स्कॉलरशिप प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी नर्सरी से लेकर 11 वीं कक्षाओं में वर्ष भर में बेहतर प्रदर्शन कराने वाले विद्यार्थियों को सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा उनके अभिभावक भी मौजूद रहें। वहीं विद्यालय में आईआईटी एमबीबीएस,मैनेजमेंट आदि कोर्स की तैयारी कराने वाले नामचीन शिक्षा के इंस्टिट्यूट जैसे राजस्थान कोटा का एएलएलईएन व रोबोटिक लैब के सेमिनार का आयोजन किया गया। इसी के साथ अभिभावकों के लिए युवराज सिंह क्रिकेट अकेडमी की बारिक जानकारी व सैल्फी इस्टैंड, बेहतर सुविधाएं स्कूल प्राणय में मौजूद रहीं। इस क्रम में विद्यालय के चैयरमैन धर्मपाल यादव ने विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय की तरफ से विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए हमने लगभग सात लाख रुपए की स्कॉलरशिप दी है।

# खंभे से टकराई अनियंत्रित कार में आग लगने से एक की मौत, दो लोग घायल

### मृतक युवक गृह प्रवेश की पार्टी देकर दोस्तों संग घर लौट रहा था

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


क्षतिग्रस्त कार को हटाती क्रेन।


पोस्टमार्टम के इंतजार में बैठे मृतक के परिजन। इंसैट में नितिश का फाइल फोटो।

**बल्लभगढ़** के मलेरना रोड पर बीती रात तेज रफ्तार से दौड़ रही एक कार ने बिजली के खंभे को जोरदार टक्कर मार दी। खंभे टूटकर गिरने से कार में लग गई। इस दुर्घटना में कार पर सवार तीनों घायलों को पुलिस ने लोगों की मदद से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक युवक अपने दोस्तों को गृह प्रवेश की पार्टी देकर बीती रात घर लौट रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं अस्पताल में दाखिल अन्य दोनों युवकों की हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक अशोक नामक व्यक्ति ने हाल ही में सेक्टर 65 में अपना नया मकान बनाया है। सोमवार को नए मकान के गृह प्रवेश के मौके पर समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें उन्होंने अपने रिश्तेदारों के साथ साथ पारीवारिक मित्रों को भी बुलाया था।

इस समोहर में उनके 25 वर्षीय बेटे नितिश के आदर्श नगर में रहने वाले दोस्त भारत और रूपेश भी आए हुए थे। शाम को समारोह खत्म होने के बाद नितिश अपने दोनों दोस्तों के साथ अपनी वारना कार पर सवार होकर पार्टी करने के लिए चला गया था। इधर उधर खाने पीने के दौरान उन्हें काफी देर हो गई। रात करीब 12 बजे के आसपास तीनों युवक कार पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान नितिश जल्दी पहुंचने के चक्कर में तेज रफ्तार से कार दौड़ा रहा था। तभी मलेरना रोड से गुजरने के दौरान उसे सड़क किनारे लगा बिजली का खंबा नजर नहीं आया।

जिसके कारण उसकी तेज रफ्तार कार सीधा बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर लगते ही खंबा टूट कर सीधा कार के ऊपर आ गिरा। बिजली का तेज करंट दौड़ते ही कार में आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार जलती देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। आसपास रहने वाले लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे तीनों युवकों को किसी तरह बाहर निकाला। तीनों निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों नितिश को मृत घोषित कर दिया। जबकि भारत और रूपेश को गंभीर हालत में दाखिल कर लिया गया है। जहां उनकी हालत अभी भी चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेल करने वाला आरोपी यूपी से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने दुष्कर्म तथा ब्लैकमलिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम शोभित मार (22) है। आरोपी उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के गांव खाडाखेड़ा का रहने वाला है। आरोपी लडकी के पडोस में किराए पर कहता था। आरोपी मजदूरी का काम करता है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी शोभित कुमार।

आरोपी ने पीडित के साथ छेड़छाड़ की, उसकी अश्लील फोटो बनाकर संबंधियों के पास वायरल कर दी थी व जान से मारने की धमकी दी जिसकी सूचना पीड़िता ने महिला थाना सेन्ट्रल को दी जिसपर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम ने कई बार रेड की, तीन बार गिरफ्तारी वारंट जारी कराए व इश्तिहार जारी कराए, महिला थाना पुलिस टीम को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी का हरदोई उत्तर प्रदेश का लगा जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए एएसआई अजय सिंह के नेतृत्व में एचसी कविता, सिपाही अंकित व जयवीर की टीम नियुक्त की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को गांव खाड़ाखेड़ा हरदोई से महिला थाना सैन्ट्रल के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग मोबाइल में सिम कार्ड बरामद किया गया। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया छठ का समापन


पूर्वी सेवा समिति द्वारा बने घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए लगी भीड़।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उगते** सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिन से चल रही चैती छठपूजा का समापन हो गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में छठपूजा की रौनक देखी गई। घाटों पर सुबह से ही उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी।

नदी और नहरों से दूर रहने वाले लोगों ने आसपास कुंड बनाकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पर 36 घंटे तक महिलाओं ने व्रत रखा। मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने अपना व्रत खोला। चार दिनों तक चलने वाला आस्था का छठ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। लाखों लोगों ने जिले के विभिन्न हिस्सों में बने घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया।

शहर में कुछ स्थानों पर देर रात तक घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ थी। यह व्रत महिलाएं अपने पति व बेटों के लिए रखती हैं। छठ में भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। यहीं एक ऐसा पर्व है, जिसमें किसी पुरोहित की जरूरत नहीं होती।

# लीडरशिप एकेडमी, विद्याज्ञान को चिल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उत्तर** प्रदेश के अंतर्गत आर्थिक रूप से वंचित और मेधावी छात्रों के लिए समर्पित रूरल लीडरशिप एकेडमी, विद्याज्ञान को शिक्षा श्रेणी में प्रतिष्ठित चिल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। दिल्ली सरकार के बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संस्थापित यह पुरस्कार बाल अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो देश में हो रहे अच्छे कार्यों की खोज करने, पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। विद्याज्ञान को यह पुरस्कार उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण भारत के वंचित छात्रों की पहचान, भविष्य के लीडर्स के रूप में करने और उनका पोषण करने के एवज में प्रदान किया गया है।




विद्याज्ञान लीडरशिप एकेडमी, सामाजिक समानता के लिए भागीदारी शिक्षण और संरचनाओं के आधार पर सीखने को बढ़ावा देती है। विद्याज्ञान न सिर्फ बच्चों को वैश्विक तौर पर चल रहीं मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बनाता है, बल्कि संबंधित बदलाव लाने के लिए उन्हें प्रबल भी बनाता है। अपनी पहल और प्रयासों के माध्यम से यह संस्थान माध्यमिक विद्यालय शिक्षा और युवाओं के विचारों में परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है। रोशनी नादर मल्होत्रा, ट्रस्टी, शिव नादर फाउंडेशन, ने कहा, हम चिल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड प्राप्त करने को लेकर दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आभारी हैं। विद्याज्ञान के लिए, शिव नादर फाउंडेशन का दृष्टिकोण ग्रामीण भारत के वंचित और मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। वर्ष 2009 में अपनी स्थापना के बाद से, विद्याज्ञान की 100% नि:शुल्क और उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से 2500 से अधिक वंचित छात्र लाभ ले चुके हैं। हमारे समस्त पूर्व छात्रों ने अग्रणी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों से उच्च शिक्षा ग्रहण की है। यह पुरस्कार समारोह बच्चों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को पहचानने के लिए एक बेहतर मंच के रूप में उभरा है। ये पुरस्कार 12 श्रेणियों प्रदान किए जाते हैं, जिनमें राजनीति, न्यायविद, पत्रकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण, बाल संरक्षण, कला, शिक्षा, खेल, व्यवसाय और सार्वजनिक सेवा शामिल हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के छठे दिन किया योग से शुरू

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में गत 23 मार्च से चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छटे दिन भी स्वयंसेवकों ने शिविर की शुरुआत योग से की।

शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में हरीश जो एनएसएस के ऐसे स्वयंसेवक हैं जिन्होंने राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया हुआ है और राष्ट्रपति से भी सम्मानित हैं, स्वयंसेवकों ने अपने बीच में से एक वक्ता को पाकर अपने गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने काम वो गैर जरूरी हैं जो सब करते हैं, एनएसएस वाले कुछ नहीं करते बस गजब करते हैं। जैसी पंक्तियों से स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा की खास लोगों को ही एनएसएस से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है और एनएसएस कोई संगठन नहीं है यह एक सोच, विचारधारा एक जीवनशैली है जो एक व्यक्ति को व्यक्तित्व की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय अवार्ड पाने के लिए एनएसएस को मोटो में नहीं आप को जीना होगा।

# मानव रचना के एनुअल कृचरल फेस्ट में मिलिंद गाबा करेंगे परफॉर्म

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**मानव** रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस 30 और 31 मार्च को अपने वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव, रस्सरेक्शन का आयोजन कर रहा है। सांस्कृतिक उत्सव छात्रों को नेटवर्क करने और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा। यह छात्रों को अपनी अनूठी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा।

30 मार्च को छात्र विभिन्न श्रेणियों और उप श्रेणियों जैसे डांस डांस फीवर, ओल्ड इज गोल्ड, संगीत सुरो का खेल, रैप द रैप, डाउनबीट, बैटल ऑफ बैंड्स, वोकल पर्फ्यूशन, फैशन, फाइन आर्ट्स एंड लिटरेरी ब्रश विद ब्रिलियंस, फेस पेंटिंग कॉम्पिटिशन, स्क्रिबल योर थॉट्स, लिटरेरी वर्ड वार, स्पेल बी, पीएट्री पार्टी, टेल-ए-टेल, ग्रामर नाजी, इंस्टास्टोरी टेलिंग, थिएटर रंग मंच, द


गत वर्ष के कृचरल फेस्ट का फाइल फोटो।

चोजेन वन, आरंभ, ई-स्पोर्ट्स और कुलिनरी (स्पाइस रूट)। मानव रचना में 31 मार्च एक शानदार दिन होगा क्योंकि संगीत उद्योग की प्रसिद्धि मिलिंद गाबा और डीजे कशिश परिसर में प्रदर्शन करेंगे। इन आयोजनों के विजेताओं को तीन लाख रुपये के पुरस्कार वितरित किए जाने के साथ, छात्र पूरी क्षमता तक अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए कमर कस रहे हैं। जजों के लिए यह निश्चित रूप से एक कठिन काम होने जा रहा है क्योंकि मानव रचना के छात्र हर बार अपनी रचनात्मकता और अभिनव दृष्टिकोण के लिए वाहवाही जीतने के लिए बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले मानव रचना में लोकप्रिय अभिनेताओं और गायकों ने परफॉर्म किया था। इनमें फरहान अख्तर, निखिल चिनपा और बेनी दयाल शामिल हैं। परिसर में अस्तित्व बैंड और यूफोरिया बैंड ने भी प्रस्तुति दी है।

### पोषण पखवाड़ा के तहत किया जागरूकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** 5वें पोषण पखवाड़े को जिला फरीदाबाद में बड़े जोर-शोर से महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में पोषण अभियान के अंतर्गत मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को ब्लॉक एनआईटी दो में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष विभाग से विकास यादव ने ब्लॉक की कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को योगा सिखाया गया। वहीं योगा के लाभ भी बताए गए। पोषण रैली निकालकर कार्यक्रम का समापन किया गया। संतुलित आहार व सही भोजन की प्रथाओं के बारे में विस्तार से बताया। सही पोषण का अर्थ पौष्टिक आहार साफ पानी व सही भोजन प्रथाए अपनाना है। सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रेकर से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी।

# कंटिन्यू मेडिकल एजुकेशन पर सेमिनार आयोजित

**फरीदाबाद।** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मेंटल हेल्थ विषय पर कंटिन्यू मेडिकल एजुकेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ महानिदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार ने किया। जिसमें 100 से अधिक डॉक्टरों ने हिस्सा लिया।


सेमिनार का शुभारंभ करते चिकित्सक।

मनोरोग चिकित्सा विभाग की ओर से आयोजित सेमिनार की शुरुआत डीजी ईएसआईसी डॉ. राजेंद्र कुमार और पीजीआई रोहतक के मनोरोग विभाग प्रमुख डॉ. राजीव गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर की। जबकि मंच संचालन मनोचिकित्सक डॉ. अंकुर सचदेवा और डॉ. सुनील गोयल ने किया। इस मौके पर डॉ. राजेन्द्र ने कहा कि कोरोना से उभरे लोगों को मानसिक तनाव के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए तकनीक के सहारे शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीणों क्षेत्रों पर ज्यादा फोकस किया जाए। सेमिनार में तकनीक के द्वारा रूरल मेंटल हेल्थ सर्विस को कैसे गांव-गांव तक पहुंचाया जा सकता है विषय पर चर्चा की गई। इसके लिए चिकित्सकों ने टेलीमेडिसिन और सरकार द्वारा संचालित ई-संजीवनी तकनीक का सहारा लिया जाएगा।

इसके साथ ही डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्र में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डॉ. अंकुर ने कहा कि कोरोना महामारी से उभरने के बाद आज भी लोग मानसिक बीमारियों से जूझ रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि ऐसे लोगों को तनाव से बचाया जाए। इसके लिए ईएसआईसी की तरफ से काम किया जा रहा है। लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करने का भी प्रयास जारी है।

## नारी शक्ति

### उल्लेखनीय उपलब्धि

**पिछले** कुछ दिनों में नारी शक्ति में उल्लेखनीय उभार दिख रहा है। इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है कि यह युवा लड़कियों तक ही सीमित नहीं है। यह कुछ नेताओं के बड़बोले बयानों या बहु-प्रचारित कल्याणकारी उपायों से भी नहीं हो रहा है। मुक्केबाज नीतू घंघास व स्वीटी बोरा को शनिवार को विश्व महिला बाक्सिंग चैंपियनशिप में अपने वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। इसके अगले दिन निकहत जरीन व लवलीना बोरगोइयां विश्व चैंपियन बन गईं। इससे स्वाभाविक रूप से भारत को टूर्नामेंट में सर्वोत्तम टीम का पुरस्कार भी मिल गया। ऐसा नहीं कि भारत ने पहली बार किसी साल में एक से अधिक स्वर्ण पदक जीते हों। वर्ष 2006 में एम.सी. मैरी काम, सरिता देवी, जेनी आर.एल. व लेखा के.सी. ने अपनी श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते थे। रविवार को महिलाओं ने एक अन्य खेल में भी अपनी उपस्थिति प्रदर्शित की। हरमनप्रीत के नेतृत्व में मुंबई इंडियन्स ने वीमेन्स प्रीमियर लीग-डब्लूपीएल के उद्घाटन मैच में विजय प्राप्त की। जिस प्रकार सभी टीमों ने मैच खेले उसने डब्लूपीएल को अत्यधिक सफल बना दिया है। हालांकि, देश में पुरुषों का क्रिकेट बहुत लोकप्रिय है, पर यही बात महिला क्रिकेट के लिए नहीं कही जा सकती है। हाल में टेस्ट मैचों, वन डे इंटरनेशनल मैचों व टी-20 में ज्यादा सफलता नहीं मिली है। हालांकि, शुरुआत में डब्लूपीएल मैचों के बारे में भी चिन्ता व्याप्त थी जिसमें प्रमुख बात स्टेडियम को दर्शकों से भरना था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड-बीसीसीआई दर्शकों की उपस्थिति को लेकर बहुत आग्रही था, इसलिए उसने महिलाओं व लड़कियों को मुफ्त प्रवेश देने का निर्णय किया था।



बीसीसीआई ने डब्लूपीएल को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रयास किए थे। इन प्रयासों के अंतर्गत बाहर महिला क्रिकेटरों की बड़ी-बड़ी होर्डिंगे लगाई गई थीं, हालांकि भारत में यह आम बात हो रही है। सात गाथाओं वाले एक वालपेपर का प्रकाशन भी किया गया जिसमें 'मुंबई इंडियन्स' की त्रयी हरमनप्रीत कौर, पूजा विस्तारकर तथा नैट स्क्विर ब्रंट को शामिल किया गया था। व्यस्त हाजी अली चौराहे के निकट एक बीस मंजिला स्काईस्क्रैपर से घोषणा की गई थी कि महिला क्रिकेट शुरू हो गया है। इसके अलावा अन्य बिलबोर्ड भी लगाए गए थे। ये सारी बातें कहने का अर्थ यही है कि महिलाओं को खेलों में प्रोत्साहन देने के लिए बहुत कुछ किया जा रहा है। उम्मीद है कि इन प्रयासों से वे अपना शिखर प्राप्त करेंगी। यह बात सच है कि भारतीय लोग व खासकर नौजवान क्रिकेट को बहुत पसंद करते हैं, लेकिन यह भी सच है कि अंग्रेजों ने ही संयोग से इस खेल का आविष्कार किया था और कुछ साल पहले तक देश में इसकी ज्यादा प्रगति नहीं हो रही थी। बीसीसीआई ने डब्लूपीएल को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इसी प्रकार बाक्सिंग फेडरेशन आफइंडिया-बीएफआई तथा अन्य खेल संस्थाओं ने भी व्यापक प्रयास किए हैं ताकि खेलों को प्रोत्साहन मिले। चार खिलाड़ियों के स्वर्ण पदक जीतने के पहले बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया-बीएफआई के बर्नार्ड डन ने एक अखबार को बताया था, 'हम केवल अटैक, अटैक, अटैक कहने तक सीमित नहीं हैं। इसमें एक पूरी विचार श्रृंखला शामिल है। भारत हमेशा दिल से खेलों के साथ रहा है और उसने कभी कठिन परिश्रम से मुंह नहीं मोड़ा है। हम कार्यक्रम के भीतर छोटे-छोटे परिवर्तन कर रहे हैं, ताकि खिलाड़ियों पर बोझ कम हो सके। जहां तक एथलीटों का सवाल है, वे बताएंगे कि काफी ताजा अनुभव कर रहे हैं। हमारा प्रदर्शन इन सभी चीजों की पुष्टि करता है। अब हमने स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं।' उल्लेखनीय है कि न केवल सरकार, बल्कि निजी क्षेत्र ने भी सुनिश्चित किया है कि महिलाओं को खेलों में तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिले। इस दिशा में अनेक पहलें की गई हैं और भविष्य में भी ये पहलें जारी रहनी चाहिए।

# पीएम-किसान में सुधारों की जरूरत

### पीएम-किसान लाभार्थियों की सूची में अवांछित लोगों की उपस्थिति चिन्ता का कारण है और इससे योजना के उद्देश्य को धक्का लगता है।

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)





प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या पीएम-किसान योजना में आय हस्तांतरण का लाभ उठाने वाले किसानों की संख्या में काफी कमी आई है। 2021-22 में इसमें 104 मिलियन किसान थे जिनकी संख्या अब घट कर 2022-23 में 80 मिलियन रह गई है। इस कारण 2021-22 में जहां भुगतान 67,032 करोड़ हुआ था वहीं यह 2022-23 में घट कर 57,646 करोड़ रुपये रह गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत 24 फरवरी, 2019 को की थी और यह 1 दिसंबर, 2018 से प्रभावी हुई थी। पीएम-किसान केन्द्र सरकार के आधीन एक केन्द्रीय क्षेत्र की प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी परियोजना है। इसमें किसानों को हर साल 6,000 रुपये की आमदनी दी जाती है। उपयुक्त पंजीकरण के बाद हर चार महीने पर 2000 रुपये खाते में डीबीटी माध्यम से भेजे जाते हैं। खेती की जमीन रखने वाले किसान नकद हस्तातंरण के योग्य हैं बशर्ते कि वे आयकर न देते हों, सरकारी पदों पर न हों या 10,000 रुपये से अधिक पेंशन प्राप्त करने वाले सेवानिवृत्त व्यक्ति न हों। कृषि गणना 2015-16 के अनुसार लाभार्थी पहचान की कटआफ डेट 1 फरवरी, 2019 है। इस योजना के अंतर्गत कुल लाभार्थियों की संख्या का लक्ष्य 140 मिलियन से अधिक था।

योजना शुरू होने के बाद से 13 से अधिक किश्तों में लगभग 110 मिलियन किसानों को 250,000 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। आय हस्तांतरण के योग्य लोगों का निर्धारण करने के बाद समय बीतने के साथ लाभार्थियों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि और ज्यादा किसान सूची में शामिल होंगे। इनकी संख्या घटने का कोई सवाल नहीं है। नरेगा जैसी अन्य योजनाओं के उलट जहां आच्छादित लाभार्थियों को काम की उपलब्धता के आधार पर भुगतान होता है, वहीं पीएम-किसान के अंतर्गत पैसा पाने के अधिकार का निर्णय हो जाने के बाद सभी किसान लाभार्थियों की सूची में बने रहते हैं। दु:ख की बात है कि 24 मिलियन किसानों की गलत पहचान हो गई थी जो सहायता प्राप्त करने के योग्य नहीं थे। अब उनके नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इसने यह भी सुनिश्चित किया है कि उनको 2022-23 में भुगतान नहीं मिलना था और भविष्य में नहीं मिलेगा। लेकिन 2021-22 व इसके पहले मिले पैसे का क्या होगा? केन्द्र का दावा है कि वसूली की एक 'सरल' व 'पारदर्शी' प्रक्रिया काम कर रही है। इससे अयोग्य लाभार्थियों की पहचान कर उनका पैसा राज्य के नोडल विभाग से केन्द्र सरकार के खाते में स्वत: हस्तांतरित कर दिया जाता है। उम्मीद है कि हालिया वर्षों में किए सारे अतिरिक्त भुगतान की वसूली हो चुकी होगी। इस प्रक्रिया का उन मामलों में भी विस्तार किया जाना चाहिए जहां यह अब तक न पहुंची हो। लेकिन लाभार्थियों की सूची में 'अयोग्य' व्यक्तियों का समावेश चिन्ता का विषय है। यह इसलिए भी गंभीर है क्योंकि केन्द्र ने लाभार्थी पहचान के लिए एक जीवन्त व सटीक आई-टी आधारित प्रक्रिया अपनाई है। इसमें शामिल चरणों पर गौर करना चाहिए।

किसान पीएम-किसान पोर्टल पर पंजीकरण कराता है और राज्य सरकार वैधता परीक्षण के बाद उसकी वैधता को प्रमाणित करती है। राज्य किसानों का विस्तृत विवरण पोर्टल पर अपलोड करती है, पोर्टल जंक डेटा या दुहराव पर नजर रख कर उसे प्रमाणित करता है। स्वीकृत डेटा को सार्वजनिक वित्त प्रबंधन सिस्टम-पीएफएमएस खाता नंबर तथा टाइप चयन के लिए भेजा जाता है। अंतिम संस्तुति के लिए यह सूची वापस राज्यों को भेजी जाती है। वैध रिकार्ड जेनरेशन आफ रिक्वेस्ट फार फंड ट्रांसफर-आरएफटी में शामिल किए जाते हैं। हस्ताक्षरित आरएफटी पीएफएमएस को फंड ट्रांसफर आर्डर-एफटीओ सृजित करने के लिए भेजे जाते हैं। इसके बाद कृषि मंत्रालय संस्तुत एफटीओ के लिए अनुमति आदेश देता है। इसके बाद भुगतान का प्रसंस्करण होता है तथा लाभार्थियों की सूची पोर्टल पर उपलब्ध करा दी जाती है। अनुमति के सभी स्तरों पर अस्वीकृत डेटा राज्यों को वापस सही करने के लिए भेजा जाता है। इस फिनटेक व्यवस्था के मूल में 'लाभार्थियों की वैधता की पुष्टि' है। इसे पूरा करने की पूरी जिम्मेदारी राज्यों की है। यह खासकर इसलिए महत्वपूर्ण है कि वे इस उद्देश्य से प्रयुक्त दस्तावेजों को जानते हैं। गहरी जांच से पता चला कि शुरुआती वर्षों में राज्यों ने न प्रमाणीकरण के लिए आधार का प्रयोग किया और न केन्द्र ने इसे अनिवार्य बनाया। योजना लागू होने के एक साल बाद ही इसे अनिवार्य बनाया गया। ऐसी परिस्थितियों में बड़ी संख्या में 'अयोग्य' व्यक्तियों का लाभार्थियों की सूची में शामिल हो जाना अपरिहार्य था। अन्य मुद्दों का संबंध योजना के क्रियान्वयन से है और इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

जब पीएम-किसान योजना की शुरुआत हुई तो इसका उद्देश्य छोटे व सीमान्त किसानों-एसएमएफ की वित्तीय आवश्यकतायें पूरी करना था। जिन लोगों के पास दो हेक्टर से कम जमीन हो उनके लिए इस योजना का उद्देश्य विभिन्न निवेश, जैसे उर्वरक, उपयुक्त गुणवत्ता वाले बीज, कीटनाशक, आदि खरीदने में सहायता करना था। फसलों का स्वास्थ्य तथा उनकी उपयुक्त उपज सुनिश्चित करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से हर फसल चक्र के अंत में भुगतान होता था। इस योजना का उद्देश्य गरीब व संकटग्रस्त किसानों या एसएमएफ की सहायता करना था। लेकिन इसके बावजूद 1 जून, 2019 से शुरुआत के 6 महीने के भीतर इसका दायरा बढ़ा कर सभी भूमि आकार वाले किसानों को शामिल कर लिया गया। दूसरे शब्दों में, सरकार ने 6,000 रुपये उन किसानों को भी देने का फैसला किया जिनके पास बड़ी-बड़ी जोतें थीं और उनको इसकी आवश्यकता नहीं थी।

इस कारण लाभार्थियों की संख्या में 25 मिलियन तथा खर्च में 15,000 करोड़ की वृद्धि हो गई। सरकार को खाते पीते किसानों को इस सूची से बाहर करना चाहिए। इस प्रकार हर साल बचने वाली 15,000 करोड़ रुपये की धनराशि से एसएमएफ का समर्थन बढ़ाया जाना चाहिए। इस समूह के भीतर सीमान्त किसानों को ज्यादा सहायता देने पर विचार किया जा सकता है जिनकी जोत का आकार एक हेक्टर से भी कम हो। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय संसाधनों का प्रयोग गरीबों में सबसे गरीब लोगों के लिए करने के सिद्धान्त के अनुरूप है। कुछ राज्यों में किसानों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उदाहरणार्थ, बिहार में कुल 16 मिलियन संभावित लाभार्थियों में से राज्य सरकार ने केवल 6 मिलियन को अपलोड किया है। पश्चिम बंगाल इस योजना में शामिल नहीं हुआ है और इस प्रकार राज्य के लगभग 7 मिलियन किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। केन्द्र अब किसानों को सीधे पोर्टल पर प्रार्थना के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अन्य न्यायक्षेत्रों पर गौर किया जाए तो कुछ जिलों में योजना की कवरेज अच्छी नहीं है। इसे संबोधित करने के लिए केन्द्र ने कुछ पहलें की हैं।


जिन राज्यों ने 90 प्रतिशत कवरेज प्राप्त कर ली है उनको कम करवेज वाले रैंडम तरीके से चयनित जिलों में 25 गांवों का चयन कर उसकी शत-प्रतिशत कवरेज की पुष्टि करनी है। जिन राज्यों में कवरेज 80 प्रतिशत से कम है उनको हर जिले में 25 गावों का आंकलन करना है जहां कवरेज तुलनात्मक रूप से अधिक हो। इन प्रयासों का उद्देश्य तेजी से यह सुनिश्चित करना है कि देश के सभी क्षेत्रों में सभी सभी एसएमएफ किसानों को आय हस्तांतरण सुनिश्चित हो सके। लाखों किसान ऐसे हैं जो खेती करते हैं, पर उसके मालिक नहीं हैं। लेकिन पीएम-किसान के अंतर्गत आय हस्तांतरण में वे सक्षम नहीं हैं।

इसके बजाय पैसा भूमि स्वामी के खाते में जाता है। इस विकृति को ठीक करने के लिए ऐसे सभी बटाईदार किसानों का डेटा एकत्र कर पैसा उनके खातों में भेजा जाना चाहिए। पीएम-किसान का उद्देश्य छोटे एमएसएफ की आवश्यकतायें पूरी करना है। यह टिकाऊ आधार पर उचित आय सुनिश्चित करने का स्थान नहीं ले सकता है। यह तब तक संभव नहीं है जब तक किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य न मिले। इसके लिए अब खारिज कर दिए गए तीन कृषि कानूनों को बहाल करने की जरूरत है। जब तक यह काम नहीं होता है तब तक महाराष्ट्र के शोलापुर जैसी घटनायें होती रहेंगी जहां किसान को पांच क्विंटल से अधिक प्याज बेचने पर केवल 2.49 रुपये मिले थे।

# सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवन शैली आवश्यक

"सफलता की कुंजी मानव मन की शक्ति का उपयोग करना और उसकी वास्तविक क्षमता का दोहन करना है।"

**रवि वलूरी**
(लेखक दक्षिण रेलवे के प्रमुख वाणिज्यिक प्रबंधक हैं)



हाल ही में, मैंने एक वेब सीरीज़ ताज-डिवाइडेड बाय ब्लड देखी। मैंने एक महिला की इंस्टाग्राम पोस्ट भी पढ़ी, जिसके दो सिजेरियन ऑपरेशन हुए थे। मैंने एक महिला के बारे में एक और पोस्ट भी पढ़ी जो बेहद उदास थी फिर भी जीवन में विजयी हुई। उल्लिखित मामलों में सामान्य संदर्भ बिंदु मानव मन की शक्ति है, इसकी क्षमता का उपयोग और दोहन कैसे किया जाए।

वेब श्रृंखला सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान मुगल साम्राज्य के काले पक्ष के बारे में है। यह मुगल बादशाह की ग्यारह संतानों में शाह सलीम (बाद में जहांगीर), दानियाल मिर्जा और मुराद मिर्जा की दिलचस्प कहानी है।

सलीम, अपनी सारी प्रतिभा के बावजूद, एक भारी शराब पीने वाला, अफीम का आदी हो गया और अपना अधिकांश समय हरम में अपनी कामुक प्रवृत्ति को संतुष्ट करने में व्यतीत करता था। मुराद मिर्ज़ा कभी भी अपने क्रोध, अहंकार और जल्दबाजी को दूर नहीं कर सके, हालाँकि उन्हें उल्लेखनीय सैन्य कौशल और शिल्प का आशीर्वाद प्राप्त था। दनियाल मिर्ज़ा, जो बेहद आज्ञाकारी और धार्मिक थे, अपने राक्षसों से जूझ रहे थे। वह अपने डर, कामुकता से जूझता रहा और एक योग्य पुत्र बनने की कोशिश करता रहा, हमेशा अपनी माँ को खोजता रहा। तीनों राजकुमारों को नकारात्मकता के कुण्ड में समाहित किया गया था क्योंकि उनके पास प्रभावशाली विचारों को प्रतिबिंबित करने के लिए मजबूत दिमाग नहीं था। उन्होंने जीवन में बहुत कष्ट सहे।

अब जिस साहसी महिला को सिजेरियन ऑपरेशन कराना पड़ा, वह अपने दिमाग की मालकिन बन गई है और नियमित रूप से हाफ मैराथन दौड़ती है। उसने छोटे कदमों से शुरुआत की- पहले चलना, फिर तेज चलना और अंत में दौड़ना। इक्कीस किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ना निश्चित रूप से एक कठिन काम था, लेकिन उसने चुनौती स्वीकार की और अभ्यास करना शुरू कर दिया। कुछ मौकों पर पर्याप्त प्रशिक्षण के बाद भी, वह केवल पंद्रह से अठारह किलोमीटर ही दौड़ी, लेकिन उसके पैर और शरीर झुक गए और वह टेप को ब्रेस्ट नहीं कर पाई। लेकिन वह अंतत: दृढ़ इच्छा शक्ति और एक सकारात्मक विचार प्रक्रिया के माध्यम से मैराथन को पूरा करने के लक्ष्य तक पहुंच गई।

फिर एक प्रमाणित योग प्रशिक्षक की कहानी है, जो लोगों को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से फिट रहकर उनका सबसे पूर्ण जीवन जीने में मदद करता है। प्रशिक्षक बनने से पहले, वह बार-बार होने वाले माइग्रेन के हमलों से पीड़ित थी। माइग्रेन की तीव्रता बहुत अधिक थी जिसने उसे पूरी तरह से खत्म कर दिया।

अंत में, हताशा में वह आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन में शामिल हो गईं और उन्हें सुदर्शन क्रिया की अनूठी लयबद्ध श्वास तकनीक - उचित दृष्टि प्रक्रिया, प्राणायाम, योग और ध्यान से बहुत मदद मिली। वह सप्ताह में पांच दिन बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को योग प्रदान करने में गुणवत्तापूर्ण समय बिताती हैं और अपने लिंक्डइन पोस्ट के माध्यम से हजारों अन्य लोगों को प्रेरित करती हैं।

एक संक्षिप्त तरीके से वह इसे रखती हैं- योग सीखने के लिए एक इच्छुक, सकारात्मक मन, रुकने की इच्छा और आत्म-जुड़ाव और एक योग चटाई की आवश्यकता होती है। आपको जिस चीज की आवश्यकता नहीं है वह है महंगे उपकरण, आकर्षक जिम वियर, प्रोटीन शेक/ड्रिंक या अत्यंत लचीला शरीर। एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवन शैली जीने का एक तरीका है जहां मानव मन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अनुसंधान ने सिद्ध किया है कि मानव मन पर एक दिन में 60,000-70,000 विचारों की बमबारी होती है और उनमें से अधिकांश प्रकृति में दयनीय होते हैं। नतीजतन, हम अपने मन के गुलाम बन जाते हैं और सुस्त या विनाशकारी बन जाते हैं। स्वभाव से, मानव मन अतीत या भविष्य की ओर आकर्षित होता है। यह ज्यादातर लोगों, सफल लोगों और यहां तक कि सफल लोगों के लिए भी सच है। जब अतीत में मन घोंसला बनाता है, तो वह पछतावे से भरा होता है; जब यह भविष्य में घर बनाता है, तो चिंता करने की प्रवृत्ति होती है। दोनों ही स्थितियों में वह शांति में नहीं है और न ही स्वयं के साथ सामंजस्य में है। जब मन वर्तमान में होता है तभी उसे सुख और शांति का आश्रय मिलता है।

मन को वर्तमान में बने रहने के लिए प्रशिक्षित करने के कुछ आसान तरीके हैं। प्रार्थना, जप, व्यायाम, ध्यान, व्यवस्थित तरीके से दिन की योजना बनाने, कृतज्ञता का अभ्यास करने और समाज को वापस देने, आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देने, आत्म-सुधार पर ध्यान केंद्रित करने, अपनी स्वयं की भावनाओं को सुनने और प्रत्येक दिन की सराहना करने का एक नियमित शासन एक नई चुनौती के रूप में और उस पर ध्यान केंद्रित करना कुछ तरीके हैं।

एक स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली हमें विकसित करती है और भीतर से चमकती है और आभा फैलती है। निस्संदेह, आकर्षण के नियम का सिद्धांत हमारे व्यक्तित्व को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि हम सकारात्मक विचारों का उत्सर्जन करते हैं तो हम सकारात्मक विचारों, भावनाओं, भावनाओं और लोगों को आकर्षित करते हैं। दुर्भाग्य से, इसके विपरीत भी सत्य है।

इसलिए, अपने दिमाग को मजबूत बनाकर और एक स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करके सकारात्मक पक्ष को देखना बुद्धिमानी होगी। और अगर कुछ भी काम नहीं करता है, तो केवल सर्वशक्तिमान को आत्मसमर्पण करें (यदि आप मानते हैं) या अपनी इच्छाओं और इच्छाओं को आत्मसमर्पण करें। निश्चित रूप से, मन बदल जाएगा, और जीवन और जीवन शैली बेहतर के लिए रूपांतरित हो जाएगी, सर्वोत्तम नहीं। जैसे बुद्ध ने कहा, 卐एक शुद्ध नि:स्वार्थ जीवन जीने के लिए, बहुतायत के बीच किसी को अपना कुछ भी नहीं समझना चाहिए।

## आप की बात

### जलवायु परिवर्तन

**जलवायु** परिवर्तन के मानकों को 2030 तक हासिल करने के लिए जर्मनी के सबसे बड़े शहर एवं राजधानी बर्लिन में एक रायशुमारी कराई गई थी। लेकिन वहां के कुल मतदाताओं में से 25 फीसदी भी मतदान करने के लिए घर से नहीं निकले। हालांकि जितनों ने मतदान किया उनमे से ज्यादातर यानी 4 लाख 23 हज़ार ने पक्ष में जबकि 4 लाख 5 हज़ार ने विरोध में मतदान किया था। अगर यह रायशुमारी सफल हो जाती तो जर्मनी ने 2045 में शुद्ध शून्य उत्सर्जन का जो लक्ष्य रखा है उससे 15 साल पहले राजधानी उस लक्ष्य को प्राप्त कर लेती। इससे एक बात साफ़ है कि दुनिया भर की सरकारों के साथ-साथ सामान्य नागरिक भी जलवायु परिवर्तन को एक कथा के रूप में देखते हैं। उन्हें अब भी लग रहा है कि इसका दूर-दूर तक हकीकत से कोई नाता रिश्ता नहीं है। जबकि सच्चाई यही है कि इसके कारण धरती का हर कोना बाढ़, सूखा, भूस्खलन, बवंडर, तूफ़ान, बर्फ का पिघलना, जंगल में आग तथा बढ़ते तापमान से प्रभावित होता जा रहा है। दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है तब भी दुनिया का पढ़ा लिखा इंसान कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने वाली लागत से चिंतित दिख रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं कही जा सकती है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कोविड का खतरा

**पिछले** कुछ दिनों में देश में कोविड संक्रमण में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। लंबे समय के बाद भारत में एक बार फिर हजारों की संख्या में लोग कोरोना वायरस की चपेट में आ रहे हैं। कोरोना वायरस के अलावा बदलते मौसम की वजह से भी अधिकांश लोगों को सर्दी-जुकाम खांसी और बुखार की समस्या हो रही है। ऐसे में अब एक बार फिर डॉक्टर से लेकर आम जनता में चिंता बढ़ गई है। ज्यादातर लोगों के मन में सवाल घूम रहा है कि क्या कोविड-19 महामारी एक बार फिर देश में कहर बरपाएगी। क्या भारत में एक बार फिर कोरोना की एक नई लहर आएगी? विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले समय में देश में कोविड-19 का संक्रमण ओर तेजी से बढ़ेगा जिसका मुख्य कारण कोरोना वायरस के म्यूटेशन को बताया जा रहा है। कोरोना वायरस तेजी से म्यूटेट करता है जिसकी वजह से संक्रमण तेजी से फैल रहा है। हालांकि इस बार वायरस का संक्रमण पहले की अपेक्षा ज्यादा घातक नहीं होगा क्योंकि अब अधिकांश लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। वैक्सीन के कारण लोगों की इम्यूनिटी बढ़ी है जिससे वायरस का असर कुछ हद तक कम होगा।

**निधि जैन,** गाजियाबाद

### तानाशाहों की दोस्ती

**इलेक्ट्रॉनिक** मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल हमेशा से उठते आ रहे हैं और इसका कारण उसका व्यवहार है। प्रिंट मीडिया का व्यवहार और कार्यशैली इसे विश्वसनीय बनाती है। अतीक प्रकरण में भी जनता को ऐसा ही महसूस हुआ। एक पेशेवर अपराधी की जिस प्रकार हर पल की जानकारी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने दी कुछ इसी प्रकार मुंबई हमलों के दौरान मीडिया का व्यवहार रहा। इससे ये जान पड़ता है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया देश समाज और जनता की परवाह न करते हुए केवल टीआरपी के उद्योग पर केंद्रित है। हद तो तब हुई जब अपराधी के पेशाब करने को भी समाचार बना कर बेचने का प्रयास हुआ और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की एक बार फिर जगहँसाई हुई। इस प्रकरण को देखकर पीपली लाइव नामक फिल्म का एक दृश्य चरितार्थ होता दिखाई दिया। इसलिए मीडिया को कम से कम अपराधी और आतंकवादी समर्थकों को कोई इनपुट और अपडेट न देकर केवल देश और जनता की भावनाओं को सर्वोपरि रखना चाहिए। विश्वसनीयता बहाल करने के लिए यह जरूरी है।

**मनोज शर्मा,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**धरती** माता उसे जहर देने वाले रसायनों से मुक्त करने के लिए रो रही है। उसने पेड़, अनाज और अन्य उपज के माध्यम से मानवता का पोषण किया है।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**पिछले** चार कार्यकालों से लोकसभा के एक निर्वाचित सदस्य के रूप में, यह उन लोगों का जनादेश है जिनके लिए मैं यहां बिताए अपने समय की सुखद यादों का ऋणी हूं।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**देश** के बुनियादी ढांचे के विकास और रसद लागत में कमी के बिना विकास संभव नहीं था।

**- अमित शाह**
गृहमंत्री

# पिछली सरकारों में उद्यमियों से वसूला जाता था गुंडा टैक्स

## ● औद्योगिक विकास मंत्री ने उद्यमियों को दिए 39 करोड़ के इन्सेन्टिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**औद्योगिक** विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे उद्यमियों व व्यापारियों के साथ है। किसी के भी साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जहां गुण्डे माफिया के दिन लद चुके हैं और हर जगह कानून का राज है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में उद्यमियों से गुण्डा टैक्स वूसला जाता था जिसके लिए अब कोई गुंजाइश नही है, जो बदमाश, गुंडे और माफिया उद्यमियों और व्यापारियों को परेशान करते थे, आज वे सलाखों के पीछे हैं। योगी सरकार के सुशासन का बुल्डोजर चल रहा है। जिसकी वजह से उद्यमियों और निवेशकों का उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए विश्वास बढ़ा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि पिछले दिनों सम्पन्न हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 में प्राप्त 33.50 लाख करोड़ का ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव उद्यमियों और निवेशकों के विश्वास का प्रत्यक्ष उदाहरण है। मंत्री नंदी ने यह बात मंगलवार को पिकप भवन में आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान औद्योगिक मंत्री ने औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत 39 करोड़ रूपए की इन्सेन्टिव धनराशि प्रदान की। इन्सेन्टिव धनराशि मिलने पर उद्यमियों ने एक तरफ जहां प्रदेश सरकार के औद्योगिक नतियों की प्रशंसा की तो वहीं प्रदेश सरकार की सख्त कानून व्यवस्था एवं सुविधाओं से प्रभावित होकर और बेहतर निवेश का भरोसा दिलाया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश का ग्रोथ इंजन बन चुका उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री नन्दी ने कहा कि सपा-बसपा की सरकारों में माफिया उद्यमियों से गुण्डा टैक्स वसूलते थे और हमारी सरकार उद्यमियों को इन्सेन्टिव प्रदान कर रही है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मंत्री नन्दी ने कहा कि आज कुल नौ औद्योगिक इकाईयों को 39 करोड़ रूपए का इन्सेन्टिव प्रदान किया जा रहा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि पिछली सरकारों की तरह हम निवेशकों को उनके हाल पर न छोड़ कर, निवेशकों का हाथ थाम कर उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में एक साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि हमारे लिए उद्यमियों की सुविधा और सहुलियत सर्वोपरि है। हमारी सरकार चाहती है कि हमारे उद्यमी भी उद्योगों के ब्राण्ड अम्बेसडर बनें। नन्दी ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई थी। जिसके अंतर्गत नई इकाई स्थापित करने वाले उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए इन्सेन्टिव दिया जा रहा है।

### इन्हें दिया गया इन्सेन्टिव

- विष्णु प्रकाश पाण्डेय यूएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड जौनपुर को 4.49 करोड़
- मनोज सिंह सुयष पेपर मिल्स बस्ती को 2.33 करोड़
- अनुज गर्ग देव्यानी फूड इंडस्ट्रीज लिमिटेड मथुरा को 5.99 करोड
- नवनीत राव विसाका इंडस्ट्रीज लिमिटेड रायबरेली को 7.31 करोड़
- सिद्धार्थ लधानी अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड अयोध्या को 1.65 करोड़
- सिद्धार्थ लधानी अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड अयोध्या को 2.18 करोड़
- राजेश सबलोक वृन्दावन एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मथुरा को 13.58 करोड़
- अनुज अग्रवाल सीपी मिल्क फूड प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड बाराबंकी को 53.47 लाख
- डीएस सिंह गंगा पल्प एण्ड पेपपर्स प्राइवेट लिमिटेड चंदौली को 63.61 लाख



सीएम योगी ने मंगलवार को गोरखपुर के खोराबार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 71 दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया

# खेल कोटे से यूपी पुलिस में 234 खिलाड़ियों का चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस में खेल कोटे से 234 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों का चयन हुआ है। प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से इस संबंध में मंगलवार को चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है।

बोर्ड के अपर सचिव भर्ती की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले वर्ष 28 सितम्बर को कुशल खिलाड़ी कोटे के 534 पदों पर 22 अलग-अलग खेलों के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसमें 335 पुरुष एवं 199 महिला खिलाड़ियों के पद पर नियुक्त किया जाना है। अपर सचिव के अनुसार 234 चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रथम चरण में आवेदकों के अभिलेखों की जांच से लेकर उनके ट्रायल तथा खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन की कार्यवाही के बाद खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रों में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर 10 पुरुष खेलों और नौ महिला खेल विधाओं में कुशल खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसके तहत तीरंदाजी में 12 पुरुष तथा 10 महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसी प्रकार से एथलेटिक्स में 54 पुरुष व 40 महिला, बैडमिन्टन में छह पुरुष तथा चार महिला, बॉक्सिंग में 11 पुरुष तथा आठ महिला, क्रासकंट्री में आठ पुरुष एवं छह महिलाए फु टबाल में 18 पुरुष, जूडो में 10 पुरुष एवं 10 महिलाए टेबुल टेनिस में तीन पुरुष और दो महिला, भारोत्तोलन में नौ पुरुष एवं आठ महिला तथा वुशू में नौ पुरुष और छह महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। अपर सचिव ने बताया कि वालीबॉल, हैण्डबॉल, तैराकी, वाटर स्पोर्टस तथा साइकिलिंग के अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच के साथ-साथ खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रो के मूल्याकन की प्रक्रिया जारी है। इसके पूरा होने पर परिणाम घोषित किया जाएगा। इसी प्रकार से बास्केटबॉल, कबड्डी, हॉकी, जिमनास्टिक, ताइक्वांडो, शूटिंग तथा कुश्ती के खिलाड़ियों प्रमाण पत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही हैं। इसके पूरा होते ही इनके परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

## एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं खरीद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य का लाभ पहुंचाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूँ खरीद वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत आगामी एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू की जाएगी। समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को गेहूं के मूल्य का भुगतान उनके आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जायेगा। किसानों को अपना आधार संख्याए आधार कार्ड में अंकित अपना नाम आदि सही अंकित करना होगा। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीद हेतु पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूं विक्रय के लिए पुन: पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु पंजीकरण को संशोधन कर पुन: लॉक कराना होगा। उल्लेखनीय है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं की खरीद हेतु खोले जाने वाले क्रय केन्द्रों का स्थल निर्धारण, क्रय केन्द्रों की जियो टैगिंग क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं की व्यवस्था, क्रय केन्द्रों की आवश्यकता का आंकलन कराकर धनराशि, बोरों, स्टाफ आदि समस्त व्यवस्थायें पूर्ण कराने के लिए पूर्व में निर्देश जारी किये जा चुके हैं।

# मंत्री ने किया मत्स्य विकास निगम का औचक निरीक्षण

## गैरहाजिर अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का रोका गया वेतन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मत्स्य** विकास कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद मंगलवार की सुबह 10:31 बजे मत्स्य विकास निगम लिमिटेड के औचक निरीक्षण किया। मंत्री के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान फील्ड में तैनात और विभागीय कार्यो के दृष्टिगत बाहर गये अधिकारियों और कर्मचारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी यथा लोकेशन की जानकारी की और अनुपस्थित कर्मचारियों को सख्त हिदायत के साथ उनके प्रति आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश भी दिया। मंत्री ने फील्ड में तैनात और दौरे पर जाने वाले कर्मचारियों के लिए नए दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि कर्मचारियों और अधिकारियों को घर से अब फील्ड में नही भेजा जाएगा, ऑफिस आने के बाद उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कर ही फील्ड में भेजा जाएगा। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया और अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश भी दिया। अवर अभियंता दिनेश कुमार के कार्यालय में लगातार अनुपस्थित होने के चलते सख्त कार्रवाई करने के आदेश भी दिए। मत्स्य मंत्री ने प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल के 1 वर्ष पूर्ण होने पर वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी की। समीक्षा में पाया गया कि मत्स्य निगम ने एक साल में पहले से बेहतर कार्य किया हैए वित्तीय वर्ष 2021-22 में मत्स्य निगम द्वारा 10 करोड़ 60 लाख 62 हजार 790 रुपये की धनराशि जमा करवाई गई थी और वित्तीय वर्ष 2022-23 में 05 करोड़ के मुनाफे के साथ राशि 15 करोड़ 20 लाख 13 हजार 698 रुपये जमा करवाई गई। मंत्री निषाद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रदेश की कुल मत्स्य हैचरियो में 90 हजार मत्स्य बीज उत्पादन हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश की कुल मत्स्य हैचरियो से 67 लाख 33 हजार मत्स्य बीज का उत्पादन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मत्स्य उत्पादन में उत्तर प्रदेश में आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस बार 67 गुना अधिक कॉमन कार्प का उत्पादन किया गया। भारतीय मेजर कार्प 19 करोड़ 41 लाख का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2022-23 में किया गया जोकि ऐतिहासिक है। निरीक्षण के दौरान मत्स्य निदेशालय के संयुक्त निदेशक एनएस रहमानी एवं यूपी मत्स्य विकास निगम लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक एजाज अहमद नक़वी भी मौजूद रहे।

# प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में दो डॉक्टर बर्खास्त

## ● उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि नियमों के खिलाफ काम करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्राइवेट** प्रैक्टिस के खिलाफ सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। इसी क्रम सरकारी अस्पताल में तैनात दो डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। लंबी जांच की प्रक्रिया के बाद स्वास्थ्य विभाग ने दो डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि नियमों से इतर काम करने वाले डॉक्टर-कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

बाराबंकी के राम सनेही घाट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार वर्मा की तैनाती थी। इन पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप लगे। जांच कराई गई। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि शासकीय सेवा में रहते हुए प्राईवेट प्रैक्टिस किये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इन्हें वर्ष 2017 में निलम्बित किया गया था परन्तु इनके द्वारा प्राईवेट प्रैक्टिस जारी रखी गयी। जिसके बाद इन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि गौतमबुद्ध नगर स्थित दनकौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ विजय प्रताप सिंह चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात थे। इनके द्वारा वर्ष 2015 में शासकीय सेवा में कार्यरत होने के बाद भी कई निजी चिकित्सालयों में कार्य किया। नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउन्स भी प्राप्त किया जाता रहा। डॉ विजय के खिलाफ विभागीय जांच कराई गई। जांच में दोषी पाये जाने पर इन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

# पर्यटन स्थलों का संरक्षण पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा

## ● महाकुम्भ 2025 से पहले प्रयागराज के पर्यटन स्थलों को सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए: जयवीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रयागराज में वर्ष 2025 में महाकुम्भ के आयोजन से पहले प्रयागराज के सभी पर्यटन स्थलों को बुनियादी सुविधाओं से लैस करते हुए पर्यटकों को आकर्षित किया जायेगा। इसके साथ ही प्रयागराज तथा आसपास के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के लिए तैयार कराया जायेगा। इस प्रकार प्रयागराज को पर्यटन के हब के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, काशी, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, चित्रकूट, मिर्जापुर, कुशीनगर, गोरखपुर आदि के पर्यटन स्थलों पर कार्य चल रहा है। पर्यटन विभाग इन स्थलों को सजा संवारकर इसकी देखरेख पीपीपी मॉडल पर करायेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में महाकुंभ के दौरान करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए पर्यटन विभाग अपनी तैयारियां शुरू कर दिया है। निर्माणाधीन योजनाओं को पूरा कराने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि फाफामऊ में स्थित पुराने कर्जन ब्रिज को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही द्वादश माधव रामा मंदिरए पंच कोसी परिक्रमा मार्ग एवं इसके अन्तर्गत आने वाले तमाम मंदिरों सहित धार्मिकए पौराणिक एवं पुरातात्विक महत्व के मंदिरों का सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। यह समस्त कार्य अक्टूबर 2024 तक पूरा कराने की रणनीति बनायी गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रयागराज सहित विभिन्न जिलों में देशी.विदेशी सैलानियों के लिए गाइड की व्यवस्था की जा रही है। इस प्रकार सभी धार्मिक, पौराणिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण करके धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने की योजना बनायी गयी है।

# लोकतंत्र का गला घोंटना व विपक्ष को डराना देश के लिए नुकसानदेह: भूपेश बघेल

## ● छत्तीगढ़ के सीएम ने कहा, अगर लोकतंत्र पर आंच आएगी तो कांग्रेसी खामोश बैठने वाले नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने विरोधियों का दमन करने के लिए किसी भी स्तर पर जा रहें हैं यह हमने देखा। उन्होंने कहा कि बीएस मुंजे जो आरएसएस के मुसोलिनी से सीखने गये थे कि तानाशाही को किस प्रकार से लागू किया जा सकता है। और आज जो हम अमृत महोत्सव प्रजातंत्र का अमृतकाल मना रहे हैं और ऐसे में लोकतंत्र के गला घोटने की कार्यवाही और विपक्ष के द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब न देते हुए उसे अयोग्य घोषित करना, उसे दबाना, डराना धमकाना यह सब हो रहा है यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बात मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। इस मौके पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जनवरी में एक घटना हिंडनबर्ग की हुई थी जिसमे एक पेपर रिलीज़ हुआ था जिसकी वजह से देश के सबसे अमीर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अडानी का शेयर तेज़ी से गिरा उन्होंने कहा कि अडानी के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये कैसे आये इन सवालों के जवाब न तो भारतीय जनता पार्टी के नेता दे रहें हैं और न ही प्रधानमंत्री कुछ बोल रहें हैं बल्कि कहा यह जा रहा है कि अडानी पर हमला भारत पर हमला है। और इस मुद्दे का लगातर दूसरी दिशा में जाने की कोशिशा भाजपा द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में तानाशाहों की लम्बी सूची है चाहे हिटलर हो, मुसोलिनी हो, सद्दाम हुसैन हो, कज्जाफी से लेकर किंग जोंग तक इन लोगों के काम करने के ढंग से हम सभी परिचित है। तानाशाह दो प्रकार के होते हैं एक तो इस बात से डरता है कि लोग उससे डरना कहीं बंद न कर दे दूसर वह अपनी विरोधियों के मुंह बंद कराकर कुचल देना चाहते हैं और यही नहीं वह विरोधियों को रास्ते से हटाने के लिए किसी स्तर तक जा सकते है इस घटना से हम सब वाकिफ हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रजातांत्रिक देश है और इसकी आजादी के लिए और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने बड़ी कुर्बानिया दी हैं, लम्बी लड़ाई लड़ी हैं। अगर लोकतंत्र पर आंच आयेगी तो हम खामोश बैठने वाले नहीं हैं। पूरे देश में इसका विरोध हो रहा है विपक्षी दलों के लोग भी इस घटना का विरोध कर रहें हैं। मेरा तो सीधा कहना है कि इधर- उधर की न बात कर यह बता कि काफिला लुटा कहां। उन्होंने कहा कि जब अडानी पर सवाल पूछा जाता है तो भाजपा को तकलीफ क्यों होती हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने प्रेस के माध्यम से सवाले पूंछे थे और आज वही सवाल लेकर मैं लखनऊ आया हूं और उन्हीं सवालों का जवाब हमें लेना है कि वह 20 हजार करोड़ किसका है। यह शेल कंपनियां किसकी थी, और जब कंपनियों के शेयर लगातार गिर रहे थे और जब 60 प्रतिशत तक गिर गया तब हमारे एसबीआई और एलआईसी के पैसे किसके आदेश पर अडानी की कंपनियों पर लगाया जा रहा था। यह बड़े सवाल हैं जिनका जवाब हम आपके माध्यम से भाजपा सरकार से लेना चाहते हैं। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राहुल को बचाने की जरूरत नहीं है, आज राहुल गांधी खुद देश के किसानों, मजदूरों, गरीबों, नौजवानों एवं महिलाओं की आवाज बन चुके हैं।

# कृषि विकास के लिए सरकार के साथ आएं प्राइवेट सेक्टर: देवेश चतुर्वेदी

## ● कार्यशाला में प्रदेश के पिछड़े जिलों में कृषि विकास के कार्यक्रमों पर हुई गहन चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**अपर** मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार कृषि को लेकर तमाम तरह के कार्यक्रम चला रही है लेकिन प्राइवेट सेक्टर को आगे आना होगा ताकि कृषि को लेकर लोगों की सोच बदले। उन्होंने कहा कि मिलेट्स को ज्यादा से ज्यादा उत्पादन पर ध्यान देना होगा। उन्होंने सरकार अपनी तरफ से कोशिश तो करती है लेकिन इसकी मार्केटिंग करना बेहद आवश्यक है।

अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने यह बात मंगलवार को कृषि और कृषको के विकास के लिए भारत के नीति आयोग और सुनहरा कल के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। कार्यशाला में देवेश चतुर्वेदी सहित कई जिलों के अधिकारीयों एवं कृषि विशेषज्ञों ने उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े जिलों में कृषि विकास के कार्यक्रमों पर गहन चर्चा की।

पीएम प्रणाम योजना का जिक्र करते हुए देवेश चतुर्वेदी ने कहा केंद्र सरकार द्वारा देशभर के किसानों को सहायता पहुंचाने के लिए रसायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान की जाती है। लेकिन अब सरकार के सामने एक समस्या उत्पन्न हो गई है कि किसानों द्वारा रसायनिक उर्वरकों का उपयोग बहुत अधिक किया जाने लगा है। जिसके कारण केंद्र सरकार पर सब्सिडी का बोझ बढ़ता ही जा रहा है। इसी समस्या का समाधान करने के लिए केंद्र सरकार एक योजना को शुरू पीएम प्रणाम योजना को शुरू करने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पीएम प्रणाम योजना के जरिए केंद्र सरकार कैमिकल रसायनों के इस्तेमाल को कम करके वैकल्पिक उर्वरकों के इस्तेमाल में बढ़ोतरी करना चाहती है। इस योजना से राज्यों में केमिकल उर्वरकों के यूज में कमी आएगी और खेती को केमिकल युक्त करने में मदद मिलेगी। इससे किसानों को लंबी अवधि में बड़े लाभ मिलेंगे। वहीं उन्होंने कार्यक्रम में कई जिलों अधिकारीयों एवं कृषि विशेषग्य से भी जानना चाहा कि धरातल पर कितना काम हो रहा है साथ ही किसानों और कृषि को लेकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार की जो स्कीम चल रही है उसका फायदा कितना मिल रहा है, इसकी जानकारी भी उन्होंने ली।

अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान केंद्र के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने कहा कि हम धान की सीधी बुआई की तकनीकी को प्रोत्साहित कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने बताया कि आईआरआरआई इस वक्त एक ठोस प्लनिंग के तहत का काम कर रहा है जिससे भारत में चावल और गेंहू की कृषि को आधुनिक तरीके से किया जा सके। आईटीसी के तरफअखिलेश यादव ने बताया आईटीसी और नीति आयोग मिलकर कृषि से जुड़ी समस्थ्याओं को हल करने के लिए किसानों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि की उन्नत तकनीक की जानकारी होगी जिससे किसान उन्नत खेती कर पाएंगे।

ग्रामीण डेवेलपमेंट सर्विसेज के अमिताभ मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, सोनभद्र, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर जैसे अति पिछड़े पांच जिलों को लेकर कृषि विकास के लिए आईटीसी के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया उनकी संस्था आईटीसी के साथ मिलकर किसानो के साथ जमीनी स्तर पर काम कर रही है ताकि किसानों की आय बढाई जा सके।

# आम जनमानस को 24 घंटे मिलेगा स्वच्छ पेयजल: सीएस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में अमृत 2.0 योजनान्तर्गत 7वीं राज्य उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एसएलटीसी) की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अमृत 2.0 योजनान्तर्गत चल रही सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पूरा कराया जाए। परियोजनाओं में नई तकनीकी के साथ-साथ ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जाए। अब लोगों को पानी स्टोर करने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि आम जनमानस को स्वच्छ पेयजल चौबीस घंटे मिलेगा। बैठक में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के लिए एक एजेन्सी (थर्ड पार्टी) उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) में रखे जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय तकनीकी समिति में संस्तुत 70 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें चौबीस घंटे वाटर सप्लाई की 38 परियोजनायें शामिल हैं। जिसके तहत 62515 कनेक्शन प्रदान किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त स्वीकृत परियोजनाओं में 21 जलापूर्ति की परियोजना शामिल है, जिसमें 334388 कनेक्शन प्रदान किये जायेंगे तथा 11 सीवरेज परियोजना के अन्तर्गत 43792 कनेक्शन प्रदान किये जायेंगे। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास रंजन कुमार, एमडी यूपी जल निगम शहरी अनिल ढींगरा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पात्रों को मुहैया कराएं खाद्यान्न

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**खाद्य** एवं रसद विभाग विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई। बैठक का सफल संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया। बैठक में डीएम ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न के उठान एवं वितरण की समीक्षा की। उन्होंने खाद्यान्न की गुणवत्ता, बाल पोषाहार, एमडीएम, प्रवर्तन कार्यवाही, प्रचलित राशन कार्ड निरस्त किए गए राशन कार्ड, आधार सीडिंग की कार्य प्रगति,उचित दर दुकानों का निलंबन, निरस्तीकरण की गहन समीक्षा की, और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने समिति पदाधिकारियों से प्राप्त खाद्य सुरक्षा अधिनियम के संदर्भ में सार्थक सुझाव का स्वागत किया और नियमानुसार खाद्य सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अनुरूप पात्रों को खाद्यान्न मुहैया कराया जाय। शासन की मंशा के अनुरूप जिला स्तर पर ब्लाक स्तर व ग्राम स्तर पर खाद्य एवं रसद विभाग की सतर्कता समितियों को क्रियाशील रखते हुए पात्रों को खाद्यान्न व अन्य अनुमन्य सामग्रियों की उपलब्धता करायी जाय। केंद्र व प्रदेश सरकार पात्रों को खाद्यान्न मुहैया कराने के लिए संजीदा है, लिहाजा खाद्यान्न आपूर्ति समय से करने की सभी व्यवस्थाएं की जाएं और परिषदीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के अलावा बाल विकास एवं पोषाहार विभाग द्वारा संचालित पौष्टिक आहार की व्यवस्था नियमानुसार की जाय। डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खीरी में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में अंत्योदय कार्ड में दो लाख 97 हजार 889 यूनिट पात्र गृहस्थी के यूनिट 28 लाख 09 हजार 447 यूनिट लाभान्वित है। जनपद में अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 तक 2152 निरीक्षण किए गए। उन्होंने प्रवर्तन कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत चार एफआईआर दर्ज हुई। जांच में 21 दुकाने निलंबित, 54 दुकाने निरस्त कीं। वही 3.59 लाख की प्रतिभूति राशि जप्त की गई। बैठक में एडीएम संजय सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, जिला स्तरीय सतर्कता समिति सदस्य बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार, सीवीओ डॉ सोमदेव, आरओ अवधेन्द्र सिंह, पूर्ति निरीक्षक, पूर्ति लिपिक सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## सुंदरवन नेत्र जांच केंद्र का हुआ शुभारंभ



संवाददाता। लखीमपुर खीरी।

**डॉ श्रॉफ** चैरिटी आई हॉस्पिटल एवं स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के संयुक्त तत्वाधान से सुंदरबल नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाले आशा,आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान डॉ अनिल गुप्ता ने कहा कि नेत्र जांच केंद्र की शुरुआत होने से क्षेत्र में नेत्र संबंधित सभी बीमारियों का इलाज एक ही जगह संभव हो जाएगा। उन्होंने डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा किए जा रहे अंधता निवारण के कार्यों की सराहना की। संस्था के प्रबंधक अनुराग मिश्रा ने बताया कि यह हमारा 14 नेत्र जांच केंद्र समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य पर सभी सुविधाएं प्रदान करेगा। संस्था से मो. जावेद ने नेत्र जांच कर लोगों को सलाह प्रदान की। सुंदरवल प्रधान गुफरान खान ने क्षेत्र में नेत्र जांच केंद्र खुलने से हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि क्षेत्र में आंखों की बीमारियों से बचाओ के लिए जागरूकता आएगी। कार्यक्रम में बालक राम, सुरेश जायसवाल, सरवर खान, अलमदार खान, मोहम्मद शेर खान, भूखा, गोलू तिवारी तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। संस्था से हिना शाह सिराज खान फील्ड कोऑर्डिनेटर समीर अली तथा दिलीप कुमार वर्मा और विश्रुत वर्मा सोफ़िया अमित कुमार राठौर उपस्थित रहे।

## टास्क फोर्स बैठक में डीएम ने पढ़ाया मातहतों को जिम्मेदारी का पाठ

संवाददाता। सीतापुर

**कलेक्ट्रेट** सभागार में आयोजित हुई टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने हेड मास्टर की तरह मातहतों को जिम्मेदारियों का पाठ पढ़ाया। जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी के बावत जानकारी लेते हुए नामांकन ज्यादा और निस्तारण शून्य होने पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह से नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि सभी एसडीएम और बीडीओ जल्द से जल्द फैमिली आईडी का कार्य करा लें क्योंकि 7 दिन बाद सीएम स्वयं इसकी समीक्षा करेंगे। जिलाधिकारी ने बेसिक स्कूलों में घटिया काम होने पर नाराजगी जताते हुए बीएसए अजीत कुमार से कहा कि जहां भी काम ठीक नहीं है, वहां ठेकेदार को काम सही करने का निर्देश दें, सुधार न होने पर संबंधित को ब्लैकलिस्ट कर उसका भुगतान रोक दिया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने समीक्षा करते हुए बिसवां में 250 आवासों को लाभार्थियों में आवंटित किए जाने का निर्देश दिया। साथ ही मिश्रिख नैमिष के सभी अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। डीएम ने बेसिक स्कूलों का उच्चकोटि के पेंट से रंगरोगन करने के अलावा अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा करते हुए स्कूलों में ग्रीन बोर्ड लगाए जाने का निर्देश बीएसए को दिया। बेसिक शिक्षा के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने बेहटा ब्लाक में शिक्षकों की सबसे कम उपस्थिति पाए जाने को लेकर बीएसए से नाराजगी व्यक्त की। बैठक में सीडीओ अक्षत वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगजनों के खिले चेहरे

● डीएम ने दिव्यांगजनों को बांटी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**दिव्यांगों** को चलन-फिरने में दिक्कत न हो इसके लिए शासन की तरफ से कई तरह के उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। मंगलवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में जीआईसी ग्राउंड में जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और हेलमेट का उपहार दिया। यह ट्राईसाइकिल मोटर से चलेगी। मंगलवार को जिले के 48 दिव्यांगजनों को विधायक सदर योगेश वर्माए सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की सौगात दी। साथ ही उनका हौसला भी बढ़ाया। इस अवसर पर दिव्यांगजन के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल के साथ.साथ एक एक हेलमेट और लंच बॉक्स भी प्रदान किया। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार हमेशा बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों के लिए काम कर रही है। प्रदेश.केंद्र सरकार ने दिव्यांगों को भी आम व्यक्ति की तरह ही समानता का दर्जा देकर उनके लिए भी योजना लागू की हैं। यह छोटा सा उपहार आपके जीवन को थोड़ा सा सरल बना देगा। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याएं भी सुनीं। योजना से वंचित पात्रों को मोटर ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल आपके जीवन में सुलभता लाएगी।सरकार लगातार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम कर रही। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के जरिए लगातार दिव्यांगजनों के सफर को सुगम बनाने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने जनप्रतिनिधियोंए अफसरों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगों की सहायता के लिए कृत संकल्पित है।



## दूषित पानी पीने को मजबूर हैं लोग

संवाददाता। मोहम्मदीखीरी

**नगर** के मोहल्ला सरैया में जलापूर्ती के लिये बिछाई गयी पाइपलाइन टूटी होने के चलते लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। मोहल्ले के तमाम लोगों द्वारा पालिका प्रशासन को इस सम्बनघ में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। यह भी बताना जरूरी है कि इसी मोहल्ले में कुछ दिन पूर्व दूषित पानी पीने से 9 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिस पर पूरे प्रदेश में हलचल हो जाने के बाद प्रशासन की नींद खुली और शासन.प्रशासन द्वारा छुटपुट कार्य करा कर इतिश्री कर ली। घरों में सप्लाई होने वाले पानी की लाइन टूटी होने के चलते गन्दे नाले में बह रहा पानी घरों तक पहुंच रहा है। जिससे रोजदार खासे परेशान हैं। कस्बे में सोमवार को मोहल्ला सरैया के निवासी अयूबए मजुल्ला ए इरफान एसदाकतए लियाकतए रहीसए शरीफसहित सैकड़ों लोगों ने पालिका प्रशासन को शिकायती पत्र देकर बताया मोहल्ले के घरों में सरकारी पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति की जाती है। जो लम्बे समय से क्षतिग्रस्त होने के चलते घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। जिससे रमजान के महीने में भी लोगों को गन्दा पानी पीने को दिया जा रहा है। जिससे क्षुब्ध होकर लोगों ने पालिका प्रशासन समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने की अपील की है। उक्त मामले में जब अधिशाषी अधिकारी गुंजन गुप्ता से उनका पक्ष जानने के लिये कई बार फोन किया परन्तु उनका फोन रिसीव नहीं हुआ जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।



## चैती मेला में भजन संध्या पर झूमे श्रोता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती का शुभारम्भ जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहा की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधायक अमन गिरि ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात ऐतिहासिक सांस्कृतिक मंच पर आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि व जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। संचालन विश्वनाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने चैती मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह मेला हमारे नगर की धरोहर है। इसके उत्थान के लिए वह भरसक प्रयास करते रहेगे। ऐतिहासिक मेला चैती के शुभारंभ के अवसर पर राजेश दीक्षित एण्ड पार्टी लखीमपुर द्वारा मेरे घर में पधारो गजानन जी भजन गाकर शुरुआत की।

## क्विक न्यूज

### आरएमपी डिग्री कॉलेज में अप्रैल के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा प्रवेश

**सीतापुर।** आरएमपी डिग्री कालेज में सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया अप्रैल के दूसरे सप्ताह से शुरू कर दी जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव द्वारा लिए गए इस निर्णय के संबंध में सहमीडिया प्रभारी सुमित सिंह ने बताया कि प्रवेश के लिए लखनऊ विश्व विद्यालय की वेबसाइट पेज पर जाकर एलयूआरएन के लिए पंजीकरण करें, जिसके बाद अभ्यर्थी को लखनऊ यूनिवर्सिटी का रजिस्ट्रेशन नंबर मिल जाएगा जो उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं ईमेल पर भेजा जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी को आनलाइन 100 रूपए का शुल्क जमा करना होगा।

### मंडलायुक्त द्वारा महिलाओं को 'नव देवी सम्मान'

**बरेली।** उ प्र शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मंडल की महिलाओं को 'नव देवी सम्मान' दिये जाने हेतु मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने चिन्हित 18 महिलाओं को आज आयुक्त कार्यालय परिसर स्थित सभागार में सम्मानित किया। जिनमें जनपद बरेली से तारावती (स्वयं सहायता समूह), पारुल मलिक (अपशिष्ट प्रबन्धन उद्यमी), सुधा सक्सेना (गोबर से निर्मित उत्पाद), अर्चना सागर (सामुदायिक जागरूकता), यासमीन (स्वच्छता में मास्टर ट्रेनर), जनपद शाहजहांपुर से पूनम मल्होत्रा (वेस्ट टू वेल्थ), रचना मोहन (अपशिष्ट प्रबन्धन उद्यमी), साक्षी सिरारी (स्वच्छता के नवाचार कार्यों में), अल्पना श्रीवास्तव (स्वच्छता के कार्य में विशेष योगदान), नीतू (सफाई मित्र), जनपद पीलीभीत से कंचन सक्सेना (स्वंय सहायता समूह), निर्मला धनेजा (सामुदायिक खाद संबंधी जागरुक), शकुंतला देवी (स्वच्छता में निकाय की स्थिति), जनपद बदायूं से पूनम देवी (वेस्ट टू वेल्थ), राखी (सफाई मित्र), रुबी नाज (स्वच्छता में मास्टर ट्रैनर) एवं सुनीता देवी (सामुदायिक खाद के बारे में जागरुक करने) में सम्मानित किया, जिसमें से एक महिला अनुपस्थित रही। मंडलायुक्त ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके कार्य से ही आपकी पहचान है। इसी तरह आगे भी स्वच्छता के लिए कार्य करें और लोगों को प्रेरित भी करते रहे।

### करंट लगने से मीना देवी की हुई मौत

**तिकुनियाँ-खीरी।** कोतवाली तिकुनियाँ खीरी के ग्राम पंचायत बदाल पुरवा में बिजली के करंट लगने से मीना देवी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मीना देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी बलराम लोधी निवासी बदाल पुरवा बिजली का करंट स्टेबलइज़र में उतरने से हुई मौत परिजनों की चीख पुकार सुनकर गांव में मचा कोहराम अचानक हुई मौत से पूरे गांव मे शोक की लहर मीना देवी के 4 बच्चे दो लड़कियां रोशनी और ज्योति और दो लड़के हरिओम अनमोल बच्चों को अपनी मां की हालत देखकर बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

### तस्करों से सौदेबाजी में लिप्त तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**बरेली।** स्मैक तस्करों को छोड़ने के बदले सौदेबाजी करने वाले तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया। बिथरी चौनपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह इज्जत नगर थाने के आरक्षी राहुल कुमार बारादरी थाने के आरक्षी दीपक कुमार को उनके पद से निलंबित कर दिया गया निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों पर स्मैक तस्करों को पकड़कर छोड़ने के लिए सौदेबाजी करने तथा सौदेबाजी सफल ना होने पर तस्करों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर अपने दायित्व के विपरीत कार्य करते हुए कर्तव्य पालन के प्रति बरती गई घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, उद्दंडता, स्वेच्छाचारिता और कदाचार का परिचय देने के संबंध में नए आदेशों तक तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### बुलडोजर कार्रवाई ने बढ़ाई लोगों के लिए परेशानी

**सिंगाही खीरी।** तो किया कस्बे में बाबा का बुलडोजर अवैध कब्जाधारियों को हटाने के लिए नहीं बल्कि लोगों को परेशान करने के लिए चलाया गया था। नालों और नालियों से बुलडोजर के जरिये हटाये गए पत्थरों को देख कर ऐसा ही लगता है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अवैध कब्जाधारियों को हटाने के दौरान नालों पर पड़े पत्थरों को हटा दिया गया था। बतातें चले कि 14 मई को कस्बे में एसडीएम श्रद्धा सिंह व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा की मौजूदगी में नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कथित तौर पर अवैध कब्जाधारियों को हटाने के लिए बाबा का बुलडोजर चलाया था इस अभियान के दौरान सिंगाही बेलरायां मार्ग के दोनों ओर नालों के ऊपर पड़ेगा पत्थर को तो नगर पंचायत ने हटाया था पर हटाने के बाद ना तो नाले की सफाई हुई और ना तो पत्थरों को दोबारा नालों पर रखा गया जिससे आने जाने वाले राहगीरों को को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्थरों को हटाने के बाद अब नाला खुल गया है। जो कोई भी नाला में गिरता है वह न केवल लोगों को परेशानी होती बल्कि नाले के किनारे पड़े पत्थरों से घायल हो सकता है।



### नकली किताबें छापने बाले गैंग का खुलासा, एक गिरफ्तार

**बरेली।** एनसीईआरटी की नकली किताबें छापने वाले गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने आज एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके साथियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया। भोजीपुरा थाना क्षेत्र में फैक्ट्री एरिया से पुलिस ने आज मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के उज्जवल कॉलोनी श्याम नगर के पास रहने वाले नफीस पुत्र यासीन खां को पुलिस ने एनसीईआरटी की नकली किताबें छापने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए नफीस ने बताया कि उसके साथ एनसीईआरटी की नकली किताबें छापने में मेरठ के माधवपुरम थाना क्षेत्र के रहने वाले अवनीश मित्तल पुत्र राम पाल मित्तल उसके साथी पियूष कंसल, सोनू, राहुल गुप्ता, सचिन गुप्ता भी शामिल थे और फैक्ट्री एरिया भोजीपुरा में एक स्थान पर लगी प्रिंटिंग प्रेस में एनसीईआरटी की नकली किताबें छुपवाते थे और उन्हें बाजार में बेचते थे ।

### बाइक से टकराई नीलगाय दो की मौत एक घायल

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को अचानक जंगल से नीलगाय ने टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए एक घायल ने इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय दम तोड़ दिया दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने दोनों शवों को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव अटंगा योगी निवासी प्रवेश कुमारी और उसके बेटे आरव की आज दोपहर नवाबगंज थाना क्षेत्र में मंडी स्थल के पास हुई दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतकों के परिजनों ने बताया कि प्रवेश कुमारी अपने बेटे आरव के साथ आज सुबह अपने फुफेरे भाई केशव के साथ मोटरसाइकिल से पीलीभीत के गांव अताछेड़ी स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर गई थी जहां से उसे वापस आकर बरेली के डोहरा रोड स्थित अपने बेटे आरव के स्कूल में आयोजित पेरेंट्स मीटिंग में शामिल होना था । इसके चलते उसे केशव उन्हें मोटरसाइकिल से बरेली लेकर आ रहा था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद नवाबगंज मंडी स्थल से कुछ पहले ही तेजी से आ रही बाइक को नीलगाय ने टक्कर मार दी।

## अमर योद्धा स्मारक का लोकार्पण

संवाददाता। बरेली

**डीएम,** शिवाकान्त द्विवेदी ने आज जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के प्रांगण में बने ''अमर योद्धा स्मारक'' का लोकार्पण किया। उन्होंने स्मारक पर रिथ चढ़ायी तथा 19 अमर योद्धाओं के आश्रितों को सम्मानित भी किया। उन्होंने एक सैनिक के जीवन में होने वाली कठिनाइयों को भी बताया तथा सैनिकों के हर काम के लिये आश्वासन भी दिया। कहा कि जिले में बने इस स्मारक के कारण बरेली जनपद के समस्त लोग अपने जिले के वीर सैनिकों के बारे में जान सकेंगे। हम लोग आज अगर सुरक्षित हैं तो वह सेना एवं सेना के शूरवीरों के कारण। मैं जनपद के वीर सैनिकों/वीर नारियों को नमन करता हूं। कर्नल राघवेन्द्र सिंह राघव ने कहा कि अमर योद्धा स्मारक पर 44 शूरवीरों के नाम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किये गये हैं। इसमें 1962 भारत-चीन युद्ध, 1965 भारत-पाकिस्तान युद्ध, 1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध ऑपरेशन पवन श्रीलंका, ऑपरेशन विजय, कारगिल युद्ध, आतंकवाद से एंव विषम परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हुये, वीरगति को प्राप्त हुए शूरमाओं के नाम अंकित हैं। इस अवसर पर 21 बटालियन एनसीसी के एनसीसी कैडेटस ने स्मारक पर वीरों को सलामी दी। अमर योद्धा स्मारक के निर्माण में ब्रिगेडियर रवि निदेशक, सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास, उ.प्र. लखनऊ का विशेष योगदान रहा। उनके द्वारा स्वीकृत धनराशि से इस स्मारक का निर्माण कार्य सम्पन्न हो पाया। इस अमर योद्धा स्मारक के निर्माण कार्य में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया। जिनके नाम वरिष्ठ सहायक रवि कुमार मिश्रा, क0 सहायक प्रभा, क0 सहायक पंकज, लियाकत, जगदीश, जीत सिंह, सतीश कुमार। यह जानकारी कर्नल राघवेन्द्र सिंह राघव जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी

## डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**सोमवार** देर रात हरगांव कस्बे में लखीमपुर सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर केसरूआ के पास बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हरगांव पुलिस ने घायल को तत्काल सीएचसी हरगांव में भर्ती कराया, जहाँ से डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से भी चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया। किन्तु इटोजा के पास युवक ने दम तोड़ दिया। हरगांव निवासी कपिल तिवारी 36 पुत्र रामप्रकाश तिवारी अपनी बाइक से कहीं से अपने घर हरगांव आ रहे थे। लखनऊ लखीमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर केसरूआ के पास सोमवार,रात लगभग 10 बजे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। बाइक पहले पीछे से डनलप से टकरा कर डिवाइडर से टकरा गई।

## 27 करोड़ की चरस बरामद, दो गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर


**लखनऊ** एसटीएफ और एसओजी टीम ने अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पुलिस टीम को करीब 27 करोड रू0 की कीमत की 22 किलो चरस एवं 05 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद के साथ एक कार भी बरामद हुए। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोहों के विरूद्व अभियान के तहत शाहजहांपुर में लगातार मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। स्पेशल टास्क फोर्स, उ0प्र0 एवं एस0ओ0जी टीम एवं थाना रौजा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गैग के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही की गयी। संजीव कुमार वाजपेयी, प्रभारी पुलिस अधीक्षक, ने बताया स्पेशल टास्क फोर्स, उ0प्र0 एवं एसओजी टीम एवं थाना रौजा पुलिस द्वारा एक सैन्ट्रो कार से नेपाल से तस्करी करके शिमला ले जायी जा रही कुल 22 किलो चरस एवं 05 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद की गयी है। बरामद मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 27 करोड़ 50 लाख रूपये है। पुलिस टीम ने सतीश कुमार गुप्ता को उसके साथी विवेक को एक सेन्ट्रो गाडी सहित दिऊरिया मोड पर शिकंजे में लिए। पकड़े गये व्यक्तियो द्वारा सैन्ट्रो कार में तेल की टंकी के बराबर एक अन्य टंकी बनवा रखी थी जिसका मुख पीछे वाली सीट के नीचे बनाया गया था उसी के अन्दर मादक पदार्थो को छिपाकर तस्करी करके ले जाया जा रहा था। पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि सतीश कुमार गुप्ता मूल रूप से गोण्डा व विवेक श्रीवास्तव बहराईच का रहने वाले हैं। दोनों दोस्त है। सतीश गुप्ता की ससुराल नेपाल की है तथा वर्तमान में वह अपनी पत्नी के साथ नेपाल में ही रहता है। उक्त मादक पदार्थ इन दोनों को नेपाल में रहने वाले अशरफव शराफत द्वारा गाड़ी में केवटी तैयार कराकर उसके अन्दर रखकर तथा बैग में रखकर दी गयी थी। उक्त माल को इन्हें शिमला एवं कैराना में दो अलग अलग स्थानो पर डिलीवर करना था। जब ये लोग शिमला/कैराना पहुँच जाते तो वहीं जाने के बाद अशरफव शराफत इन्हे बताते कि माल कब और किसको देना है । जब हम लोग नेपाल से बार्डर पार करके बहराईच, लखीमपुर खीरी होते हुये शाहजहांपुर पहुंचे तो पुलिस टीम द्वारा रास्ते में ही पकड लिया गया है।



## क्रय केंद्रों पर किसानों से सम्मानजनक व्यवहार करें

संवाददाता। शाहजहांपुर

**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रबी विपणन वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद की तैयारियों के सम्बन्ध में कार्यशाला संपन्न हुई। प्रतिभाग करने वाले सभी केंद्र प्रभारियों को गेहूं खरीद की प्रक्रिया के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। गेहूं की गुणवत्ता का विश्लेषण एवं इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ परचेज (ई पॉप) डिवाइस के प्रयोग के संबंध में भी बताया गया। साथ ही आधार लिंक्ड आनलाइन भुगतान व्यवस्था एवं एनपीसीआई मैपिंग के विषय में भी सभी केंद्र प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया जिससे किसानों को समय से आनलाइन भुगतान किया जा सके। कार्यशाला के दौरान डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि गेहूं क्रय केंद्रों पर समस्त तैयारियां समय से पूर्ण की जाये। कहा कि किसी भी क्रय केंद्र पर किसानों को कोई असुविधा ना हो। किसानों का गेहूं क्रय करने में लापरवाही करने वालों अथवा उत्पीड़न का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। क्रय केंद्रों की आकस्मिक जांच के दौरान यदि कोई बिचौलिया अथवा दलाल पाया जाएगा तो संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन के मानक के अनुरूप किसानों से गेहूं की खरीद की जाये। क्रय केन्द्रों पर पहुंचने वाले किसानों से सम्मानजनक व्यवहार किया जाये। सभी किसानों को आवश्यक सुविधाएं केंद्र पर उपलब्ध करायी जाये। क्रय केन्द्रों पर कृषकों को बैठने एवं पानी पीने की समुचित व्यवस्था की जाये। छलना, पंखा, इलेक्ट्रानिक कांटा, डस्टर, नमीमापक यंत्र, बोरे आदि की व्यवस्था पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवश्यक सूचनाएं, न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं कंट्रोल रूम नंबरों को भी प्रदर्शित कराना सुनिश्चित किया जाये। डीएम ने कहा कि क्रय के उपरान्त किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय से सुनिश्चित कराया जाये। इसमें लापरवाही एवं शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने सभी क्रय एजेंसियों के जिला प्रतिनिधियों एवं केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराई जाये तथा इन बैठकों के फेटो/वीडियो भी संकलित कराए जाये। उन्होंने लक्ष्य अनुसार गेहूं क्रय किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। डीएम ने चेतावनी दी कि गेंहू क्रय के संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कहा कि गेहूं क्रय के पहले दिन से अच्छी खरीद होनी चाहिए, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी कार्ययोजना बना लें। उन्होंने समस्त तैयारियां पूर्ण कराते हुए समय से आख्या प्रेषित किए जाने के निर्देश भी दिए। कार्यशाला के जिला खाद्य विपणन अधिकारी अरूण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2023-24 में रबी की फसलों हेतु भारत सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपया 2125/- प्रति कुण्टल निर्धारित किया गया है। दिनांक 01 अप्रैल 2023 से जनपद के 182 क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। बताया कि शिकायत दर्ज कराने हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नं0 05842-221986 एवं मोबाईल नं0 9519063411है। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप संख्या 9519063411 के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करयी जा सकती है। कन्ट्रोल रूम प्रात: 09 बजे से सायं 06:00 बजे तक सक्रिय रहेगा।



## राजस्थान सरकार के बिल पर डॉक्टरों ने जताया विरोध

संवाददाता। बरेली

**बरेली** में डॉक्टरों ने राजस्थान सरकार द्वारा पास किए गए बिल (राइट टू हैल्थ) का हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और डॉक्टरों ने राष्ट्रपति को संबोधित जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए इस बिल को वापस लेने की अपील की।दरअसल राजस्थान सरकार ने एक बिल का खाका तैयार किया है जिसमे प्राइवेट अस्पतालों को इमरजेंसी के दौरान फ्री में इलाज मुहैया कराना होगा और भी कई अन्य तरीके के इलाज फ्री करने के लिए प्राइवेट अस्पताल बाध्य होंगे। बरेली के डॉक्टरों ने आज हाथों में काली पट्टी बांधकर इस बिल का विरोध किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया।प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर विनोद पागरानी का कहना है कि हमें अस्पताल खोलने के लिए तमाम तरीके की फीसों को सरकारी मानकों के मुताबिक जमा करना होता है जिसमे किसी प्रकार की कोई छूट नहीं होती। अगर प्राइवेट अस्पतालों के ऊपर इस बिल को थोपा जाएगा तो भ्रष्टाचार को बढ़ावा तो होगा ही साथ ही अशांति का माहौल भी पैदा होगा। साथ ही अस्पतालों में हंगामे और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं भी बढ़ेंगी।आईएमए के डॉक्टरों द्वारा आज राजस्थान सरकार के इस बिल का विरोध कर उसे वापस लेने की अपील की गई। डीएम को ज्ञापन देने बालो में डॉ विनोद पग्रानी , डॉ गौरव गर्ग, डॉ अतुल अग्रवाल , डॉ लतिका अग्रवाल,डॉ अनूप आर्य, डॉ सचिन अग्रवाल मौजूद रहे।



# मादक पदार्थों की बिक्री रोकने को पुलिस के साथ मारें छापे : डीएम

● मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने को सख्त हुआ प्रशासन



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव से आम जनता को जागरूक करने की गरज से जिला स्तरीय समिति एवं उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जिला संचालन समिति स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर शर्मा से कहा कि उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष की पत्रावलियां नोडल अधिकारी के पास है। उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में डीएम अभिषेक आनन्द ने अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि जो मामले विवेचना के लंबित हैं। उन्हें संबंधित अधिकारियों से निस्तारित कराएं, ताकि पीड़ित परिवारों को लाभ मिल सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि पास्को एक्ट के मामले में अपर जिलाधिकारी, एएसपी व संयुक्त निदेशक अभियोजन के साथ बैठक करके रिपोर्ट पेश करें, ताकि मामलों का निस्तारण हो सके।

जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि नशा मुक्ति को केन्द्र व प्रदेश सरकार के निर्देश हैं कि प्रत्येक माह बैठक कराकर नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के सेवन से हानि के बारे में प्रचार-प्रसार करायें। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ तालमेल बनाकर विद्यालय वार नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जाये। नशा मुक्ति केंद्र खोलने को शासन से पत्राचार किया जाए। एडीएम से कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर के साथ कमेटी बनाकर मेडिकल स्टोर पर कप, सीरप व नशीली दवाओं का निरीक्षण करायें। खासतौर पर विद्यालयों के आसपास की दुकानों पर छापामारी की जाये।

# अवैध असलहा फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार



**संवाददाता।** राठ, हमीरपुर

**कोतवाली** पुलिस ने कस्बे में तीन आरोपितों को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। सीओ पीके सिंह ने बताया कि पुलिस ने स्वावरी रोड पर पुराना जर्जर मुर्गी फार्म में छापा मारकर अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। इसका मुख्य संचालक पप्पू उर्फ भागीरथ पुत्र मुन्ना ढीमर है। इसके पूर्व पप्पू गरौठा झांसी क्षेत्र में करीब 15 दिनों से तमंचा बनवा कर डिलेवरी करता रहा है। राठ क्षेत्र में डिमाण्ड होने पर रोज स्थान व समय बदलकर तमंचा बनवाता है। इससे पहले यह लोग पनवाड़ी व कुछेछा क्षेत्र में नदी के किनारे पर तमंचा बनाते थे। सीओ ने बताया कि पप्पू उर्फ भागीरथ इस काम के लिये सुनसान स्थान जंगल टेकरी आदि जगह चुनता है। जहां पर जनता के लोगों का आना जाना नहीं होता है और वक्त पर भागने एंव छिपने का रास्ता सही हो पप्पू इन कारीगरो को एक तमंचा बनाने का दो सौ रूपये हर व्यक्ति को देता है। बताया कि धर्मराज उर्फ धम्मा पुत्र सकूरा विश्वकर्मा निवासी टोला रावत थाना मझगवां, चन्नू उर्फ हरिचरन निवासी रकरिया डेरा मजरा ग्राम रमौरा थाना गरौठा जनपद झांसी और अमित राजपूत पुत्र पन्नालाल उर्फ भगवानदास निवासी परा कोतवाली राठ को सात अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद नाजायज अद्धी 12 बोर, एक अदद अर्द्धनिर्मित अद्धी 12 बोर, अन्य शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

# उपमुख्यमंत्री ने श्री तुलसी पीठ पहुंच कर लिया जगदगुरु रामभद्राचार्य का आर्शीवाद

**संवाददाता।** चित्रकूट



● जगदगुरु ने किया चित्रकूट में मेडिकल कालेज स्थापना का आग्रह

● डिप्टी सीएम के स्वास्थ्य सेवा प्रयासों को सराहा

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के दौरे पर आये उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सोमवार देर शाम श्रीतुलसी पीठ चित्रकूट परिसर पहुंचकर पदविभूषण से सम्मानित विश्व विख्यात संत जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने जगदगुरु के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। वहीं जगदगुरु ने उपमुख्यमंत्री श्री पाठक के स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए प्रभु श्रीराम की संकल्प भूमि चित्रकूट में एक मेडिकल कालेज की स्थापना करने का आग्रह किया।

विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट के दौरे पर आये यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक देर शाम धर्म चक्रवर्ती विश्व विख्यात संत जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के दर्शनार्थ श्रीतुलसीपीठ परिसर पहुंचे। इस दौरान डिप्टी सीएम ने जगद्गुरु का स्नेहिल आशीर्वाद लेने के साथ - साथ राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा कर जगदगुरू का मार्गदशन प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज ने डिप्टी सीएम द्वारा स्वास्थ्य सुधार की दिशा में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए चित्रकूट में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का आग्रह किया।जिस पर डिप्टी सीएम ने पूज्य गुरूदेव के आग्रह को स्वीकार करते हुए जल्द से जल्द चित्रकूट में मेडिकल कालेज का निर्माण कराने का भरोसा दिलाया।

# महंत गणेशदास की भिक्षा यात्रा को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन




**खागा**, फतेहपुर। महंत गणेशदास महाराज द्वारा जाति प्रथा के विरुद्ध एवं शतचंडी महायज्ञ हेतु मंगलवार को निकाली गई भिक्षा यात्रा का दो ग्राम पंचायतों में समर्थन प्राप्त हुआ। बताते चलें कि मंगलवार को पं. विजय शर्मा उर्फगणेशदास महाराज द्वारा जाति प्रथा के विरुद्ध शतचंडी महायज्ञ एवं कलश यात्रा हेतु भिक्षा यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत उमरा स्थित देवी स्थान से विधि विधान के साथ करते हुए सर्वप्रथम अपने निज आवास में अपनी माता जी हाथों से भिक्षा ग्रहण कर शुरुआत की है। यात्रा की शुरुआत जयकारों के साथ हुई जिससे समूचा गांव गांव भक्तिमय दिखाई दिया एवं सभी लोगों ने तन, मन एवं धन से सहयोग दिया। साथ ही आगामी दिवस में होने वाले कलश यात्रा व शतचंडी महायज्ञ में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही ग्राम प्रधान कुसमा देवी, प्रधान पति चेतराम ने यात्रा का स्वागत कर महंत जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भिक्षा यात्रा बाला का पुरवा पहुंचते हुए भोगलपुर ग्राम सभा पहुंची जहां ग्राम प्रधान घनश्याम पाल टक्करी ने महंत का स्वागत किया। समूचे गांव में शतचंडी महायज्ञ हेतु आर्थिक सहयोग एवं अन्न सहयोग भी दिया है।

# महिला उत्पीड़न और पाक्सो एक्ट मामलों पर करें त्वरित कार्रवाई

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**संवाददाता।** चित्रकूट

● थाने में गवाहों की हाजिरी ठीक न होने पर थानाध्यक्षों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में अभियोजन, कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था तथा एंटी भू-माफिया की मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि पास्को एक्ट के मामलों पर जल्द कार्यवाही करें। महिला संबंधी उत्पीड़न के मामले पर प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने थानाध्यक्षों से कहा कि जिन मामलों में गवाह कोर्ट में शत-प्रतिशत हाजिर होते हैं, उन मामलों को जल्दी निपटायें। अगले माह से थाना वार समीक्षा कर जिस थाना में गवाहों की हाजिरी की स्थिति ठीक न होने पर थानाध्यक्षों के खिलाफकारवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों से कहा कि कोर्ट में चलने वाले आर्म्स एक्ट के मामले में थानों से मांगी जानी वाली रिपोर्ट समय से दी जाये। रामनवमी पर्व को सकुशल संपन्न कराने को सभी उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाएं चौकस करा लें। उन्होंने रामघाट, परिक्रमा मार्ग समेत अन्य तीर्थ स्थलों पर रामनवमी के दिन दीपदान के कार्य भव्य ढंग से कराये जायें। मजिस्ट्रेट व पुलिस बल भी तैनात किया जाए। एआरटीओ प्रवर्तन से कहा कि जिन विद्यालयों के बच्चे रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर दीप जलाने जाएंगे, उनके आवागमन को वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मंदाकिनी गंगा व बड़े तालाबों में नवरात्रि पर्व पर देवी जवारा विसर्जित किये जाते हैं, वहां सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता व ईओ गोताखोर नाव की व्यवस्था करें। उन्होंने एसडीएम राजापुर, सीओ राजापुर से कहा कि अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई कराएं।

पोक्सो एक्ट में 62 दिन के अंदर एससी/एसटी पीड़िता के साथ हुई घटना पर चार वर्ष की सजा व जुर्माना कराने पर पुलिस की प्रभावी पैरवी व अभियोजन के कार्य को देखते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त निदेशक अभियोजन ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनंद को प्रशस्ति पत्र दिया।

# सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत के पश्चात जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जायेगा। सपा नेता एवं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कंपाउंड में अधिवक्ताओं ने सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत के पश्चात एक-दूसरे का मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह जिलाध्यक्ष होने के साथ-साथ एक अधिवक्ता भी हैं। वह अधिवक्ताओं के दर्द को अच्छी तरह समझते हैं। अधिवक्ता कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य वासुदेव पासी, पुष्पेंद्र सिंह एडवोकेट, रमेश चंद्र पासवान, अखिलेश मौर्या, सत्यम, जगनायक सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### अधिवक्ता पर फायरिंग में आठ पर एफआईआर दर्ज

**फर्रुखाबाद।** सड़क से गुजर रहे अधिवक्ता पर जान लेवा फायरिंग करने में बसपा नेता अनुपम दुबे के आठ करीबियों पर एफआईआर पंजीकृत की गयी है। पुलिस मामले में तफ्तीश कर रही है। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहगा ग्रानगंज निवासी अधिवक्ता नरेंद्र किशोर पाल नें दर्ज करायी गई एफआईआर में आरोप लगाया है कि वह बीती 27 मार्च की शाम लगभग 7. 30 बजे अपने मित्र दीपक वाजपेयी के साथ फतेहगढ़ कोतवाली रोड़ पर स्थित डॉ0 विशाल अग्रवाल के हास्पिटल के सामने से गुजर रहा था। उसी दौरान वहां पहले से ही मौजूद शक्ति सिंह पुत्र मनमोहन सिंह निवासी हाथी खाना (तलैया लेंन) फतेहगढ़, अकरम फारुखी उर्फचुनमुन पुत्र गुलाम मोहम्मद व रजी निवासी शीशमबाग फतेहगढ़ अपने चार-पांच साथियों समेत खड़े थे। वह देखते ही गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। नरेंद्र किशोर नें एफआईआर में कहा कि आरोपी मारपीट के दौरान कह रहे थे कि वह डॉ अनुपम दुबे के आदमी है।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में परीक्षण कर दी दवा



**जालौन, उरई।** हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजा सिंह सेंगर के आवास पर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 502 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। मंगलवार को मोहल्ला भवानीराम में हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर के आवास पर आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयुर्वेदिक चिकित्सालय मुरली मनोहर के तत्वावधान में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए राजा सिंह सेंगर ने कहा कि यह शिविर मोहल्ल के लोगों के काफी फायदेमंद है। मोहल्ले में चिकित्सा टीम होने से महिलाएं और बुजुर्ग अस्पताल पहुंचने में होने वाली परेशानियों से बचेंगे। लोगों को एक स्थान पर ही निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की सुविधा मिल रही है।

### 52 गौ आश्रय स्थल में 19747 गोवंश संरक्षित

**फतेहपुर।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ नवल किशोर ने बताया कि जनपद में संचालित 52 गौ आश्रय स्थलों में 19747 गौवंशों का संरक्षण कर लिया गया है। समस्त गौशालाओं में गौवंशों के पीने हेतु स्वच्छ पेयजल, भूसा, दाना, हराचारा तथा छाया हेतु शेड आदि की पर्याप्त व्यवस्था है। गौशालाओं में हरे चारे की बुआई करा दी गयी है। जो इस समय खिलाया जा रहा है। जहां पर हरे चारे की बुआई नही हो पायी है वहां पर स्थानीय स्तर पर क्रय कर हरा चारा गौवंशों को दिया जा रहा है। वर्तमान में एमपी चरी, लोबिया, मक्का आदि हरे चारे की बुआई कराई जा रही है। निकट भविष्य में गेहूँ की फसल की कटाई को देखते हुए गौशालाओं में भूसा भंडारण हेतु भूसा गृहों की भंडारण क्षमता बढ़ाई जा रही है जिससे अधिक से अधिक भूसे का भंडारण किया जा सके। गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों को वर्ष भर किसी प्रकार की भूसे एवं हरे चारें की कमी न हो।

### शराबी ने बच्चों को मारपीट कर घर किया आग के हवाले

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम करहिया में शराबी युवक ने अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट करने के बाद घर में आग लगा दी जिससे घर गृहस्थी व जेवर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। पत्नी की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले उसके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम करहिया निवासी रेखा सिंह पत्नी कुलदीप सिंह ने बताया कि उसका पति शराब पीकर आए दिन मारपीट करने के साथ साथ तरह तरह के आरोप लगाता रहता है।सोमवार की देर शाम वह शराब के नशे में घर आया और बिना वजह गाली गलौज करने लगा जब रेखा ने उसको मना किया तो कुलदीप ने रेखा व अपने बच्चों को जमकर मारा पीटा और घर को आग के हवाले कर दिया। रेखा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कुलदीप के खिलाफकार्यवाही शुरू कर दी है इधर श्राद्ध शराबी पति की इस हरकत के कारण रेखा व उसके बच्चे तथा साथ दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं।

# जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर समस्याओं का करें निस्तारण : मंत्री

**संवाददाता।** कानपुर देहात

● प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को जारी किए सख्त निर्देश

● मंत्री बेबी रानी मौर्य की अध्यक्षता में हुई जिला योजना समिति की बैठक

**जनपद** स्तर पर जिला योजना की वार्षिक रूप से बैठक के द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु इसका आयोजन समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ किया जाता है। इस वित्तीय वर्ष हेतु जिला योजना की बैठक का आयोजन माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, प्रभारी मंत्री जनपद कानपुर देहात श्रीमती बेबी रानी मौर्य की अध्यक्षता में तथा अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। प्रभारी मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के लिए प्रत्येक सप्ताह में एक दिन अवश्य निश्चित किया जाये, जब मुख्य विकास अधिकारी और जनप्रतिनिधि आपस में मिलकर जनपद की समस्याओं को और विकास के पैमाने को सुनिश्चत कर सके। प्रभारी मंत्री ने जहां-जहां कमियां हैं वहां उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को कठोर चेतावनी जारी की है तथा यह भी स्पष्ट किया कि यदि इसके उपरान्त भी कमियों में सुधार नही आता है तो अधिकारी दण्ड के भागी होंगे। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार जनपद हेतु लगभग 3 अरब 93 करोड़ 20 लाख का प्रस्ताव अनुमोदित कर शासन को भेजा जायेगा। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए जनपद में शासन की विभिन्न योजनाओं के सकुशल सम्पादन हेतु तैयार किये गये प्रस्तावों पर सभी जनप्रतिनिधियों का आशय जाना, जिसके उपरान्त सर्वसम्मति से उक्त धनराशि का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। जिला योजना समिति के सम्मुख प्रस्तावित की गयी इस जिला योजना में रुपए 190.89 करोड़ राज्यांश के रूप में, रू0 202.31 करोड़ की धनराशि केन्द्रांश के रूप में, रुपए 23.71 लाख की धनराशि जिला पंचायत के संसाधनों से तथा रू0 10.00 लाख की धनराशि नगरीय निकाय के संसाधनों से प्राप्त होने की संभावना है।

# दहेज न मिलने पर की नव विवाहिता की हत्या

**बिवांर**, हमीरपुर। बिवार क्षेत्र के सायर गांव में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में दान दहेज न मिलने पर नवविवाहिता को ससुरालीजनों ने कल फांसी लगाकर हत्या कर दी, पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ आज दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिबक गांव की सीमा (22) पत्नी योगेश पाल की शादी ग्यारह महीने पहले सुमेरपुर कस्बे में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में बांदा जिले के अलोना गांव में हुई थी। मृतका के भाई बाबू ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद पति योगेश व ससुर व छोटू, उज्जवल, चारों लोगों ने सीमा की हत्या कर फांसी में लटका दिया है।

# 25 हजार के ईनामी को पुलिस ने दबोचा



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थाना पुलिस टीम ने युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म के आरोपी की हत्या की फर्जी घटना का खुलासा कर 25 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को दबोचा है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के गौहानी कला गांव के राजबहादुर पुत्र रामऔतार व उदयभान पुत्र रामऔतार निवासी कछियापुरवा हरदौली के खिलाफ थाने में दुष्कर्म आदि धाराओं का मामला दर्ज हुआ था। राजबहादुर बीस जुलाई 2022 से फरार चल रहा था। न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गिरफ्तारी से बचने को परिजनों के माध्यम से राजापुर थाने में अपनी हत्या की झूंठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में पप्पू उर्फ राजबहादुर पुत्र माताबदल व शकुन्तला पत्नी स्व माताबदल निवासी कछियापुरवा, सुकुरुवा पुत्र चुनकाई व छोटा पुत्र हनुमान निवासी गौहानी तथा कैलाश उर्फ कल्लू पुत्र बाबूलाल पटेल निवासी अनीपुर और राजा पुत्र रामदेव निवासी अर्जुनपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राजबहादुर का आरोप था कि छह लोगों ने उसके पुत्र को बुलाकर शराब पिलाने के बाद हत्याकर शव गायब कर दिया था।

# पेज एक का शेष

## अतीक को...

समेत सात आरोपियों को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। इस मामले में कुल 11 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान उनमें से एक की मौत हो गई थी। अतीक अहमद उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद है। उसे पहली बार किसी मामले में सजा सुनाई गई है। इस बीच, अतीक अहमद ने एक समाचार चैनल से कहा, हम उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। फैसला गलत हुआ है। अतीक अहमद को अदालत में पेश किए जाने के दौरान कचहरी परिसर में मौजूद वकीलों ने अतीक अहमद समेत सभी दोषियों को फांसी देने की मांग करते हुए नारेबाजी की। कथित माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ को उमेश पाल के अपहरण के मामले में प्रयागराज की सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत में अपराह्न करीब 12 बजे पेश किया गया। अहमद को गुजरात की साबरमती जेल और अशरफ को बरेली जेल से सोमवार को प्रयागराज की नैनी केन्द्रीय कारागार में लाया गया था। उमेश पाल 25 जनवरी 2005 को बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मामले का चश्मदीद गवाह था। राजू पाल हत्याकांड मामले में अतीक अहमद आरोपी है। उमेश ने आरोप लगाया था कि जब उसने अहमद के दबाव में पीछे हटने और झुकने से इनकार कर दिया तो 28 फरवरी 2006 को उसका अपहरण कर लिया गया था।

## अतीक साबरमती...

अधीक्षक शशिकांत ने कहा कि माननीय अदालत के आदेश के अनुसार अतीक अहमद साबरमती सेंट्रल जेल के लिए रवाना कर दिए गए हैं। शशिकांत ने बताया कि इसके पहले ही खालिद अजीम उर्फ अशरफ को अदालत से ही बरेली जेल के लिए रवाना किया गया। यहां की एक विशेष अदालत में अपहरण के मामले में पेश करने के लिए बरेली से लाए गए पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ को भारी सुरक्षा के बीच वापस बरेली जेल के लिए मंगलवार की शाम को रवाना कर दिया गया।

## माफियाओं के...

चिन्हित हैं उनकी लगभग 2827 करोड़ की संपत्ति या तो जब्त की जा चुकी है या ध्वस्त की जा चुकी है। इसके अलावा इनके ठेक और टेंडर जाने से सभी माफियाओं को जो हानि हुई है उसकी राशि लगभग 15 सौ करोड़ रुपए है। इसके अतिरिक्त यूपी पुलिस ने करीब 48 माफियाओं को दंडित कराया है। आज प्रदेश के मुख्य माफिया अतीक अहमद को पहली बार किसी न्यायालय के द्वारा सजा सुनाई गई है। जिस केस में सजा हुई है वो राजू पाल हत्याकांड के प्रमुख गवाह उमेश पाल के 28 फरवरी 2006 को किए गए अपहरण से सम्बन्धित है। आज न्यायालय ने यूपी पुलिस द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों, गवाहों के बयान और अभियोजन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों के आधार पर तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास और एक-एक लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। यह निर्देश दिया है कि ये पैसे अभियुक्तों से वसूलकर पीड़ित के परिवार को दिया जाएगा। सजा पाने वालों में अतीक अहमद और उसके अन्य दो साथी दिनेश पासी और खान सौलत हनीफ शामिल हैं।

## भाजपा जीतती..

की यह पहली बैठक हुई। इन चुनाव में भाजपा त्रिपुरा में अपनी सरकार कायम रखने में सफल रही। नगालैंड में भी उसका गठबंधन चुनाव जीत गया, वहीं मेघालय में भी पार्टी ने एनपीपी के साथ फिर से हाथ मिलाकर सरकार बनाई है। बैठक में पार्टी के इस प्रदर्शन के लिए मोदी का सम्मान किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त नेता एक साथ, एक मंच पर आ रहे हैं और कुछ दलों ने मिलकर भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान छेड़ा हुआ है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी भारत विरोधी शक्तियों का एकजुट होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि ये शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में पहले दिन से ही दोनों सदनों में हंगामे के कारण अवरोध की स्थिति बनी हुई है।

## दिल्ली में...

कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। यह वीडियो अमृतपाल सिंह और पपलप्रीत सिंह की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के एक दिन बाद सामने आया है। उक्त तस्वीर में दोनों आरामदेह मुद्रा में दिखते हैं और अमृतपाल सिंह पेय पदार्थ की कैन पकड़े नजर आए थे। तस्वीर में दिख रहा पपलप्रीत सिंह अमृतपाल सिंह का मार्गदर्शक बताया जाता है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था। 18 मार्च को अमृतपाल और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई शुरू होने के बाद से उसकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। पुलिस ने कहा कि वह कई बार अपना हुलिया बदल चुका है। पुलिस ने पहले कहा था कि अमृतपाल सिंह और पपलप्रीत सिंह को 19 मार्च को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद में एक महिला ने कथित तौर पर अपने घर में शरण दी थी। 25 मार्च को, एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था, जिसमें अमृतपाल सिंह कथित तौर पर मोबाइल फोन पर बात करते हुए दिखा था। अमृतपाल और उसके सहयोगियों के खिलाफ वैमनस्य फैलाने, हत्या के प्रयास, पुलिसकर्मियों पर हमले और लोकसेवकों के कर्तव्य निर्वहन में बाधा उत्पन्न करने से संबंधित कई आपराधिक आरोपों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने उनमें से कुछ पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून भी लगाया है।

## जल्द पकड़ा...

पुलिस महानिदेशक से उन लोगों को हिरासत से रिहा करने के लिए कहा है, जो देश विरोधी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं पाए गए हैं। मान ने हालांकि यह भी कहा है कि राज्य में शांति भंग करने की कोशिश करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## फिलीपीन में...

के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सभी भारतीय नागरिक हैं। सरकारी फिलीपीन न्यूज एजेंसी की खबर के अनुसार, रामोस ने एक बयान में बताया कि भारी हथियारों से लैस अधिकारियों ने सात मार्च की सुबह शहर में एक अपार्टमेंट पर धावा बोल उग्रवादियों को पकड़ा। खबर के अनुसार, संदिग्धों की पहचान मनप्रीत सिंह (23) अमृतपाल सिंह (24) और अर्शदीप सिंह (26) के तौर पर हुई है। मीडिया की खबरों के अनुसार, तीनों प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के सदस्य हैं।

## स्पीकर के...

था। सूत्रों ने कहा कि राहुल मामले में तेजी से उठाए गए कदमों को लेकर अविश्वास प्रस्ताव में उल्लेख किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव तभी लाया जा सकता है जब सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल रही हो। दूसरी ओर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने के विरोध स्वरूप काले कपड़े पहनकर आए कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को निचले सदन में भारी हंगामा किया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर करीब सात मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में भी अडाणी मुद्दे पर लगातार 11वें दिन भी गतिरोध जारी रहा। एक बार के स्थगन के बाद बैठक को दोपहर दो बजकर तीन मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे की वजह से उच्च सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया।

## सावरकर पर...

रेखांकित किया कि विपक्षी दलों की असली लड़ाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ है। पत्रकारों से बातचीत में शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के साथ अपनी बातचीत में सावरकर मुद्दे को उठाया था और एमवीए सहयोगियों के बीच इस मामले पर सहमति है। फेसबुक पोस्ट लिखकर पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने भी वीडी सावरकर मुद्दे पर विचार व्यक्त किए और कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वीडी सावरकर का नाम उन लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से धूमिल किया जा रहा है, जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनके अतुलनीय बलिदान से अनजान हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि देश के नायक और राष्ट्रवादी अत्यंत सम्मान के पात्र हैं।

## ओबीसी को...

कहा कि पिछड़ी जातियों के खिलाफ गांधी की अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ और समुदाय के कल्याण के लिए मोदी सरकार के ऐतिहासिक फैसलों को प्रमुखता से सामने रखने के लिए ओबीसी मोर्चा पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल को बीआर अंबेडकर की जयंती तक विशेष अभियान चलाएगा। भाजपा कार्यकर्ता देश के एक लाख गांवों के एक करोड़ घरों तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा हरियाणा के मानेसर से इस अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लंबे शासन में दंतहीन रहे ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से लेकर शैक्षणिक संस्थानों में समुदाय को आरक्षण देने और विश्वविद्यालयों में हजारों बैकलॉग रिक्तियों को भरने तक, मोदी सरकार ने समुदाय के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि इन फैसलों से उनके जीवन स्तर में सुधार में मदद मिलेगी। भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य लक्ष्मण ने जोर देकर कहा कि ओबीसी समुदाय 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पक्ष में इस तरह के माहौल ने कांग्रेस को परेशान कर दिया है, जिसकी वजह से राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री का जातिगत अपमान किया है।

## ईपीएफओ ने...

थी। ईपीएफओ ने 2016-17 में ईपीएफ पर 8.65 प्रतिशत की दर से ब्याज दिया था, 2017-18 में यह 8.55 प्रतिशत, 2015-16 में 8.8 प्रतिशत था। 2013-14 और 2014-15 में ब्याज दर 8.75 प्रतिशत थी, 2012-13 में यह 8.5 प्रतिशत थी। 2011-12 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत थी।

## विदेश से...

तरीके से अपना स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम पूरा किया। याचिकाओं में मुख्य रूप से विभिन्न मेडिकल कॉलेज/ विश्वविद्यालयों के पहले से चौथे वर्ष के ऐसे स्नातक छात्रों को भारत के मेडिकल कॉलेज में समायोजित करने एवं अन्य अनुरोध किया गया था।

# मेक्सिको के प्रवासी केंद्र में आग, 39 मरे

भाषा। मेक्सिको सिटी



**उत्तरी मेक्सिको में** अमेरिकी सीमा के पास एक प्रवासी सुविधा केंद्र में आग लगने से 39 लोगों की मौत हो गई और 29 घायल हो गए। यह जानकारी राष्ट्रीय आव्रजन संस्थान के एक अधिकारी ने दी।

अधिकारी ने यह जानकारी नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी, क्योंकि वह मामले के बारे में सार्वजनिक रूप से बोलने के लिए अधिकृत नहीं था। एक समाचार पत्र के अनुसार, उत्तरी मेक्सिको में अमेरिका सीमा के पास एक केंद्र में आग लगने से कम से कम 36 प्रवासियों की मौत हो गई। घटनास्थल की तस्वीरों में सिउदाद जुआरेज स्थित एक केंद्र के बाहर शव रखे हुए दिखे। साथ ही तस्वीरों में केंद्र के आसपास एंबुलेंस, अग्निशमन कर्मी और वैन दिखाई दिए। यह केंद्र टेक्सास के एल पासो के पास स्थित है।चिहुआहुआ प्रांत अभियोजक के कार्यालय में अनाम स्रोतों के हवाले से समाचारपत्र डियारियो डी जुआरेज ने कहा कि सोमवार देर रात लगी आग में 39 लोगों की मौत हो गई। समाचार पत्र के अनुसार, घायलों को चार अस्पतालों में ले जाया गया है। पुष्टि के अनुरोधों पर न तो मेक्सिको के राष्ट्रीय आव्रजन संस्थान और न ही चिहुआहुआ प्रांत अभियोजक के कार्यालय ने ही मंगलवार को तत्काल कोई प्रतिक्रिया दी।अमेरिका में प्रवेश करने वाले प्रवासियों के लिए सिउदाद जुआरेज एक प्रमुख पारगमन बिंदु है। इसके आश्रयस्थल उन प्रवासियों से भरे हुए हैं, जो उस पार जाने के अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं या जिन्होंने अमेरिका में शरण का अनुरोध किया है और प्रक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मीडिया की खबरों के मुताबिक, मेक्सिको के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर जांचकर्ता मौजूद हैं।

## चीन के हेबेई प्रांत में गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के अधिकारी देश के औद्योगिक प्रांत हेबेई में एक परित्यक्त प्रशीतित गोदाम में सोमवार को लगी आग के कारणों की जांच कर रहे है, जिसमे 11 लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हेबेई प्रांत की कांग काउंटी की सरकार ने कहा कि यह आग सोमवार अपराह्न उस वक्त लगी जब इस उत्तरी प्रांत के एक गांव स्थित गोदाम के ढांचे को गिराया जा रहा था। दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद रात करीब 11 बजे आग पर काबू पाया। बचावकर्मियों ने घटनास्थल से 11 लोगों को बाहर निकाला, लेकिन सभी की मौत हो गई थी।

## कैलिफोर्निया के पूर्व गवर्नर ब्राउन के नाम पर झींगुर की दुर्लभ प्रजाति का नामकरण हुआ

**बर्कली (अमेरिका)।** अमेरिका में वैज्ञानिकों ने कैलिफोर्निया के पूर्व गवर्नर जेरी ब्राउन के खेत में झींगुर की दुर्लभ प्रजाति मिलने के बाद, उनके सम्मान में उस प्रजाति का नामकरण किया। बर्कली ने सोमवार को बताया कि झींगुर की दुर्लभ प्रजाति बेम्बिडियन ब्राउनोरम को आखिरी बार 1966 में देखा गया था, लेकिन इसका नाम या वर्णन तब तक नहीं किया गया जब तक कि यह कोलुसा काउंटी में स्थित ब्राउन के खेत में नहीं पाया गया। यूसी बर्कली के अनुसार, आकार में झींगुर लगभग पांच मिलीमीटर लंबा भूरा और छोटा होता है, हालांकि यह अभी भी अन्य बेम्बिडियन झींगुरों की तुलना में बड़ा है। हरी और सुनहरी झिलमिलाहट के साथ चमकता है यूसी बर्कली ने कहा कि एक जुलाई, 2021 को, उन्होंने एक अपरिचित झींगुर पाया और ओरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी में एक विशेषज्ञ डेविड मैडिसन को इसकी पहचान करने में मदद करने के लिए बुलाया।

# अमेरिका : निजी स्कूल में महिला ने तीन बच्चों समेत छह लोगों की हत्या की

भाषा। नैशविल (अमेरिका)



**अमेरिका में** स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और अब सोमवार को नैशविल में एक निजी क्रिश्चियन स्कूल में एक महिला ने नौ साल के तीन छात्रों तथा तीन वरिष्ठ नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि, पुलिस ने संदिग्ध महिला को मार गिराया। उसके पास असॉल्ट स्टाइल की तीन राइफल और एक पिस्तौल थी। ऐसा माना जा रहा है कि वह नैशविल में द कोवेनेंट स्कूल की भूतपूर्व छात्रा थी, जहां यह गोलीबारी हुई। मृतकों की शिनाख्त नौ वर्षीय एवलिन डिकहॉस, हेली स्क्रग्स और विलियम किने तथा सिंथिया पीक (61), कैथरीन कूंस (60) और माइक हिल (61) के रूप में की गई है। स्कूल की वेबसाइट पर कैथरीन कूंस को स्कूल की प्रमुख बताया गया है।

द कोवेनेंट स्कूल पर यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब देश स्कूलों में हिंसा की घटनाओं से जूझ रहा है। इस स्कूल में करीब 200 छात्र और 50 कर्मचारी हैं। बहरहाल, अभी संदिग्ध की पहचान तथा घटना के पीछे के उद्देश्य की जानकारी नहीं दी गई है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को व्हाइट हाउस में एक अन्य कार्यक्रम में इस गोलीबारी को किसी परिवार का सबसे खराब दुस्वप्न बताया और संसद से कुछ अर्द्ध-स्वचालित हथियारों पर प्रतिबंध लगाने का फिर से अनुरोध किया।

## पुर्तगाल स्थित मुस्लिम केंद्र में चाकू हमले में दो लोग मरे

**लिस्बन।** पुर्तगाल की पुलिस ने लिस्बन मे एक इस्माइली मुस्लिम केंद्र में दो लोगों की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपी एक संदिग्ध व्यक्ति को गोली मार दी। पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा ने संवाददाताओं से कहा कि यह एक आपराधिक कृत्य था और मंगलवार को इस घटना मे दो लोगो की जान चली गई थी। कोस्टा ने कहा कि संदिग्ध अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने इस संबंध मे विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होने कहा, सब कुछ इस ओर इशारा करता है कि यह एक अलग घटना है।

## यूनान के प्रधानमंत्री ने 21 मई को आम चुनाव कराने की घोषणा की

**एथेंस।** यूनान के मध्य-दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने देश मे 21 मई को आम चुनाव कराने की घोषणा की। देश मे पिछले महीने हुए एक ट्रेन हादसे के बाद पार्टी की लोकप्रियता घटी है। उत्तरी यूनान मे 28 फरवरी को हुए ट्रेन हादसे मे 57 लोग मारे गए थे। मित्सोताकिस ने टेलीविजन पर प्रसारित मंत्रिमंडल की एक बैठक मे कहा, देश को स्पष्टता चाहिए...हमारा काम अधिक साहसपूर्वक और बिना समझौतों के साथ जारी रहेगा। मित्सोताकिस चार साल के अपने कार्यकाल मे जनता के बीच लोकप्रिय रहे है। हालांकि हाल मे देश की सुरक्षा सेवाओं द्वारा वायरटैपिंग और रेल नेटवर्क सुरक्षा मे सरकार की विफलता जैसे आरोपो से उनकी छवि पर असर पड़ा है।

## चीन के नए राजदूत ने उ.कोरिया में कमान संभाली

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को कहा कि उत्तर कोरिया मे उसके नए राजदूत वांग याजुन ने अपना पदभार संभाल लिया है। इससे उत्तर कोरिया के कोविड-19 महामारी और अनाज की कमी से जूझने की खबरो के बीच उसके फिर से पटरी पर लौटने का संकेत मिलता है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित संवाददाता सम्मेलन मे कहा कि वांग याजुन पर्वतो और नदियो को साझा करने वाले निकट पड़ोसियो के बीच पारंपरिक मित्रता को बढ़ावा देने मे मदद करेंगे। चीन, उत्तर कोरिया की आर्थिक सहायता और राजनीतिक सहयोग का मुख्य स्रोत है लेकिन कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए लगाई यात्रा पाबंदियों के कारण दोनो के बीच संपर्क बाधित हुआ था।

## इक्वाडोर में भूस्खलन से सात लोगों की मौत, कई लापता

**एलौसी (इक्वाडोर)।** मध्य इक्वाडोर मे हुए भीषण भूस्खलन मे कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई मकान जमीदोज़ हो गए। पहले अधिकारियो ने 16 लोगों की मौत होने की जानकारी दी थी लेकिन राष्ट्रपति गुइलेरमो लासो ने सात लोगो के मारे जाने की पुष्टि की। उन्होने सोमवार रात को राजधानी क्विटो से करीब 137 मील दक्षिण मे स्थित एलौसी मे घटनास्थल का दौरा किया। अधिकारियो ने 62 लोगो के लापता होने की जानकारी दी है। इक्वाडोर के जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे पर्वत की ओर की जमीन धसने के बाद 30 से अधिक लोगो को बचाया गया। उसने बताया कि 23 लोग घायल हो गए है।

## सऊदी में बस दुर्घटनाग्रस्त, 20 लोगों की मौत

**रियाद (सऊदी अरब)।** दक्षिण पश्चिम सऊदी अरब मे खचाखच भरी बस एक पुल से टकराने के बाद पलट गई और उसमे आग लग गई। हादसे मे कम से कम 20 लोगो की मौत हो गई। सरकारी अल अखबारिया टीवी ने कहा कि दुर्घटना मे 29 अन्य लोग जख्मी भी हुए है। टीवी द्वारा प्रसारित दृश्यो मे दिख रहा है कि बस जलकर नष्ट हो गई है। चैनल की खबर के मुताबिक, यमन की सीमा से सटे असीर प्रांत मे यह हादसा बस के ब्रेक फेल होने (ब्रेक के काम नहीं करने) की वजह से हुआ।

# अपनी कूटनीति में विविधता लाना चाहता है सऊदी अरब

भाषा। ह्यूस्टन

**सऊदी अरब** ने हाल ही में ईरान के साथ सुलह समझौता किया और इसके लिए चीन को मध्यस्थ बनाया गया। इस तथ्य से कई अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक आश्चर्यचकित हैं। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर संयुक्त त्रिपक्षीय बयान नाम दिया गया है। इस पर 11 मार्च को बीजिंग में हस्ताक्षर किए गए थे और इसी के साथ रियाद एवं तेहरान के बीच राजनयिक संबंधों को बहाल करने की प्रक्रिया शुरू हुई। निम्र अल-निम्र को मौत की सजा दिए जाने के बाद जनवरी 2016 में प्रदर्शनकारियों ने ईरान में सऊदी दूतावास पर धावा बोल दिया था जिसके बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंध टूट गए थे। निम्र अल-निम्र एक प्रमुख सऊदी शिया मौलवी थे जिन्होंने अपने शिया अल्पसंख्यक समुदाय के साथ सऊदी अरब के व्यवहार की आलोचना की थी। सऊदी विदेश नीति के विश्लेषक के रूप में, मैंने देखा है कि ईरान और चीन के साथ इस तरह से जुड़ने का सऊदी अरब का निर्णय उसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों के व्यापक विविधीकरण का हिस्सा है जिसमें पिछले एक दशक में बदलाव आया है। सऊदी अरब और खाड़ी के अन्य देशों के भू-राजनीतिक रुझानों पर नजर रखने वाले पर्यवेक्षकों के लिए, चीन की मध्यस्थता वाला समझौता इस बदलाव में फिट बैठता है। शीत युद्ध के दौरान साम्यवाद-विरोधी खेमे का एक अहम हिस्सा होने और फारस की खाड़ी में अमेरिका नीत क्षेत्रीय सुरक्षा नेटवर्क से करीब से जुड़े रहने के बाद, सऊदी अरब अपनी विदेश नीति में अब गुटनिरपेक्ष रुख अपना रहा है। सऊदी लोग अमेरिकी साझेदारी पर सवाल उठाते रहे हैं। कहा जाता है कि अमेरिका और सऊदी अरब के संबंध अक्सर तेल के बदले सुरक्षा विषय पर केंद्रित रहे हैं जिसमें सउदी अरब तेल मुहैया कराता है वहीं अमेरिका सुरक्षा प्रदान करता है। वास्तव में, इन दोनों देशों के संबंध कहीं अधिक व्यापक आयाम वाले एवं जटिल रहे हैं। 1973 में अरब तेल प्रतिबंध में सऊदी अरब की भागीदारी या 2001 में 11 सितंबर के हमले में सऊदी नागरिकों की भागीदारी जैसी घटनाओं को लेकर कई बार संबंधों में काफी तनाव भी आया है। लेकिन 2010 के दशक में अरब जगत में बदलाव की बयार के बाद से अमेरिका-सऊदी संबंध बिगड़ गए हैं। खाड़ी नेताओं के बीच धारणा है कि 2011 में मिस्र की क्रांति के दौरान अमेरिका ने मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक की मदद नहीं की और इससे उन्हें गहरा झटका लगा। उन्हें डर है कि अमेरिका उन्हें भी वैसे ही छोड़ सकता है जैसे उसने 30 साल पुराने साथी मुबारक को छोड़ दिया था। यह स्थिति उस समय और जटिल हो गई जब ईरान-अमेरिका वार्ताओं में खाड़ी देशों को शामिल नहीं किया गया। शुरु में, 2013 में गुप्त द्विपक्षीय वार्ता हुई और बाद में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों के ढांचे के हिस्से के रूप में वार्ता हुई और इसे पी5 प्लस वन नाम दिया गया। इसमें सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों के अलावा जर्मनी को शामिल किया गया।

## अमेरिका के वित्त वर्ष 2024 के लिए एच-1बी वीजा की अधिकतम सीमा जितने आवेदन मिले



**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त वर्ष 2024 के लिए कांग्रेस द्वारा तय एच-1बी वीजा की अधिकतम सीमा जितने आवेदन मिल गए है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने यह जानकारी दी। अमेरिकी कांग्रेस ने एच-1बी वीजा के लिए अधिकतम संख्या 65,000 तय करने का फैसला किया था। एच-1बी वीजा, एक गैर-प्रवासी वीजा है जिसके तहत अमेरिकी कंपनियो को विदेशी कर्मचारियो को नियुक्त करने की अनुमति मिलती है। प्रौद्योगिक कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियो को नियुक्त करने के लिए इसी वीजा पर निर्भर करती है। यूएससीआईएस ने सोमवार को कहा कि उसे 2024 के वित्त वर्ष के लिए एच-1बी वीजा के पर्याप्त आवेदन मिल गए है। संघीय एजेंसी ने एक बयान मे कहा कि तय सीमा तक आवेदन स्वीकार किए गए। चयनित आवेदकों को इसकी जानकारी दे दी गई है कि वे एच-1बी वीजा के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू कर सकते है।

## अमेरिकाः विस्कॉन्सिन प्राथमिक विद्यालय ने बच्चों को रेनबोलैंड गीत पर प्रस्तुति देने से रोका

**मैडिसन (अमेरिका)।** विस्कॉन्सिन प्राथमिक विद्यालय के प्रशासकों ने पहली कक्षा के छात्रों को माइली साइरस और डॉली पार्टन के गीत रेनबोलैंड पर प्रस्तुति देने से रोकते हुए कहा कि यह गीत समलैंगिक समुदाय की स्वीकार्यता को बढ़ावा देता है और इससे विवाद भी खड़ा हो सकता है। वौकेशा में हेएर एलीमेंट्री स्कूल के छात्रों ने अपने स्प्रिंग कॉन्सर्ट के लिए रेनबोलैंड गीत पर प्रस्तुति देने की तैयारी की थी लेकिन स्कूल के अधिकारियों ने पिछले हफ्ते इसे स्वीकृत देने से इनकार कर दिया।जिले में रहने वाले माता-पिता का कहना है कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि गीत समलैंगिक समुदाय की स्वीकार्यता को बढ़ावा देता है और इसमें इंद्रधनुष का संदर्भ है। समलैंगिक समुदाय इंद्रधनुष (रंग) का इस्तेमाल अकसर प्रमुखता से अपने प्रदर्शनों में करते हैं।अधीक्षक जेम्स सेबर्ट ने फोक्स6 से कहा कि रेनबोलैंड गीत को प्रशासकों ने बच्चों की उम्र के हिसाब से उचित गीत न होने का हवाला देते हुए इस पर प्रस्तुति की अनुमति नहीं दी।

## कनाडा में गांधी की दूसरी प्रतिमा को क्षति पहुंचाई

**टोरंटो।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक विश्वविद्यालय परिसर में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षति पहुंचाए जाने की खबर है। यह घटना इस देश में गांधी की एक प्रतिमा को खालिस्तान समर्थकों द्वारा निशाना बनाए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को कहा कि ताजा घटना में, साइमन फ्रेजर विश्वविद्यालय में बर्नाबी परिसर के पीस स्क्वायर पर लगाई गई मूर्ति को क्षति पहुंचाई गई है।वाणिज्य दूतावास ने एक ट्वीट में कहा, हम शांति के अग्रदूत महात्मा गांधी जी की मूर्ति को क्षति पहुंचाने के जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करते हैं। बयान में कहा गया है, कनाडाई अधिकारियों से मामले की तत्काल जांच करने और अपराधियों को जल्द न्याय के कटघरे में लाने का अनुरोध किया जाता है। यह घटना खालिस्तान समर्थकों द्वारा 23 मार्च को कनाडा के ओंटारियो प्रांत के हैमिल्टन शहर में सिटी हॉल के पास महात्मा गांधी की एक प्रतिमा को विरूपित और स्प्रे-पेंट करने के बाद हुई है।पिछले साल जुलाई में, कनाडा के रिचमंड हिल स्थित एक विष्णु मंदिर के बाहर लगाई गई महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षति पहुंचाई गई थी, जिसकी टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कड़ी निंदा की थी।

## संयुक्त राष्ट्र ने नॉर्ड स्ट्रीम में विस्फोट की जांच का रूस का आग्रह ठुकराया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूस से, बाल्टिक सागर होते हुए यूरोप को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में हुए विस्फोट की जांच करने के रूस के आग्रह को सोमवार को नामंजूर कर दिया।रूस, चीन और ब्राज़ील ने रूस के आग्रह के पक्ष में मत दिया लेकिन सुरक्षा परिषद के अन्य सदस्य मतदान के दौरान गैर हाजिर रहे।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा किसी प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए यह जरूरी है कि उसके पक्ष में परिषद के 15 सदस्यों में से नौ का वोट मिले तथा किसी भी स्थाई सदस्य द्वारा वीटो का इस्तेमाल नहीं किया जाए। अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस परिषद के स्थाई सदस्य हैं। अमेरिका के उप राजदूत रॉबर्ट वूड ने कहा कि जब स्वीडन, डेनमार्क और जर्मनी मामले की व्यापक, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कर रहे हैं तब संयुक्त राष्ट्र द्वारा छानबीन की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच का यह आग्रह, मौजूदा राष्ट्रीय जांच के काम को बाधित करने और उनके किसी भी निष्कर्ष को पक्षपाती बताने का प्रयास है तथा यह मांग सच सामने लाने की कोशिश कतई नहीं है।

# बेल्जियम में आतंकवाद-रोधी छापेमारी में आठ व्यक्ति गिरफ्तार

भाषा। ब्रसेल्स

**बेल्जियम में** पुलिस अधिकारियों ने संभावित आतंकी हमलों को विफल करने के उद्देश्य से चलाए गए अभियान के तहत देशभर में आतंकवाद-रोधी छापेमारी के दौरान आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। संघीय अभियोजक कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एंटवर्प पुलिस ने एक जांच न्यायाधीश के अनुरोध पर सोमवार की रात मेर्कसेम, बोरगेरहौट, ड्यूरने, सिंट-जंस-मोलेनबीक और यूपेन में पांच जगह छापेमारी की। अभियोजक कार्यालय ने कहा कि पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन इसने इसका कोई ब्योरा नहीं दिया कि इस छापेमारी के दौरान क्या बरामद हुआ। अभियोजकों ने कहा, इसमें शामिल कम से कम दो लोगों पर बेल्जियम में आतंकवादी हमले की साजिश रचने का संदेह है। हमले का लक्ष्य अभी तक निर्धारित नहीं हो सका है। इस बीच, ब्रसेल्स पुलिस ने एक अलग मामले में ज़ेवेंतेम, मोलेनबीक-सेंट-ज्यां और शाएरबीक के आसपास के इलाकों में छापेमारी की और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अभियोजन कार्यालय के अनुसार, इन लोगों पर बेल्जियम में आतंकवादी हमले की साजिश रचने का भी संदेह है। कार्यालय ने कहा है, दोनों मामलों के बीच संबंध हैं, लेकिन आगे की जांच से पता चलेगा कि दोनों मामले किस हद तक एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। बेल्जियम के ब्रॉडकास्टर आरटीबीएफ ने बताया कि ब्रसेल्स और एंटवर्प के मामले शुरू में दो युवा वयस्कों पर केंद्रित थे, जिन पर हिंसक कट्टरवाद का संदेह था और जांच से दोनों के बीच संबंध का पता चला। यह गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब सात साल पहले शांतिकाल के दौरान बेल्जियम की धरती पर सबसे घातक हमलों को अंजाम देने वाले एक प्रकोष्ठ के संदिग्ध सदस्यों के खिलाफ बेल्जियम में मुकदमा चल रहा है।

# किम ने बमों के लिए परमाणु सामग्री का उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया

भाषा। सियोल

**उत्तर** कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपने परमाणु वैज्ञानिकों से बम बनाने के लिए परमाणु हथियारों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री का उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया है। सरकारी मीडिया में मंगलवार को यह खबर इस महीने कई मिसाइल परीक्षणों और किम के दुश्मनों के खिलाफ हथियारों के इस्तेमाल की बढ़ती धमकियों के बाद आई है। अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास और उत्तर कोरिया द्वारा हथियारों के परीक्षण से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने एक सरकारी परमाणु हथियार संस्थान में अधिकारियों तथा वैज्ञानिकों के साथ सोमवार को एक बैठक में तेजी से परमाणु शस्त्रागार का विस्तार करने के



अपने लक्ष्य को लेकर बम के लिए आवश्यक ईंधन का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और अपने परमाणु उद्योग को महत्वपूर्ण काम सौंपे हैं। हालांकि, अभी यह नहीं पता कि किस चीज का जिम्मा सौंपा गया है। एजेंसी द्वारा जारी तस्वीरों में किम एक हॉल में अधिकारियों से बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस हॉल में खाकी रंग के 10 कैप्सूल समेत विभिन्न प्रकार के हथियार रखे हुए दिखाई दिए।

# विदेशी एजेंट कानूनों की बढ़ती संख्या लोकतंत्र के लिए खराब

भाषा। मैसाचुसेट्स,

**काकेशस क्षेत्र** में स्थित पूर्व सोवियत राज्य जॉर्जिया की सत्तारूढ़ पार्टी ने मार्च की शुरुआत में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई दिन तक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों और झड़पों के बाद दबाव के आगे घुटने टेक दिए और विदेशी एजेंटों पर अपने प्रस्तावित कानूनों को आगे नहीं बढ़ाया।

लेकिन जब इस तरह के कानूनों की बात आती है, जो विदेशी वित्तपोषित मीडिया और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को लक्षित करते हैं, तो जॉर्जिया की पहल और उसके कानून को वापस लेने के इर्दगिर्द हंगामे और मीडिया के इस ओर ध्यान देने से एक बड़ी प्रवृत्ति छिपने वाली नहीं है। पिछले एक दशक से अधिक समय में दुनिया के अनेक देशों में इस तरह के कानून प्रभाव में आए हैं। चीन, भारत, कंबोडिया, ऑस्ट्रेलिया और युगांडा उन अनेक देशों में शामिल हैं जिनके कानून की किताबों में विदेशी एजेंट से संबंधित कानून हैं। जॉर्जिया के मसौदा कानूनों की वापसी के कुछ दिन बाद पॉलिटिको अखबार की खबर के अनुसार यूरोपीय संघ विदेशी एजेंट की अपनी खुद की पंजी बना रहा है। हाल के वर्षों में इन कानूनों को अपनाने की प्रेरणा बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनावों और घरेलू मामलों तथा जनमत पर विदेशी प्रभाव के बारे में राष्ट्रीय अधिकारियों की चिंताओं से उपजी है। विदेशी एजेंट कानूनों की व्याख्या और प्रयोग अलग-अलग अधिकार क्षेत्र में भिन्न होते हैं। लेकिन उन सभी में विदेशी वित्तपोषण या प्रभाव वाले संगठनों के पंजीकरण और उन्हें चिह्नित करने की अनिवार्यता होती है। कई मामलों में, उनकी गतिविधियों को अनुचित रूप से बंद कर दिया जाता है। विदेशी एजेंट करार दिए गए एनजीओ के साथ काम करने के मेरे अनुभव से देखा जाए तो इस तरह के कानूनों का उन संगठनों के खिलाफ औजार के रूप में इस्तेमाल होने की आशंका होती है जो मानवाधिकार और सामाजिक सहायता के लिए काम कर रहे हैं या सरकारी एजेंसियों की पारदर्शिता पर नजर रख रहे हैं। ऐसा कोई भी संगठन जो किसी भी तरह अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों में शामिल हो और किसी देश की सरकार उसे घरेलू नीतियों या जन धारणाओं को प्रभावित करने वाली संस्था के तौर पर देखे तो उसके विदेशी एजेंट करार दिए जाने का जोखिम होता है। जॉर्जिया में इस कानून के लागू होने के बाद विदेश से 20 प्रतिशत से अधिक अनुदान प्राप्त करने वाले एनजीओ और मीडिया संस्थानों को विदेशी प्रभाव वाले एजेंट के रूप में एक विशेष पंजी में दर्ज करना पड़ता। उन्हें वार्षिक वित्तीय लेखाजोखा दाखिल करना होता अन्यथा उन पर 9,500 डॉलर का जुर्माना लगता। जॉर्जिया के इस विधेयक को तैयार करने वाले लोगों ने इसकी तुलना अमेरिकी विदेशी एजेंट पंजीकरण कानून या (फॉरेन एजेंट रजिस्ट्रेशन एक्ट ... फारा) से की थी। लेकिन आलोचकों की दलील थी कि यह रूस के और अधिक दमनकारी विदेशी एजेंट कानून की नकल है। मानवाधिकार संगठनों ने कहा कि रूसी कानून से क्रेमलिन को एनजीओ तथा स्वतंत्र मीडिया के कामकाज को रोकने एवं असहमत नागरिकों को परेशान करने की अनुमति मिल जाती है।

● दुनिया के अनेक देशों में इस तरह के कानून प्रभाव में आए




**PUBLIC NOTICE**

It is hereby informed to the Public at large that my client Sh. Rajeev Sharma S/o Late P.L. Sharma R/o A/1-125 Ground Floor, Safdarjung Enclave, New Delhi-110029 has severed all relations with his son Abhinav Sharma and his wife Shivika Sharma due to their bad habits and my client has disowned and debarred his son, daughter-in-law and Grandson (Avian Sharma) from all movable and immovable properties. Anybody dealing with Abhinav Sharma and Smt. Shivika Sharma will do so at his/her/their own risk and responsibilities and my client not be responsible for any act, deed or dealing done by Sh. Abhinav Sharma and his wife.

**PURNIMA JAUHARI**
**Advocate-on-Record**
**337, New Lawyer's Chamber Supreme Court of India New Delhi Mob No: 9899506332**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Pinki Sharma** W/o Mr. Yogender Sharma who is purchasing the Third Floor, with roof rights of Residential Property No.27/5/1A (Old) and New No.VII/527, Area Measuring 40 Sq. Yds., Part of Khasra No.724, Situated in the Village Chandrawali @ Shahdara in the abadi of Jawala Nagar, Shahdara, Delhi; from Mr. Jagdish Kumar S/o Mr. Sant Lal, who is owner/attorney holder of the aforesaid property vide Regd. General Power of Attorney, Agreement to sell & WILL dated 27.12.2016 and intend to mortgage against the financial assistance from **Shubham Housing Development Finance Company Limited**. That the 1) Agreement to sell & 2) WILL both dated 27.12.2016 executed by Mr. Mangal Sain Kharbanda and Mr. Romi Kharbanda both sons of Mr. Gopal Dass Kharbanda in favour of Mr. Jagdish Kumar S/o Mr. Sant Lal are Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **15 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
136, Basement Floor, Uday Park,
near Mother Dairy, New Delhi -110049
Contact# 011-40046316

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहाँ है', जैसी है जो भी है तथा 'जो भी है वहाँ है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री मुकेश कुमार सिंह (कर्ज़दार), सुश्री कंचन देवी (सह-कर्ज़दार) QZJNK00005025598 | फ्लैट नंबर डी-2/209, दूसरी मंज़िल एलएचएस पोर्शन, खसरा नंबर 773, हूवर अपार्टमेंट, विस्तारित लाल डोरा आबादी, गांव बुरारी, दिल्ली। क्षेत्रफल 50.73 वर्ग मीटर | रु. 24,71,926/- (मार्च 24, 2023 तक) | रु. 18,10,000/- / रु. 1,81,000/- | अप्रैल 15, 2023 को दो. 02:30 बजे से दो. 04:30 बजे तक | मई 10, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मई 09, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **मई 09, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **मई 09, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **मई 09, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।


**तिथि : मार्च 29, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

भारत क्षेत्रीय सुरक्षा, रक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए

# अफ्रीकी देशों के साथ काम करना जारी रखेंगे : राजनाथ

**भाषा।** पुणे (महाराष्ट्र)



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता को बढ़ावा देने और रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अफ्रीकी देशों के साथ काम करना जारी रखेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत अफ्रीकी साझेदार देशों को उनके सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने सहित रक्षा संबंधी सभी मामलों में सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। सिंह दूसरे अफ्रीका-भारत संयुक्त अभ्यास एफइंडेक्स के इतर आयोजित भारत-अफ्रीका आर्मी चीफ्स कॉन्क्लेव के पहले संस्करण को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने कहा, हिंद महासागर से जुड़े समुद्री पड़ोसियों के रूप में, समुद्री सुरक्षा और हाइड्रोग्राफी (समुद्र, जलाशयों का सर्वेक्षण) और आतंकवाद तथा उग्रवाद का मुकाबला करने में हमारा सहयोग क्षेत्रीय शांति और समृद्धि के लिए आवश्यक होगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी राष्ट्र की प्रगति की पूरी क्षमता का तभी लाभ उठाया जा सकता है जब उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कॉन्क्लेव में थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और 31 अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अन्य सैन्य-असैन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।


रक्षा मंत्री ने कहा, भारत क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता को बढ़ावा देने और रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अफ्रीकी देशों के साथ काम करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत हाल के वर्षों में एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में उभरा है। सिंह ने कहा कि भारत में एक रक्षा निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाया गया है, जिसमें प्रचुर मात्रा में तकनीकी जनशक्ति का लाभ है। सिंह ने रक्षा उपकरणों और प्लेटफॉर्म के संदर्भ में क्षमता निर्माण को अपने अफ्रीकी भागीदारों के साथ भारत के सैन्य सहयोग का एक और महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने अफ्रीकी देशों को अपनी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को जानने के लिए भी आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, भारतीय रक्षा उद्योग आपकी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए आपके साथ काम कर सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, अफ्रीकी साझेदार देशों को अपनी रक्षा आवश्यकताओं को स्वदेशी रूप से पूरा करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से, भारत रक्षा निर्माण, अनुसंधान और विकास में अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान साझा करने को प्रतिबद्ध है।

सिंह ने कहा कि भारत अफ्रीकी देशों के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण देने और उन्हें 21वीं सदी की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने में सबसे आगे रहा है। उन्होंने एफइंडेक्स को क्षमता विकसित करने और आपसी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अफ्रीकी देशों पर भारत के निरंतर ध्यान का प्रतिबिंब बताया।

उन्होंने कहा, भारत और अफ्रीकी देशों के बीच संयुक्त अभ्यास सशस्त्र बलों को एक-दूसरे से सीखने और पारस्परिकता को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।

# परिवर्तन के लिए जिम्मेदार देश भारत के विकास को नहीं रोक सकते : यादव

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि भारत अपने लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने को लेकर अपने संसाधनों का इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र है और जलवायु परिवर्तन के लिए ऐतिहासिक रूप से जिम्मेदार देश इसके विकास को रोकने के लिए नहीं कह सकते हैं।

यादव ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ही जलवायु को लेकर न्यायसंगत व्यवस्था का पक्षधर रहा है, जिसका अर्थ है कि गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए सभी के पास संसाधनों की पहुंच है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने कहा, जब हम जीवाश्म ईंधन के उपयोग को रोकने की बात करते हैं। हम कहते हैं कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि अतीत में अपने विकास के लिए ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करने वाले देश हमसे अपने विकास को रोकने के लिए कहें। हम जलवायु परिवर्तन के अलावा जलवायु को लेकर न्यायसंगत व्यवस्था के भी पक्षधर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के लिए ऐतिहासिक रूप से जिम्मेदार देश यह तय नहीं कर सकते कि भारत अपनी आबादी की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग कैसे करे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अपनी पूरी आबादी की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना चाहता है और उनके जीवन में बदलाव लाना चाहता है।

उन्होंने कहा, हम किसी को अंधेरे में नहीं रखना चाहते हैं। हमारे पास यह तय करने की शक्ति और स्वतंत्रता है कि हम अपने ऊर्जा संसाधनों का उपयोग कैसे करें। यह हमारा निर्णय है। जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार लोग हमें यह नहीं बता सकते कि हमें क्या करने की जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि भारत सिर्फ जलवायु परिवर्तन की बात नहीं करता बल्कि इस चुनौती से निपटने के लिए कार्वाई भी करता है।

भूपेंद्र यादव ने कहा, हम उन देशों में से एक हैं जिन्होंने अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को अद्यतन किया है। हमने अपने दो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त किया- पहला, सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को कम करना और दूसरा नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य- 2015 में निर्धारित समय से पहले प्राप्त किया।

## क्विक न्यूज

### जीएसटी विधेयक का समर्थन करने का टीएमसी का फैसला गलत : ममता बनर्जी

**सिंगूर (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल को राज्य से वसूले जाने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के उसके हिस्से से वंचित कर रही है। साथ ही उन्होने कहा कि जीएसटी विधेयक को पारित कराने के लिए समर्थन देने का फैसला गलत था। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बनर्जी ने कहा कि उन्होने जीएसटी विधेयक को पारित करने का समर्थन यह सोचकर किया था कि इससे राज्यों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री, हुगली जिले में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 12,000 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण के लिए पथश्री-रास्ताश्री योजना के दौरान कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, जीएसटी (विधेयक) के पारित होने का समर्थन करना हमारी गलती थी। मैने सोचा था कि राज्यों को इससे लाभ होगा। लेकिन, केंद्र सभी कर वसूल रहा है और हमें इसका हिस्सा नही दे रहा है। गौरतलब है कि जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को पूरे देश मे लागू किया गया था। जिसका प्राथमिक उद्देश्य एक देश, एक कर था। उन्होंने राज्य पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 100 दिनो की कार्य योजना, ओबीसी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अन्य विभिन्न कार्यक्रमो के लिए धन जारी करना बंद कर दिया है।

### राज्यों में स्कूली शिक्षकों के रिक्त पद भरने के लिए स्वायत्त शिक्षक भर्ती बोर्ड गठित हों : समिति

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने राज्यो के स्कूलो मे शिक्षको के बड़ी संख्या मे रिक्त पदो पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि कई प्रदेशो मे इनकी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी नही है, ऐसे मे राज्य स्तर पर एक स्वायत्त शिक्षक भर्ती बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए। संसद मे मंगलवार को पेश भारतीय जनता पार्टी सांसद विवेक ठाकुर की अध्यक्षता वाली महिला, बाल विकास, खेल एवं शिक्षा संबंधी स्थाई समिति की स्कूली शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग की अनुदान की मांगो पर रिपोर्ट मे यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, समिति ने कहा कि राज्य स्तर पर स्कूलो मे शिक्षको के कुल 62,71,380 स्वीकृत पदो की तुलना मे 9,86,565 पद खाली है। इनमे से प्रारंभिक स्तर पर 7,47,565 पद रिक्त है जबकि माध्यमिक स्तर पर 1,46,334 पद और उच्च माध्यमिक स्तर पर 92,666 पद खाली है। समिति ने यह सिफारिश की है कि विभाग को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत परिकल्पित 30 :1 के छात्र-शिक्षक अनुपात को प्राप्त करने के लिए शिक्षण कर्मियो की रिक्तियो को संबद्ध ढंग से भरने के लिए राज्य सरकारो को प्रोत्साहित करना चाहिए।

### जून में होगी अखिल भारतीय विधायकों की बैठक

**नई दिल्ली।** भारतीय राजनीति में सबसे प्रभावशाली वक्ताओं के अभूतपूर्व सम्मलेन के लिए मंच तैयार है। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन भारत-एनएलसी भारत ने आधिकारिक तौर पर देश के हर कोने से 3,000 से अधिक विधायकों की देश की पहली और सबसे बड़ी सभा के लिए पंजीकरण खोला है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रमए 15 से 18 जून तक मुंबई में आयोजित किया जाने वाला है। यह देश भर के विधायकों के लिए एक समान मंच पर,समान रूप से एक साथ आने और आज हमारे देश के सामने आने वाले कुछ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने का एक अद्वितीय अवसर है। एनएलसी भारत ;एक ऐसा मंच है, जो भारत के प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से विधान सभाओं विधान सभा सदस्य और विधान परिषदों विधान परिषद सदस्यद्ध के सदस्यों को एकजुट करेगा। यह सम्मलेन निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी सराहनीय प्रथाओं को प्रदर्शित करने और नवीन विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक असाधारण मंच प्रदान करेगा। यह पहला एक ऐसा परिवर्तनकारी क्षण को आश्वस्त करता है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भारतीय राजनीति के पाठ्यक्रम को आकार देगा। यह सम्मेलन सांसदों को बातचीत करने और ज्ञान साझा करने का मौका प्रदान करेगा।

### पर्यावरण पर देंगे विशेष ध्यान

**मुंबई।** पर्यावरण से जुड़े सामान को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी के तहत भारत के सबसे बड़े और प्रमुख वाटर कंटेनर निर्माता पेक्सपो ने पर्यावरण के अनुकूल स्टेनलेस स्टील की पानी की बोतलों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की। जो प्रमाणित श्रेणी का एकमात्र उत्पाद है। पेक्सपो के निदेशक अनूप पाडिया, पेक्सपो के निदेशक वेदांत पाडिया और प्रसिद्ध अभिनेत्री अमीषा पटेल द्वारा उत्पादों का अनावरण किया गया। पेक्सपो ने एक लोगो और नई टैगलाइन हेल्थ ऑन द गो भी पेश की। जो प्लास्टिक को बदलने और सभी के लिए स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एक बेहतर कल के लिए पेक्सपो का समर्पण इसके ताज़ा रंग, रूप और अनुभव में परिलक्षित होता है। जो हरित उपयोगिता बनने के लिए ब्रांड की गतिशील क्षमता का प्रतीक है। पेक्सपो की अत्याधुनिक तकनीक और स्वचालन सुनिश्चित करता है कि इसके उत्पादों की गुणवत्ता बेजोड़ हो।

# अद्वितीय आध्यात्मिकता-केंद्रित दृष्टिकोण के कारण भारत हिंदू राष्ट्र

● मनमोहन वैद्य ऑर्गेनाइजर में कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा है कि राष्ट्र में जीवन के अद्वितीय आध्यात्मिकता-केंद्रित दृष्टिकोण को विश्व स्तर पर हिंदू नाम से जाना जाता है, जिसके कारण यह राष्ट्र हिंदू है और इसका विशेषण सनातन है।

साप्ताहिक ऑर्गेनाइजर में हिंदू राष्ट्र: राष्ट्र इज हिंदू एंड सनातन इट्स आब्जेक्टिव शीर्षक वाले एक लेख में आरएसएस के संयुक्त महासचिव मनमोहन वैद्य ने कहा कि यह शब्द हमारे द्वारा नहीं, बल्कि उन लोगों द्वारा गढ़ा गया था, जिन्होंने देश को बाहर से देखा और हमें हिंदू के रूप में अलग करने के लिए हमारी इस विशिष्टता को नाम दिया। उन्होंने कहा कि समाज के दृष्टिकोण और व्यवहार को सूचित करने वाली कई स्मृतियां समय-समय पर यहां रची गईं और वर्तमान समय के राष्ट्र के लिए, इसका संविधान नवीनतम स्मृति है।

उन्होंने लिखा, इस संविधान को संशोधित करने के प्रावधान केवल संविधान के भीतर ही निहित हैं। आधार को बनाए रखते हुए ढांचे को समय-समय पर पुनर्निर्मित करने की युक्ति भारत ने विकसित की है। इसने हमारी सभ्यता की निरंतरता और नवीनीकरण को सुनिश्चित किया है और यही वह है, जो इसे सनातन बनाता है।

हिंदू परंपरा में, स्मृति कई प्राचीन धार्मिक ग्रंथों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप देखने के आरएसएस के दृष्टिकोण की उसके आलोचकों द्वारा इसलिए आलोचना की जाती है कि इसका धर्मनिरपेक्षता के साथ तालमेल नहीं है। हालांकि, संगठन इस बात पर जोर देता है कि यह शब्द एक सांस्कृतिक राष्ट्र की कल्पना करता है और यह भू-राजनीतिक सीमाओं वाले देश से अलग है। इसी तरह की बात संगठन के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने हाल ही में एक कॉन्क्लेव के दौरान कही थी, जिसमें इसके वरिष्ठ पदाधिकारी और इसके संबद्ध निकायों के लोग शामिल हुए थे।

### वेब दूरबीन ने पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष दूर ग्रह के तापमान को मापने में मदद की

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष दूर एक एम-ड्वार्फ सिस्टम के ग्रह ट्रैपिस्ट-। बी के तापमान को मापने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की जेम्स वेब स्पेस दूरबीन (जेडब्ल्यूएसटी) का इस्तेमाल किया। तापमान 225 डिग्री सेल्सियस के करीब था। वेब दूरबीन, मिड-इन्फ्रारेड इंस्ट्रूमेंट (एमआईआरआई) के इन्फ्रारेड सेंसर द्वारा रिकॉर्ड किए गए ग्रह के थर्मल उत्सर्जन से तापमान का पता लगाया गया। अध्ययन में शामिल वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि एक्सोप्लैनेट (सौरमंडल के बाहर स्थित ग्रह जो किसी तारे की परिक्रमा करता है) में वायुमंडल है या नहीं। यह अध्ययन नेचर पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन के अनुसार, यह निर्धारित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है कि क्या ट्रैपिस्ट-। प्रणाली में ग्रह जीवन के लिए आवश्यक वायुमंडल को बनाए रख सकते हैं। ट्रैपिस्ट-। बी अपने सिस्टम का सबसे भीतरी ग्रह है जिसकी कक्षीय दूरी पृथ्वी की तुलना में सौवीं है और यह अपने तारे से चार गुना ऊर्जा प्राप्त करता है।

# बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर 3 ड्रोन मार गिराए, 10 किलो हेरोइन बरामद

**भाषा।** चंडीगढ़



**पंजाब** में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक ड्रोन को मार गिराया, जबकि दो अन्य पर गोलियां चलाईं, जिनका इस्तेमाल संभवत: हेरोइन की तस्करी के लिए किया जा रहा था। बीएसएफ के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सिलसिलेवार हुई इन घटनाओं में करीब 10 किलोग्राम हेरोइन, एक पिस्तौल, एक मैगजीन और आठ राउंड गोलियां बरामद की गई हैं। एक अन्य मामले में बीएसएफ के जवानों ने फाजिल्का जिले में सीमा बाड़ के पार हेरोइन का पैकेट फेंकने वाले बदमाशों पर गोलियां चलाईं।

बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षाबलों ने इस सिलसिले में दो लोगों को पकड़ा भी है। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि अमृतसर के राजाताल गांव में सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधि का पता चला और बीएसएफ जवानों ने उस पर गोलीबारी की। इसके बाद मंगलवार को इलाके की तलाशी के दौरान बल ने एक काले रंग का ड्रोन (एक डीजेआई मैट्रीस क्वाडकॉप्टर) बरामद किया। बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि ड्रोन से जुड़े एक बैग के अंदर पीले चिपकने वाले टेप में लिपटी हेरोइन का एक पैकेट पाया गया, जिसमें 2.6 किलोग्राम मादक पदार्थ था। अमृतसर के बचीविंड गांव में बीएसएफ ने सोमवार रात पाकिस्तान की तरफ से गांव में घुस रहे एक अन्य ड्रोन को मार गिराया।

बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि ड्रोन की तलाशी के दौरान एक पॉलिएस्टर बैग से तीन पैकेट में छिपाकर रखी गई तीन किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया। अमृतसर के हरदो रतन गांव में, बीएसएफ ने एक अन्य पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की और बाद में इलाके की तलाशी के दौरान हेरोइन के दो पैकेट (दो किलोग्राम वजन) बरामद किए।

### ईसाई पादरी का सर्वधर्म प्रार्थना के बीच दाह संस्कार किया गया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** अपनी तरह के पहले अनूठे मामले में इंदौर में 70 वर्षीय ईसाई पादरी का मंगलवार शाम सर्वधर्म प्रार्थना के बीच दाह संस्कार किया गया। चश्मदीदों ने यह जानकारी दी।

चश्मदीदों के मुताबिक, विश्व बंधुत्व और अनेकता में एकता की आध्यात्मिक विचारधारा पर काम करने वाली संस्था यूनिवर्सल सोलिडेरिटी मूवमेंट के संस्थापक फादर वर्गीज आलेंगाडन (70) का शहर के रामबाग मुक्तिधाम के विद्युत शवदाहगृह में अंतिम संस्कार किया गया। लम्बे समय तक आलेंगाडन की सहयोगी रहीं नीतू जोशी ने पीटीआई-भाषा को बताया, आलेंगाडन के दाह संस्कार से पहले, शवदाहगृह में ईसाई प्रार्थना के साथ ही गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय का पाठ भी किया गया।

उन्होंने बताया कि दाह संस्कार से पहले, ईसाई पादरी के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए शहर के रेड चर्च में रखा गया जहां आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में अलग-अलग समुदायों के लोग शामिल हुए। जोशी ने बताया, आलेंगाडन के पास उनके नाम से कोई धन-संपत्ति कभी नहीं रही।



एआईडीएमके के महासचिव पलानीस्वामी को लड्डू खिलाते कार्यकर्ता

# आरक्षण को लेकर हिंसक प्रदर्शन पर सियासी घमासान

● भाजपा, कांग्रेस ने लगाए एक दूसरे पर आरोप

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में शिवमोगा जिले के शिकारीपुरा में बंजारों के हिंसक प्रदर्शन को लेकर मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। हिंसक प्रदर्शन को लेकर दोनों दलों ने एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया।

शिकारीपुरा में सोमवार को उस समय चार पुलिस कर्मी घायल हो गए, जब बंजारा समुदाय के हजारों लोग अनुसूचित जाति (एससी) के आंतरिक आरक्षण पर राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। बाद में यह प्रदर्शन हिंसक हो गया।

पथराव में पूर्व मुख्यमंत्री और शिकारीपुरा के विधायक बी एस एदियुरप्पा के घर की कुछ खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने एदियुरप्पा के घर पर पथराव को भाजपा में आंतरिक साजिश से जोड़ा, जबकि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने यह कहते हुए पलटवार किया कि यह साबित करने के लिए सबूत हैं कि इसके पीछे कांग्रेस के लोग थे और हिंसा सुनियोजित थी। बोम्मई ने एक सवाल पर कहा, वह (शिवकुमार) क्या कह रहे हैं? कांग्रेस हर जगह साजिश कर रही है। स्थानीय स्तर पर जो लोग पकड़े गए हैं, वे सभी कांग्रेस से हैं। कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार का इस बारे में क्या कहना है?

मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस नेताओं का कृत्य कैमरे में दर्ज हो गया... (बंजारा) समुदाय के लोगों को कुछ पता नहीं था, उन्होंने (कांग्रेस) झूठी खबर फैलाई कि समुदाय को एससी सूची से हटा दिया जाएगा और उन्हें उकसाया गया। पिछली रात एक बैठक के बाद इसकी व्यवस्थित योजना बनाई गई थी। मैं जो कह रहा हूं, उसके सबूत हैं।

राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने भी आरोप लगाया कि कुछ दल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं और पुलिस घटना में शामिल लोगों से पूछताछ कर रही है।

उन्होंने कहा, शिकारीपुरा की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, कुछ लोगों द्वारा भड़काए जाने के कारण यह हुआ। कोई निर्दोष लोगों से इस तरह के कृत्यों में शामिल होने की उम्मीद नहीं कर सकता। मेरे पास जानकारी है कि इस घटना के पीछे कुछ राजनीतिक हित वाले लोग थे। इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। ज्ञानेंद्र ने कहा, चार से पांच अन्य मामलों में शामिल लोग इस घटना के पीछे हैं...निर्दोष लोगों को उकसाया गया...एदियुरप्पा के आवास पर, पुलिस पर पथराव करना सही नहीं है। सभी को शांति बनाए रखनी चाहिए। मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को एससी (लेफ्ट) के लिए 6 फीसदी, एससी (राइट) के लिए 5.5 फीसदी, स्पृश्यों (बंजारा, भोवी, कोरचा, कुरुमा आदि) के लिए 4.5 फीसदी और अन्य के लिए एक फीसदी आंतरिक कोटा की सिफारिश की थी।

# स्कूली बच्चों के भोजन में अधिक से अधिक मोटे अनाज को शामिल करें : संसदीय समिति

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद** की एक समिति ने सिफारिश की है कि केंद्र को पीएम पोषण योजना के तहत स्कूल जाने वाले बच्चों के आहार में अधिक बाजरा और मोटे अनाज शामिल करने चाहिए। समिति ने स्कूलों में छात्रों के नामांकन में हुई वृद्धि का उल्लेख किया और यह सिफारिश की कि शिक्षा मंत्रालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बजट आवंटन में आवश्यक वृद्धि करके छात्रों की बढ़ी हुई संख्या को पीएम पोषण योजना के तहत कवर किया जाए।

उन्होंने कहा, यह उत्साहजनक रूप से स्पष्ट है कि 2021-22 में बच्चों के नामांकन में 11.80 करोड़ से 12.21 करोड़ की वृद्धि हुई है।

समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, तदनुसार, समिति सिफारिश करती है कि विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नामांकित छात्रों की बढ़ी हुई संख्या भी पीएम पोषण योजना के दायरे में आए और बजट आवंटन, छात्र डेटा और नीति के दायरे में आवश्यक वृद्धि की जाए।

उसने सुझाव दिया है कि विभाग को एक स्वतंत्र एजेंसी के साथ समन्वय में एक नया सर्वेक्षण या मूल्यांकन करना चाहिए, विशेष रूप से योजना के तहत बाजरा (श्री अन्न) को शामिल करने के मद्देनजर, ताकि पीएम पोषण योजना को लगातार बेहतर तरीके से लागू किया जा सके और सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रासंगिक और वंचित पृष्ठभूमि के अधिक छात्रों को योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने में सहायक हो।

समिति ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण संबंधी लाभों की अधिकता के अलावा, मोटा अनाज पर्यावरण के लिए भी अच्छा है, क्योंकि इसे कम पानी में और कठोर जलवायु में भी उगाया जा सकता है। इसमें कहा गया है, यह पुरजोर सिफारिश की जाती है कि विभाग को पीएम पोषण योजना के तहत देश के स्कूल जाने वाले बच्चों के आहार में अधिक बाजरा और मोटे अनाज शामिल करने चाहिए।

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग पीएम पोषण योजना का संचालन करता है, जिसके तहत राज्यों को उनसे प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, कक्षा। से 8 तक के पात्र बच्चों और बालवाटिका (कक्षा। से नीचे) के पात्र बच्चों को एक गर्म पका हुआ भोजन प्रदान करने के लिए धन दिया जाता है।

### नकली दवा बनाने पर 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद

**नई दिल्ली।** घटिया गुणवत्ता वाली दवाओं के उत्पादन के खिलाफ कार्वाई के तहत, केंद्रीय और राज्य नियामकों ने 76 फार्मा कंपनियों का संयुक्त निरीक्षण किया और नकली तथा मिलावटी दवा बनाने को लेकर 18 कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिन में 20 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में ए निरीक्षण किए गए। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि घटिया दवाओं के निर्माण के खिलाफ विशेष अभियान के पहले चरण के तहत 76 कंपनियों के खिलाफ कार्वाई की गई है। उन्होंने कहा, नकली और मिलावटी दवाओं के उत्पादन को लेकर 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं... इसके अलावा, 26 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

# अनुराग ठाकुर ने पूछा, क्या राहुल कांग्रेस के षडयंत्र का शिकार हुए?

**भाषा।** नई दिल्ली


**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को सवाल किया कि जब राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराया गया था, तब कांग्रेस का कोई प्रतिष्ठित वकील उनकी मदद के लिए आगे क्यों नहीं आया, जिसके कारण उन्हें संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

ठाकुर ने टाइम्स नेटवर्क इंडिया डिजिटल फेस्ट को संबोधित करते हुए गांधी को बेलगाम और आदतन अपराधी करार दिया जिनके खिलाफ शीर्ष अदालत द्वारा आगाह किए जाने के बाद भी विभिन्न अदालतों में मानहानि के सात मामले दर्ज हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने में न तो सरकार और न ही लोकसभा सचिवालय की कोई भूमिका है। ठाकुर ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व कानून के अनुसार राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के एक मामले में दो साल कैद की सजा सुनाए जाने के साथ ही वह अयोग्य घोषित हो गए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आश्चर्य जताया कि कांग्रेस द्वारा राज्यसभा में भेजे गए किसी भी प्रतिष्ठित वकील से गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में कोई मदद क्यों नहीं मिल सकी। ठाकुर ने कहा, क्या यह जानबूझकर किया गया था? क्या कांग्रेस के भीतर कोई साजिश है? हैरानी की बात है कि वकीलों की एक पूरी फौज एक घंटे के अंदर पवन खेड़ा के बचाव में आ गई। कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में अदालत का रुख क्यों नहीं किया? यह एक बड़ा सवाल है।

केंद्रीय मंत्री ने सवाल किया, ए कौन लोग हैं जिन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची?



ठाकुर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में लिखित माफीनामा जारी करने के बाद भी राहुल गांधी समुदायों, लोगों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जैसे संगठनों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते रहे। उन्होंने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक पत्रकार को झिड़कने और उसके सवालों का जवाब ना देने के लिए भी गांधी की आलोचना की।

उन्होंने कहा, कुछ लोग नहीं जानते कि जिस पत्रकार से गांधी ने बात की थी, उसने 15 साल तक कांग्रेस पार्टी को कवर किया है। उन्होंने पत्रकार पर निशाना साधा और फिर भी वह प्रेस की स्वतंत्रता की बात करते हैं। ठाकुर ने इन बातों को खारिज कर दिया कि भाजपा गांधी को लेकर अति-जुनूनी है और कहा कि यह कांग्रेस है जो गांधी परिवार के प्रभाव से बाहर नहीं आ पाई है। उन्होंने कांग्रेस पर संसद के मौजूदा बजट सत्र को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया क्योंकि उसे एहसास हुआ कि भाजपा विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने वाली राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए उनसे माफी मांगने पर जोर देगी। मंत्री ने विपक्ष के इस आरोप को भी खारिज कर दिया कि भाजपा सरकार अडाणी मुद्दे पर बचाव की मुद्रा में है और कहा कि एसबीआई, एलआईसी, आरबीआई, सेबी ने इस मामले पर बयान दिए हैं।

# बुमराह बाहर, मुंबई को आर्चर से भरोसा

## नाकामी को पीछे छोड़ खिताब पर नजर

भाषा। मुंबई



**जसप्रीत** बुमराह के चोटिल होने के बाद मुंबई इंडियंस उम्मीद कर रही होगी कि जोफ्रा आर्चर अपने शानदार लय में रहे जिससे रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन टीम पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ कर खिताब के लिए मजबूत दावा पेश कर सके।
मुंबई इंडियंस की टीम 2022 में 14 मैचों में चार जीत के अंतिम स्थान पर रही थी। टीम आईपीएल के 15 सत्र में पहली बार अंतिम स्थान पर रही थी। मुंबई का खराब प्रदर्शन उनके कप्तान के सबसे खराब सत्र के साथ-साथ हुआ। आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार हुआ था जब रोहित ने सत्र में एक भी पचासा नहीं लगाया। वह इस दौरान 19.14 की औसत से 268 रन ही बना सके। बुमराह ने हालांकि अपने कौशल से 14 मैचों में 15 विकेट लेकर कुछ चमक बिखेरी लेकिन वह पीठ की सर्जरी के बाद आईपीएल 2023 में नहीं खेल पाएंगे। टीम को हालांकि जोफ्रा आर्चर के आने से गेंदबाजी में थोड़ी मजबूती मिलेगी लेकिन बुमराह की कमी को पूरा करना आसान नहीं होगा। टीम के पास अनुभवी स्पिनरों की भी कमी है। अनुभवी पीयूष चावला को फ्रेंचाइजी ने टीम में शामिल किया है लेकिन उन्होंने अपना आखिरी आईपीएल मैच दो साल पहले चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेला था। **मजबूती:**दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब एकदिवसीय श्रृंखला के बाद जोरदार वापसी करना चाहेंगे। वह टीम के मध्य क्रम में सबसे भरोसेमंद नाम भी है, जिसमें भारत के तिलक वर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस और ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं। रोहित विस्फोटक इशान किशन के साथ शीर्ष क्रम में पहली गेंद से ही आक्रामक रुख अपनाएंगे।, टिम डेविड से निचले क्रम में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। टीम ने इस साल की शुरुआत में नीलामी में कैमरून ग्रीन के लिए 17.50 करोड़ रुपए खर्च किए। वह टीम में कीरोन पोलार्ड की कमी को दूर करेंगे। पोलार्ड टीम के बल्लेबाजी कोच बन गए है।गेंदबाजी में टीम को आर्चर और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ पर निर्भर रहेगी। बेहरेनडॉर्फ ने बीग बैश लीग में 14 मैचों में 21 विकेट लेकर पर्थ स्कोचर्स को चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

**कमजोरी:**कप्तान रोहित पिछले कुछ समय से रन बना रहे है लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी मे नही बदल पा रहे है। टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन तैयार करने की होगी। बुमराह की कमी को पूरा करना आसान नही होगा। स्पिन गेंदबाजी भी टीम की कमजोर कड़ी है।
**मौका:**टीम अपने घरेलू मैदान का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। पिछले सत्र में टीम ने यहां चार मैचों में दो में जीत दर्ज की थी।टीम मे युवा खिलाड़ियों की भरमार है ऐसे में उनका भविष्य अच्छा है। ब्रेविस, वर्मा, स्टब्स, डेविड और यहां तक कि ग्रीन जैसे युवा प्रतिभा को खुद को साबित करने के लिए सब कुछ झोकना होगा।

**खतरा:**सूर्यकुमार यादव एकदिवसीय में लय में नहीं दिखे लेकिन टी20 प्रारूप में वह इसे पीछे छोड़कर दमदार वापसी करना चाहेंगे।टीम दो अप्रैल को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी तो रोहित और इशान पहली गेंद से ही आक्रामक रुख अपना चाहेंगे।

## भारत के स्कीट निशानेबाज विश्व कप में क्वालीफिकेशन की चुनौती पार नही कर सकें

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय स्कीट** निशानेबाज मंगलवार को साइप्रस के लारनाका में चल रहे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में महिला और पुरुष दोनों के व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वालीफिकेशन चरण से बाहर हो गए। राइजा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ रही। वह महिला स्कीट में 114 के स्कोर के साथ 16वें पायदान पर रही। परीनाज धालीवाल 108 अंक के साथ 33वें जबकि अरीबा खान (105 अंक) 40वें स्थान पर रहीं।

## विश्व युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप अगले साल क्रोएशिया में

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** क्रोएशिया का पोरेक शहर अगले साल आईबीए (विश्व मुक्केबाजी संघ) युवा विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा जबकि इस साल मैक्सिको में होने वाली आईबीए जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 15-16 आयु वर्ग के लिए प्रतियोगिता की वापसी होगी।

# आईपीएल के शुरुआती चरण में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ही खेलेंगे स्टोक्स

भाषा। मुंबई



**इंग्लैंड** के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के शुरूआती चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ही खेलेंगे। इस स्टार हरफनमौला को चार बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई नीलामी में 16 करोड़ 25 लाख रूपए में खरीदा था। वह पिछले सप्ताह भारत आ गए हैं और 31 मार्च से शुरू हो रहे इस सत्र के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार घुटने की चोट से उबरे स्टोक्स शुरूआत में बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगे। बाएं पैर के घुटने में लगातार चोटों से परेशान स्टोक्स न्यूजीलैंड दौरे पर दो टेस्ट में नौ ही ओवर डाल सके थे। इंग्लैंड को जून में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला खेलनी है। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने इसकी पुष्टि की कि स्टोक्स आईपीएल के शुरूआती मैचों में गेंदबाजी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा , मेरा मानना है कि वह बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगे। गेंदबाजी के लिए इंतजार करना होगा। चेन्नई और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के फिजियो उनके साथ काम कर रहे हैं। मेरा मानना है कि पहले कुछ मैचों में वह ज्यादा गेंदबाजी नहीं करेगा। उम्मीद है कि बाद में गेंदबाजी कर सके।

## पुजारा का विकेट रोमांचित करता है : हेजलवुड

भाषा। बेंगलुरू

**आस्ट्रेलियाई** तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना है कि चेतेश्वर पुजारा को गेंदबाजी करना काफी कठिन होता है और उनका विकेट लेकर गेंदबाज काफी रोमांचित महसूस करते हैं। पुजारा ने हाल ही में टेस्ट मैचों का शतक पूरा किया हालांक आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के चार मैचों में वह बड़ा स्कोर नहीं बना सके। उनका योगदान फिर भी उल्लेखनीय रहा। पैतीस वर्ष के पुजारा टेस्ट क्रिकेट में 102 मैचों में 19 शतक और 35 अर्धशतक समेत 7000 से अधिक रन बना चुके हैं। हेजलवुड ने मंगलवार को आरसीबी पॉडकास्ट में कहा , गेंदबाजों के लिए उनका विकेट काफी रोमांचित करने वाला है। उसे आउट करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इतने साल में उसे गेंदबाजी करने का मैने पूरा मजा लिया है।वह बेहतरीन बल्लेबाज है और आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के निशाने पर हमेशा रहता है।

## भारतीय भारोत्तोलक भराली बेदब्रत को विश्व युवा चैम्पियनशिप में कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलक भराली बेदब्रत ने अलबानिया में आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप में पुरूषों के 67 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीता। 15 वर्ष के इस भारोत्तोलक ने 267 किलो वजन उठाया। आर्मेनिया के सेरिओजा बी को स्वर्ण और सउदी अरब के मोहम्मद अल मरजोक को रजत पदक मिला।

## न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे धुला

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैड और श्रीलंका के बीच दूसरा एक दिवसीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण मंगलवार को रद्द कर दिया गया। दिन भर हुई भारी बारिश के कारण मैदान पर कवर बिछे हुए थे और जगह जगह पानी भर गया था। अंपायरों ने दोपहर 4 बजकर 25 मिनट पर मैदान के मुआयने के बाद मैच रद्द करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड तीन मैचो की श्रृंखला मे पहला मैच 198 रन से जीतकर आगे है।

## पाक ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

**शारजाह।** पाकिस्तान ने तीसरा और आखिरी टी20 मैच 66 रन से जीतकर अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने से रोक दिया। पाकिस्तान ने सात विकेट पर 182 रन बनाए और बाद में अफगानिस्तान को आठ गेंद बाकी रहते 116 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान के अंतरिम कप्तान शादाब खान और युवा तेज गेंदबाज इहसानुल्लाह ने छह विकेट लिए। शादाब टी20 में 100 विकेट लेने वाले पाकिस्तान के पहले पुरुष क्रिकेटर बन गए।

## कपिल को अमेरिका में क्रिकेट के लोकप्रिय होने की पूरी उम्मीद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका मे क्रिकेट भले ही अभी शैशवास्था मे है लेकिन महान हरफनमौला कपिल देव को उम्मीद है कि भविष्य मे यहां यह खेल नई ऊंचाइयों को छुएगा। भारतीय अमेरिकी यूनिटी क्रिकेट लीग के लांच के मौके पर यहां एक कार्यक्रम मे उन्होने कहा , मुझे उम्मीद है कि एक दिन अमेरिका इस खेल को उस स्तर पर ले जाएगा जो किसी देश ने नही देखा होगा।

## मोरक्को के बाद अल्जीरिया ने भी अफ्रीकी कप के लिए क्वालीफाई किया

**केपटाउन।** स्ट्राइकर बगदाद बूनेजा के गोल की मदद से अल्जीरिया ने नाइजर को।-0 से हराकर अफ्रीकी कप आफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया जो अगले साल आइवरी कोस्ट मे होगा। इससे पहले विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली मोरक्को भी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। बगदाद ने छठे मिनट मे यह गोल किया जो निर्णायक साबित हुआ। ग्रुप एफ से दूसरे क्वालीफाइंग स्थान के लिए तंजानिया, नाइजर और युगांडा के बीच टक्कर है।

## एमबाप्पे की फ्रांस ने जीत के साथ आगाज किया

**जिनेवा।** काइलियान एमबाप्पे की कप्तानी वाली फ्रांस टीम ने यूरोपीय फुटबॉल क्वालीफायर में आयरलैंड को। . 0 से हराकर शानदार शुरूआत की। फ्रांस के लिए 50वें मिनट में बेंजामिन पावार्ड ने गोल किया। अन्य मैच मे सर्बिया ने दुसान ब्लाहोविच के दो गोल की मदद से मोंटेनीग्रो को 2-0 से हराया। वही पोलैंड ने रॉबर्ट लेवांडोवस्की के गोल की मदद से अलबानिया को।-0 से मात दी।

## बजाज ने ऐस की मदद से खेला 65 का कार्ड

**बेंगलुरु।** भारतीय गोल्फर दिव्यांशु बजाज ने मंगलवार को केजीए चैलेंज के शुरुआती दौर मे ऐस (एक शॉट मे गेंद को होल मे पहुंचाना) की मदद से सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज जर्मनी क माइकल हिरमेर से एक शॉट पीछे है।

# नेतृत्व कौशल साबित करना चाहेंगे मार्कराम

## मयंक, सुंदर और उमरान पर होगा एचआरएच का दारोमदार

भाषा। नई दिल्ली

हैदराबाद सनराइजर्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सत्र में कप्तान एडेन मार्कराम और कोच ब्रायन लारा की देखरेख में पिछले कुछ सत्र के लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़ना चाहेगी। आईपीएल का आगामी सत्र 31 मार्च से शुरू हो रहा है। एसआरएच की टीम दो अप्रैल को घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। मार्कराम की अगुवाई में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम पहली बार आयोजित एसए20 लीग का खिताब जीतने में सफल रही। आईपीएल में उनके पास अपने नेतृत्व कौशल को साबित करने की चुनौती होगी। एसआरएच की टीम हालांकि लगातार तीसरे साल अपने कप्तान को बदल रही है। टीम 2021 में तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही थी जबकि 2022 में 10 टीमें में उसने आठवां स्थान हासिल किया था। साल 2016 में खिताब जीतने के बाद, एसआरएच के लिए सबसे बड़ा मुद्दा टीम की कप्तानी रही है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और न्यूजीलैंड के करिश्माई बल्लेबाज केन विलियमसन को पिछले दो सत्र में टीम की हार की कीमत चुकानी पड़ी थी।
**मजबूती:** एसआरएच ने अपने शीर्ष क्रम को मजबूती प्रदान करने के लिए भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के अलावा इंग्लैंड के आक्रामक युवा खिलाड़ी हैरी ब्रुक को टीम में शामिल किया है।ब्रुक को इंग्लैंड क्रिकेट का भविष्य माना जा रहा है और उन्होंने 99 टी20 मैचों में 148.32 की स्ट्राइक रेट से 2,432 रन बनाए है।लारा पिछले सत्र में टीम के रणनीतिक सलाहकार और बल्लेबाजी कोच थे लेकिन इस सत्र में वह टॉम मूडी की जगह मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे।टीम की बल्लेबाजी क्रम लंबी है और इसमें विकल्प की कमी नहीं है। मयंक, अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी शीर्ष क्रम में होंगे जबकि मध्यक्रम में मार्कराम, ब्रुक और ग्लेन फिलिप्स या हेनरिच क्लासेन को जगह मिलने की संभावना है। इसके साथ ही वाशिंगटन सुंदर और मार्को जानसेन भी तेजी से रन बनाने में माहिर है। एचआरएच के पास एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण भी है। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार के अलावा टीम में उमरान मलिक, जानसेन, टी. नटराजन और कार्तिक त्यागी भी हैं।

**टीम:** अब्दुल समद, ऐडन मार्कराम (कप्तान), राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को जानसेन, वाशिंगटन सुंदर, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, अकील हुसैन, हेनरिच क्लासेन, अनमोलप्रीत सिंह, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, मयंक डागर, समर्थ व्यास, सानवीर सिंह, उपेंद्र सिंह यादव, नीतीश कुमार रेड्डी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अग्रणी बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने का अवसर है।




अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने हाल के दिनों में काफी प्रभावित किया है।
**कमजोरी:** हैदराबाद की टीम के पास स्पिन-गेंदबाजी में ज्यादा विकल्प नहीं हैं। इंग्लैंड के अनुभवी आदिल रशीद को सुंदर, मार्करम, अभिषेक और मयंक मारकंडे का साथ चाहिए होगा। मयंक अग्रवाल और राहुल त्रिपाठी के अलावा टीम के पास शीर्ष क्रम में अनुभवी भारतीय बल्लेबाज नहीं है। अभिषेक शर्मा के लिए 2022 का सत्र ठीक-ठाक रहा था तो वहीं अब्दुल समद और अनमोलप्रीत सिंह प्रभावित करने में नाकाम रहे।
**मौका:** यह मार्करम के लिए अपने नेतृत्व कौशल को साबित करने और दक्षिण अफ्रीका का यह क्रिकेट यह साबित करना चाहेगा कि एसए20 का खिताब कोई तुक्का नहीं था।यह टूर्नामेंट मयंक, उमरान, सुंदर और टी. नटराजन को राष्ट्रीय टीम में अपनी दावेदारी दिखाने का मौका भी देगा।
**खतरा:**टीम में अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों की कमी है। ऐसे में मयंक या त्रिपाठी के चोटिल होने पर शीर्ष क्रम में विकल्प की कमी होगी। अनमोलप्रीत, नीतीश रेड्डी, उपेंद्र यादव, समद, मयंक डागर, विवरांत शर्मा, सानवीर सिंह और समर्थ व्यास जैसे खिलाड़ियों के पास शीर्ष स्तर के क्रिकेट का अनुभव नहीं है।टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने के लिए फिलिप्स, क्लासेन, ब्रुक और मार्कराम जैसे विदेशी खिलाड़ियों पर निर्भर हैं।

# बीच के ओवरों में विकेट लेना जरूरी: बोलिस

## आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने के साथ दे ध्यान

भाषा। नई दिल्ली

**पंजाब किंग्स** के नए कोच ट्रेवर बेलिस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बल्लेबाजी के दौरान आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने और गेंदबाजी के दौरान बीच के ओवरों में अधिक विकेट चटकाने जैसे पहलुओं में सुधार करना चाहते हैं। आईपीएल के पिछले सत्र में पंजाब की टीम छठे पायदान पर रही थी। टीम सिर्फ एक बार 2014 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। बेलिस विश्व कप विजेता कोच है और उनके मार्गदर्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के दो खिताब जीते है। पंजाब किंग्स को उम्मीद है कि उनके आने से टीम के प्रदर्शन में निरंतरता आएगी। शिखर धवन, कगिसो रबाडा, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन और अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी से पंजाब की टीम कागजों पर मजबूत दिख रही है। टीम ने कुरेन को इस साल की शुरुआत में हुई नीलामी में रिकॉर्ड 18.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऑस्ट्रेलिया के 60 वर्षीय कोच ने पीटीआई-भाषा से आईपीएल की तैयारियों और खिलाड़ियों से उनकी अपेक्षाओं के बारे में बात की। बेलिस ने कहा, पिछले साल हमें ऐसे बल्लेबाजों की कमी खली थी जो आखिरी ओवरों में तेजी से रन बना सके। यही कारण था कि हमने सैम कुरेन जैसे युवा हरफनमौला को टीम में शामिल करने का फैसला किया। उससे मध्यक्रम की बल्लेबाजी मजबूत होगी और वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज भी है। उन्होंने कहा, बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से, हम चाहते हैं कि शीर्ष क्रम के खिलाड़ी 70-80 रन की पारी खेले, जिससे मध्य क्रम का काम आसान हो जाएगा। पंजाब किंग्स की टीम मोहाली में अभ्यास कर रही है जहां केकेआर के खिलाफ टीम अपना शुरुआती मुकाबला खेलेगी।
बेलिस टीम में दबाव मुक्त माहौल बनाने के लिए काम कर रहे हैं क्योंकि सफलता के लिए यह जरूरी है।उन्होंने कहा, उन्हें इस खेल से लगाव है इसलिए मैं चाहता हूं कि वे खेल को उसी अंदाज में खेले जिस चीज के लिए वे इससे जुड़े थे। उन्होंने कहा, यह सफलता की गारंटी नहीं देता है लेकिन हम इसका लुत्फ उठाएंगे और अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलेंगे लेकिन जब हमें जरूरत होगी तो हम अभ्यास के दौरान कड़ी मेहनत करेंगे। गेंदबाजी के नजरिए से देखे तो अगर आप बीच के ओवरों में विकेट चटकाते है तो आपको हराना काफी मुश्किल होगा। बीच के ओवरों में विकेट निकालना काफी जरूरी है।




एक कार्यक्रम के दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी

## प्रियांशु मुख्य ड्रा में, ध्रुव-अर्जुन की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में

**मैड्रिड।** भारत के प्रियांशु राजावत ने मंगलवार को यहां पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में दो शानदार जीत दर्ज कर स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। दुनिया के 60वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के एलेक्स लैनियर को 21-18 18-21 21-15 से हराने से पहले अल साल्वाडोर के उरीएल फ्रांसिस्को कैनजुरा अर्टिगा को 21-18 18-21 21-15 से मात दी। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की तेजी से उभरती भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली को 16-21 21-17 21-12 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मीराबा लुवांग मैसनम, हालांकि क्वालीफायर के शुरुआती दौर को पार नहीं कर सके।

# सिद्धार्थ रावत प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## आईटीएफ मैसुरु ओपन टेनिस

भाषा। मैसुरु




**भारत के सिद्धार्थ** रावत ने आईटीएफ मैसुरु ओपन में मंगलवार को यहां अमेरिका के डाली ब्लांच को 6-3, 6-2 से हराकर पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सातवीं वरीयता प्राप्त रावत अपनी सर्विस का शानदार इस्तेमाल किया और आसान जीत दर्ज की। रावत के अलावा इशाक इकबाल, फैसल कमर और करण सिंह भी अंतिम 16 दौर में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल रहे। इशाक ने आर सूरज प्रबोध को 7-6, 6-0 से, फैसल ने ऋषि रेड्डी को 6-।, 6-। से और करन ने कजाकिस्तान के ग्रिगोरिया लोमाकिन को 6-3, 3-6, 7-6 से मात दी।
पुरुष युगल में बी ऋत्विक चौधरी और निकी पुनाचा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस जोड़ी ने एसडी प्रज्वल देव और जी साई कार्तिक रेड्डी की हमवतन भारतीय युगल को मुश्किल मुकाबले में 6-7, 7-6, 10-7 से शिकस्त दी। परीक्षित सोमानी और मनीष सुरेशकुमार की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने भी तुषार मदान और लोहितक्षा बद्रीनाथ की साथी भारतीय जोड़ी पर 6-2, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।

## सिंधू विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर



**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह स्विस ओपन में महिला एकल खिताब का बचाव करने में नाकाम रहने के बाद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) रैंकिंग में दुनिया की शीर्ष 10 स्थान से बाहर हो गईं। सिंधू चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रही। वापसी के बाद वह लय हासिल करने में नाकाम रही। हैदराबाद की 27 वर्षीय खिलाड़ी 60,448 अंकों के साथ दो पायदान नीचे 11वें स्थान पर खिसक गई है। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू की सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग दो रही है। वह नवंबर 2016 से शीर्ष 10 में बनी हुई थी। वह पहली बार शीर्ष 10 में अगस्त 2013 में पहुंची थी। पुरुष एकल में एचएस प्रणय विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर कायम हैं। जबकि किदांबी श्रीकांत एक पायदान गिरकर 21वें स्थान पर आ गए हैं। लक्ष्य सेन 25वें स्थान पर हैं।

# घूमते पहियों पर सवार खिलाड़ी लिख रहे हौसले की नई कहानियां

## व्हीलचेयर टेनिस

भाषा। इंदौर (मध्य प्रदेश)



**बेंगलुरु के** 27 वर्षीय मधुसूदन एक हादसे के कारण अपने दोनों पैर गंवा कर कभी मायूस हो चुके थे, लेकिन व्हीलचेयर टेनिस को लेकर उनके जुनून ने उनकी जिंदगी को नए मायने दे दिए हैं। मधुसूदन, अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित पहली राष्ट्रीय व्हीलचेयर टेनिस स्पर्धा में भाग ले रहे 30 खिलाड़ियों में शामिल हैं। सोमवार (27 मार्च) से शुरू हुई यह प्रतियोगिता शुक्रवार (31 मार्च) तक चलेगी जिसमें चार महिलाएं भी हिस्सा ले रही हैं। बेंगलुरु में एक बहुराष्ट्रीय बैंक के दफ्तर में काम करने वाले मधुसूदन ने पीटीआई-भाषा को बताया, वर्ष 2008 के दौरान एक हादसे के चलते मेरे दोनों पैर कट गए थे। हादसे के बाद मैं तीन साल तक अपने घर से बाहर नहीं निकला था, लेकिन बाद में मुझे अहसास हुआ कि अगर मैं यूं ही बैठा रहा, तो कुछ नहीं होने वाला। फिर मैं घर से बाहर निकला और अपनी पढ़ाई पूरी की। मधुसूदन बताते हैं कि वह एक बार बेंगलुरु में व्हीलचेयर टेनिस स्पर्धा देखने गए थे और तब से इस खेल के मुरीद हो गए। उन्होंने कहा, मैं कुछ अंतरालों के साथ पिछले सात साल से व्हीलचेयर टेनिस का अभ्यास कर रहा हूं। मैं इस खेल को इतना पसंद करता हूं कि मुझे लगता है कि मैं इससे कभी संन्यास नहीं लूंगा। मधुसूदन की तरह मुंबई के 46 वर्षीय उद्यमी मितेश भी व्हीलचेयर टेनिस के दीवाने हैं। मितेश ने बताया कि वह केवल छह महीने के थे, तब उनके दोनों पैरों में पोलियो हो गया था जबकि उन्हें इस बीमारी से बचाव की खुराक भी दी गई थी।

## सिटसिपास ने मियामी ओपन में पहला मैच जीता

**मियामी गार्डन्स।** तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास ने चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को 6-3, 4-6, 6-.4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। महिला वर्ग में 2019 की अमेरिकी ओपन चैम्पियन कनाडा की बियांका आंद्रिस्कू दाहिने पैर में चोट के कारण व्हीलचेयर से कोर्ट से बाहर गई। उन्हें 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंद्रोवा के खिलाफ मैच के दूसरे सेट में चोट लगी थी। सिटसिपास का सामना अब कारेन खाचानोव से होगा जिसने चेक गणराज्य के जिरि लेहेस्का को 6-2, 6-4 से मात दी। अर्जेंटीना के सेरूंडोलो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6-2, 7-5 से हराया। अब उनका सामना इटली के सोनेओग से होगा जिसने फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 6-4 से मात दी। अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स ने फ्रांस के ग्रेगोइर बारेरे को 6-3, 7-6 से हराया। वहीं फ्रांस के केंटिन हेलिस ने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 7-6, 6-3 से परास्त किया। महिला

# मून डे सुंग बने स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के ब्रांड एम्बेसडर



**लखनऊ।** कोरियाई मार्शल आर्ट ताइक्वांडो के भारत में प्रचार-प्रसार और एजुकेशनल ताइक्वांडो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ल्ड ओलंपिक ताइक्वांडो फेडरेशन ने मंगलवार को स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के साथ एमओयू किया। इस एमओयू के चलते ताइक्वांडो खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे। इसके साथ ही भारत में ग्रेटर नोएडा में ताइक्वांडो सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस फॉर साउथ एशिया स्थापित किया जायेगा। इसके अलावा विश्वविद्यालयों में ताइक्वांडो को शिक्षा के रूप में जोड़ने के लिए काम किया जायेगा जहां खेल के साथ ताइक्वांडो के परम्परागत मूल्यों को संजोने पर भी ध्यान दिया जायेगा । इस उद्देश्य के लिए वर्ल्ड ओलंपिक ताइक्वांडो फेडरेशन के इंडिया ऑफिस स्थापित करने की घोषणा की गयी जिसके चेयरमैन ग्रैंड मास्टर अभय सिंह राठौर 8 डानए अमेरिका होंगे जबकि आनंद किशोर पाण्डेय महासचिव का दायित्व निभाएंगे। आज एमओयू पर स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक आनंद किशोर पाण्डेय व प्रोफेसर मून डे सुंग ने ग्रैंड मास्टर जून ली 9 डान अमेरिकाए ग्लोबल स्पोक्सपर्सन कुक्कीवानए साउथ कोरियाद्ध और ग्रैंड मास्टर अभय सिंह राठौर 8 डान अमेरिका की मौजूदगी में हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा. आनन्देश्वर पांडेय और कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बधाई देते हुए खेल व खिलाड़ियों की भलाई के लिए की गयी इस पहल की सराहना की।